www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 95 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भाजपाइयों के पास लगता है कोई काम धाम नहीं रह गया है। खामखाँ दूसरे के फटे में टांग अड़ाते घूमते रहते हैं। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास में कथित मारपीट की घटना को लेकर भाजपाई सड़क पर उतर आए हैं। स्वाति मालीवाल महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। वह अपनी लड़ाई खुद लड़ लेगी भाजपाइयों को परेशान होने की क्या जरूरत है? आम आदमी पार्टी में ऐसी घटनाएं आम बात है। इसी वजह से तो एक और सांसद राघव चड्ढा लापता हैं। वे दिल्ली आएंगे तो शायद वो भी कूटे जाएंगे।

बाघिन गौरी ने अपने चारों शावकों को दबाकर मार डाला

- रांची से 15 किमी दूर बिरसा जैविक उद्यान में हुई घटना
- छह साल पहले छत्तीसगढ़ से झारखंड ले जाई गई थी बाघिन

रायपुर/रांची/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से छह साल पहले झारखंड ले जाई गई बाघिन गौरी ने अपने चार शावकों को दबाकर मार डाला। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 15 किमी दूर बिरसा जैविक उद्यान में बाघिन ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि बच्चे मां के बेहद करीब चले गए थे, जिससे दबने से चारों की जान चली गई।

गौरतलब है कि बाघिन गौरी ने 10 मई की आधी रात के करीब चार बच्चों को जन्म दिया था। बताया जा रहा है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

करवट ली तो बाघिन के नीचे आ गए शावक

बिरसा जैविक उद्यान प्रबंधन की मानें तो जन्म के बाद सभी नवजात मां के काफी करीब आ गए। जब मां ने करवट बदली तो सभी शावक उसके नीचे दब गए।चिड़ियाघर के पशुचिकित्सक ओपी साहू के हवाले से बाघिन गौरी ने 10 मई को चार शावकों को जन्म दिया, लेकिन उसने नवजात शावकों को पलट दिया और मां के वजन के कारण चारों शावकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, मां को बच्चे की देखभाल का अनुभव नहीं था। गौरी समझ नहीं पाई कि उसने अपने नवजात शावकों पर पलट गई है। ग्यारह मई को मां के वजन के नीचे दम घुटने से शावकों की मौत हो गई।

7 घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के मंत्री आलमगीर ईडी की गिरफ्त में

रांची, (वार्ता)। ईडी ने बुधवार को 7 घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। आलमगीर आलम को आज ईडी ऑफिस में बने हाजत में रखा जाएगा। मेडिकल जांच की जाएगी। इसके बाद उन्हें गुरुवार को 10 बजे पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान ईडी कोर्ट से रिमांड की मांग करेगी। ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को भी उनसे 9 घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने उन्हें आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए 12 मई को नोटिस भेजा था। आलमगीर आलम झारखंड की महागठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे से मंत्री हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मनी लॉन्ड्रिंग के एक अन्य मामले में ईडी की गिरफ्त में हैं।

कम हुई बेरोजगारी दर, जनवरी से मार्च 2024 की तिमाही में 6.7% पर

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश में जनवरी से मार्च 2024 की तिमाही में बेराजगारी की दर 6.7 प्रतिशत दर्ज की गयी है जबकि इससे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 6.8 प्रतिशत रहा था। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को यहां रोजगार के तिमाही आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। अक्टूबर से दिसंबर 2023 की तिमाही में बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत रही थी। मंत्रालय ने बताया है कि बेरोजगारी की दर मापने के लिए पूरे देश में सर्वेक्षण किया जाता है। आलोच्य तिमाही में 5706 इकाईयों को शामिल किया गया। इसके अलावा 44 हजार 598 परिवारों के एक लाख 69 हजार 459 लोग भी सर्वेक्षण में शामिल रहे।

स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट पर हमला, सीने और पेट में लगी गोली

ब्राटीस्लावा, (ए.)। स्लोवाकिया के प्रोधानमंत्री रॉबर्ट फिको को गोली मार दी गई है. वह घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना राजधानी ब्रैटिस्लावा से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। हादसे के बाद पीएम को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उन्हें अब राजधानी ब्रैटिस्लावा के अस्पताल ले जाया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फ़िको एक गोलीबारी में घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बताया जा रहा है कि उनका इलाज चल रहा है।

संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध, अविलंब रिहा करें : सुको

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 'न्यूज़क्लिक' के प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तारी और उसके बाद हिरासत (रिमांड) को अवैध घोषित करते हुए उन्हें अविलंब रिहा करने का बुधवार को आदेश दिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पुरकायस्थ की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने यह आदेश पारित करते हुए इस बात पर भी गौर किया कि आरोपी को उनकी गिरफ्तारी के आधार का खुलासा नहीं किया गया था।

नागरिकता संशोधन नियम में पहली बार 14 को मिली भारत की नागरिकता

केन्द्रीय गृह सचिव ने छह समुदायों के लोगों को प्रमाण पत्र देकर इसकी शुरूआत की

नई दिल्ली, (वार्ता)। सरकार ने धार्मिक उत्पीड़न के कारण पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान और बंगलादेश से आकर यहां बसने वाले छह समुदायों के व्यक्तियों को नागरिकता (संशोधन) नियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र बांटने का काम शुरू कर दिया है। केन्द्रीय गृह सचिव ने नागरिकता प्रमाण पत्र देकर बुधवार को इसकी शुरूआत की।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि गत मार्च में सीएए से संबंधित अधिसूचना जारी किये जाने के बाद योग्य लोगों को नियमों के अनुसार नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू हो गया है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यहां कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डाक विभाग के सचिव, खुफिया विभाग के निदेशक और भारत के महापंजीयक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

सरकार ने गत 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन के तरीके, जिलास्तरीय समिति द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़गानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसम्बर 2014 तक भारत आ गए थे।

जांच के बाद लिया गया निर्णय

निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

समितियों ने किया दस्तावेजों का सत्यापन

अधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों, डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों की जांच के बाद, समिति ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति को भेज दिया है। आवेदनों की जांच पूर्णतः ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है।

ग्वालियर की राजमाता 70 वर्षीय माधवी राजे सिंधिया का निधन

- पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की पत्नी व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां थीं

नई दिल्ली, (वार्ता)। ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां श्रीमती माधवी राजे सिंधिया का आज सुबह यहां निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। श्री सिंधिया के निकटवर्ती सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी कि उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सुबह नौ बज कर 28 मिनट पर अंतिम श्वास ली। उस समय उनके परिवार के सदस्य उनके पास ही थे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की पत्नी श्रीमती सिंधिया बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और करीब दो से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। श्रीमती माधवी राजे सिंधिया के पार्थिव शरीर को अपराह्न 3 बजे से पांच बजे के बीच 27 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वे नेपाल के राणा राजवंश से थीं

श्री माधव राव सिंधिया एवं श्रीमती माधवी राजे सिंधिया के एक पुत्री चित्रांगदा राजे और एक पुत्र ज्योतिरादित्य हैं। सिंधिया राजघराने की बहू बनने से पहले उनका नाम किरण राज लक्ष्मी था। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे। उनका विवाह ग्वालियर के तत्कालीन महाराज माधव राव सिंधिया से 8 मई 1966 को हुई थी।

सीएम साय ने जताया दुःख : केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने ट्विट कर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि, मां की ममता से बढ़कर और कुछ नहीं होता है। दुःख की इस घड़ी में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नासिक में पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा कहा, इस बार नहीं रहेंगे विपक्ष के लायक

- पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र नासिक के डिंडोरी में जनसभा की

मुंबई, (ए.)। लोकसभा चुनाव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कांग्रेस को घेरा। दावा किया कि इस बार कांग्रेस की ऐसी हालत होगी कि वे संवैधानिक रूप से विपक्ष की भूमिका भी नहीं निभा पाएंगे।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय

कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी।

मोदी ने आगे कहा जब ऐसा होगा तो मुझे सबसे अधिक बाला साहब ठाकरे याद आएंगे। बाला साहब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गई है, उस दिन वे शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा।

खत्म हो चुका है ब्रांड मोदी : राउत

राज्यसभा सांसद एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने बुधवार को प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका '(नरेंद्र) मोदी ब्रांड' खत्म हो गया है और यह शर्म की बात है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घाटकोपर त्रासदी में 18 लोगों की जान जाने के कुछ ही दिनों बाद मुंबई में मेगा रोड शो आयोजित किया। राउत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मोदी घाटकोपर में दुर्घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं और घड़ियाली आंसू भी बहा सकते हैं। उन्होंने यह दावा करते हुए कहा कि महा विकास अघाड़ी और शिवसेना (यूबीटी) ने आम चुनाव के आने वाले नतीजों को लेकर देश के प्रधानमंत्री में डर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि हार के डर से श्री मोदी सड़कों पर हैं और भाजपा अनुकूल परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सड़कों पर इधर-उधर घुमा रही है।

संविधान बचाने के चुनाव में गठबंधन की होगी जीत : खड़गे

- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा

लखनऊ, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान बचाने की लड़ाई में जनता इंडिया गठबंधन के साथ है और चार जून को भाजपा की विदाई तय है।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में खड़गे ने बुधवार को कहा कि यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है।

उन्होंने कहा कि यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है जिसमें भाजपा पूंजीपतियों के साथ अंध श्रद्धा दिखा रही है वहीं 26 दल मिल कर गरीब, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा के नेता कहते हैं कि अगले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चार जून के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे : राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को झूठ की फैक्टरी करार देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार में जितना भी झूठ बोलें, लेकिन सच यही है कि भाजपा चुनाव हार रही है और चार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा का रथ धंस चुका है : अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने ही बिछाये जाल में फंस चुकी है और चार जून को उसकी विदाई तय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ यहां एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासत... विजय बघेल को मिलेगा त्याग का प्रतिफल, तो गजेंद्र यादव को समर्पण का लाभ

एक बार फिर दुर्ग का दबदबा देखने मिलेगा केंद्र और राज्य में

- आदिवासी सीएम के साथ सभी समाज का प्रतिनिधित्व दिखाई देगा मंत्रिमंडल में

रायपुर/नवप्रदेश। 2024 का लोकसभा चुनाव दुर्ग की सियासत के लिए बहुत ही ऐतिहासिक होने वाला है। वैसे भी देश की राजनीतिक पटल पर दुर्ग के नेताओं का दखल रहा है। एक बार फिर दुर्ग के नेताओं का राज्य के दूसरे लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़कर दबदबा कायम रखा है। जहां पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव, देवेंद्र यादव बिलासपुर, ताम्रध्वज साहू महासमुंद और भाजपा नेत्री सरोज पांडेय कोरबा लोकसभा से चुनाव लड़ रही है।

दुर्ग लोकसभा चुनाव जीतकर विजय बघेल पीएम मोदी मंत्रिमंडल में स्थान बनाएंगे, वही विजय बघेल के लोकसभा चुनाव में सारथी गजेंद्र यादव को राज्य मंत्रिमंडल में स्थान मिलना तय माना जा रहा है। विजय बघेल को पार्टी के लिए किए गए उनके त्याग का प्रतिफल मिलना तय माना जा रहा है।

विजय बघेल ने सांसद रहते हुए पाटन विधानसभा में अपने चाचा के विरूद्ध मोर्चा लिया, कड़ी टक्कर में जीतते-जीतते हार गए, वो भी बहुत कम अंतरों से। नहीं तो वहां तो दोपहर तक लोग यही कहने लगे थे कि काका तो गयो। इस संघर्षपूर्ण त्याग के लिए पार्टी ने विजय बघेल के लिए बहुत कुछ सोच रखा है, जिसका रहस्य लोकसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसा है समाजों का समीकरण

क्वांटीफाई रिपोर्ट पर नजर डाले तो प्रदेश में ओबीसी वर्ग में पहले स्थान पर साहू समाज है, तो दूसरे स्थान पर यादव समाज और तीसरे स्थान पर कुर्मी समाज का वर्चस्व कायम है। दुर्ग लोकसभा में भी साहू समाज के बाद दूसरे स्थान पर यादव समाज है, इस बात को ध्यान में रखकर ही विधानसभा चुनाव में संघ से प्रांत सरकार्यवाह रहे बिसराराम यादव के पुत्र गजेंद्र यादव को टिकट देकर दुर्ग में यादव वर्चस्व को बनाए रखते हुए गजेंद्र यादव ने कांग्रेस लहर में भाजपा को बड़े अंतरों से जीत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यादव समाज की भूमिका होगी अहम

भाजपा में एक बार फिर त्याग, तपस्या, समर्पण का भाव केंद्र और राज्य मंत्रिमंडल में देखने को मिलेगा। दुर्ग लोकसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी के बाद यदि किसी ने रात-दिन मेहनत की है, तो वो है दुर्ग के भाजपा विधायक गजेद्र यादव जो विजय बघेल की परछाई की तरह साथ रहे। पूरे लोकसभा में भाजपा के बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को देवतुल्य स्थान दिया। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से हजारों की संख्या में यादव समाज की उपस्थिति दर्ज कराई है। विजय बघेल की जीत में यादव समाज की भूमिका भी बहुत अहम होगी।

सातवें चरण में कई दिग्गजों के बीच होगी दमदार फाइट

आरके सिंह, कुशवाहा, मीसा भारती और रविशंकर चुनावी मैदान में

पटना (ए.)। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में बिहार की जिन आठ सीटों पर चुनाव होने वाला है, उनमें कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। सातवें चरण में पाटलिपुत्र, पटना साहिब, काराकाट, बक्सर, आरा, नालंदा, सासाराम (सु.) और जहानाबाद में एक जून को मतदान है। मंगलवार को नामांकन की समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद चुनावी लड़ाई की तस्वीर करीब-करीब साफ हो गई है। इस चरण में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह समेत तीन पूर्व मंत्री मैदान में हैं। इनमें उपेंद्र कुशवाहा, रविशंकर प्रसाद और रामकृपाल यादव शामिल हैं। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती भी पाटलिपुत्र सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। इन वजहों से बिहार में सातवें चरण के चुनाव पर पूरे देश की नजर है।

केंद्रीय मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार आरके सिंह तीसरी बार आरा से मैदान में हैं। पिछले दो लोकसभा चुनाव वह यहां से जीते हैं। इस बार उनकी लड़ाई भाकपा माले के सुदामा प्रसाद से है। 2019 में उन्होंने भाकपा माले के उम्मीदवार राजू यादव को 1.47 लाख वोटों से हराया था। इस बार आरके सिंह के सामने जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है।

वहीं, पटना साहिब में पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर

प्रसाद लगातार दूसरी बार मैदान में हैं। पिछली बार उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार शुत्रघ्न सिन्हा को हराया था। इस बार उनका सामना पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल अविजित से है। पाटलिपुत्र सीट पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रामकृपाल यादव भी हैट्रिक बनाने की आस लिए उतरे हैं। उनका सामना पिछले दो बार की तरह लालू यादव की बड़ी बेटी डॉ. मीसा भारती से है। इस सीट पर 2014 और 2019 के चुनाव में मीसा भारती को रामकृपाल ने हराया था।

काराकाट में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और भाकपा माले के राजाराम सिंह कुशवाहा मैदान में हैं। यहां पर भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने निर्दलीय मैदान में उतर कर लड़ाई को त्रिकोणीय और कांटे का बना दिया है। चुनाव के पहले ही इस सीट की लड़ाई सुर्खियों में है। 2019 में इस सीट से जेडीयू के महाबली सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा को हराया था। तब, उपेंद्र कुशवाहा महागठबंधन का हिस्सा थे। इस बार यह सीट एनडीए के तहत राष्ट्रीय लोक मोर्चा को गई है।

सासाराम और बक्सर में नए चेहरे

बक्सर से बीजेपी के मिथिलेश तिवारी और आरजेडी के पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह के बीच लड़ाई है। पिछले दो चुनाव यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने जीते थे। इस बार बीजेपी ने उनकी जगह मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। सासाराम में बीजेपी के शिवेश राम की लड़ाई कांग्रेस के मनोज कुमार से है। 2014 और 2019 में इस सीट पर बीजेपी के छेदी पासवान ने जीत दर्ज की थी। पर, इस बार बीजेपी ने उम्मीदवार बदल दिया है। मौजूदा सांसद छेदी पासवान बेटिकट हो गए हैं।

जहानाबाद में पुराने पहलवानों में भिड़ंत

नालंदा से मौजूदा सांसद जेडीयू के कौशलेंद्र कुमार तीसरी बार मैदान में हैं। उनकी लड़ाई सीपीआई माले के उम्मीदवार संदीप सौरभ से है। वहीं, जहानाबाद में दूसरी बार जेडीयू के मौजूदा सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी और आरजेडी के सुरेंद्र यादव से है। पिछली बार चंद्रवंशी ने 1700 मतों के अंतर से सुरेंद्र यादव को हराया था। पूर्व सांसद अरुण कुमार भी बसपा के टिकट पर उतरे हैं।

बीजेपी ने हिमाचल के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

शिमला (ए.)। भाजपा ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम शामिल हैं। इस सूची में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, ??राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, हरदीप सिंह पुरी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी जगह दी गई है।

कंगना रनौत का नाम भी शामिल

इस सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को भी स्टार प्रचारक के रूप में शामिल किया गया है। मंडी से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत, शिमला से उम्मीदवार सुरेश कश्यप और कांगड़ा से उम्मीदवार राजीव भारद्वाज भी स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

पीएम मोदी और शाह समेत इन्हें जगह

कंगना ने भरा पर्चा

अविनाश राय खन्ना और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष राजीव बिंदल भी पार्टी के स्टार प्रचारक होंगे। वहीं मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि केंद्र में भाजपा की सरकार कायम रहती है तो शिवधाम समेत उनके निर्वाचन क्षेत्र की सभी रुकी परियोजनाएं बहाल कर दी जाएंगी। यही नहीं मंडी तक रेल लाइन के विस्तार की कोशिश की जाएगी।

प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और जयराम ठाकुर का भी नाम

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और जयराम ठाकुर भी भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। हाल ही में निर्वाचित राज्यसभा सदस्य और पूर्व कांग्रेस नेता हर्ष महाजन को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा सौदान सिंह, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा, वंदना योगी, पवन काजल, मनोज तिवारी, दुष्यन्त कुमार गौतम, मनजिंदर सिंह सिरसा, सिद्धार्थन, तेजस्वी सूर्या, इंदु गोस्वामी, सिकंदर कुमार, श्रीकांत शर्मा को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

अब अडानी-अंबानी की सरकार को हटाने का समय आ गया है

झांसी (ए.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार को अडानी-अंबानी की सरकार बताते हुए कहा कि अब अडानी-अंबानी की सरकार हटाने का समय आ गया है। अब वक्त आ गया है कि देश में गरीबों, किसानों, मजदूरों की इंडिया गठबंधन की सरकार बने। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ झांसी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान को बचाने का चुनाव है। देश की जनता को जो भी मिला है, इसी संविधान से मिला है। संविधान के बिना हिंदुस्तान के लोगों के अधिकार छिन जाएंगे। इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा है। वहीं, भाजपा- आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी संविधान को खत्म करना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जो मुफ्त अनाज बांटते हैं, वह कांग्रेस पार्टी की योजना थी। भोजन का अधिकार के तहत यूपीए की सरकार में राशन दिया जाता था। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर मोदी सरकार से ज्यादा और बेहतरीन अनाज बांटा जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू कर छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया।

अखिलेश के साथ राहुल गांधी की हुंकार

विधायक पर कसा तंज

अखिलेश ने तंज कसा कि आपके यहां एक विधायक ने हमसे मीठी-मीठी बातें कीं और हमें अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद धोखा देकर चले गए। जैसे ही मंच से यह बात अखिलेश यादव ने कही तो जनसभा में मौजूद हर व्यक्ति अपनी हंसी रोक नहीं पाया।

बुंदेलखंड आते-आते भाजपा को खंड-खंड कर देगी जनता : अखिलेश

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का अहंकार बुंदेलखंड आते-आते खंड-खंड हो जाएगा। जनता का आक्रोश बढ़ रहा है, छठे और सातवें चरण में भाजपा पूरी तरह से साफ हो जाएगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। वह उरई में पार्टी प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि जनता का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है, जैसे-जैसे सातवें चरण का चुनाव आएगा यह सातवें आसमान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया, नौजवानों से नौकरी और रोजगार छीन लिया। महंगाई बढ़ा दी, पेपर लीक कराया और झूठे निवेश दिखाए।

एक बार सांसद, दो बार एमएलए रहीं लवली आनंद ने 2005 के बाद नहीं जीता कोई चुनाव, 'भाभीजी' फिर मैदान में

पटना (ए.)। बिहार पीपुल्स पार्टी के संस्थापक और पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद शिवहर सीट से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। वैशाली से सांसद रह चुकीं लवली आनंद पहले दो बार विधायक भी रही हैं। भाजपा सांसद रमा देवी की यह सीट एनडीए में जेडीयू के खाते में जाने के बाद लवली यहां चुनावी समर में उतरी हैं। उन्होंने कई चुनाव में हार और विपरीत परिस्थितियों में भी बिहार की राजनीति में अपनी पहचान को मजबूती से बनाए रखा है। हालांकि, 2005 के बाद से वह कोई भी चुनाव नहीं जीत पाई हैं। लवली आनंद ने 1994 में सियासत में बड़ी जीत के साथ कदम रखा था। तब वह वैशाली लोकसभा उपचुनाव में बिहार पीपुल्स पार्टी से चुनावी मैदान में उतरीं और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की पत्नी किशोरी सिन्हा को हराया।

राहुल गांधी, सोनिया गांधी देश छोड़कर भागने वाले हैं, बेगूसराय में चुनाव से फ्री होकर बोले गिरिराज सिंह

पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता

राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश छोड़कर भागने वाले हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगी। वहीं, कांग्रेस को इस चुनाव में पिछली बार से भी कम सीटें मिलेंगी। कांग्रेस लोकसभा में फिर से विपक्ष का दर्जा नहीं हासिल कर पाएगी। बिहार के बेगूसराय में चौथे चरण की वोटिंग होने के बाद गिरिराज सिंह फॉर्म में हैं। उन्होंने दावा किया है कि उनकी सीट पर इस बार वामपंथ का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

अमेठी में गरजे सीएम योगी

कहा- उनका धन्यवाद जिन्होंने राम के विरोध के कारण सपा से विद्रोह किया

अमेठी (ए.)। अमेठी में सपा और कांग्रेस के लोग नौजवानों के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, हमने टैबलेट दिया है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। योगी ने कहा अमेठी में मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया था। आज आपकी सरकार मेडिकल कॉलेज का, जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन, जिला कोर्ट का निर्माण कर रही है।

पेशेवर गुंडों और अपराधियों का इलाज भी यही सरकार कर रही है। यहां के लोग दो जून भूखे रह सकते हैं लेकिन राम को नहीं भूल सकते। यहां से राम का परिवार का रिश्ता है। आप जिनको पहले चुनते थे वे राम को नकारते थे। उनके खिलाफ टिप्पणी करते थे। हमारे ही वोट से चुनकर आतंकवाद को बढ़ावा देते थे, रामलला पर हमले करने के लिए प्रेरित करते थे। आज एक्सप्रेस वे,हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम मोदी बनवा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि एके 203 दुनिया की सबसे अच्छी रायफल भारत बना रहा, वह अमेठी में बन रही है। देश के जवानों के हाथों में जब एके 203 होती है तो पाकिस्तान थर्रा जाता है।

'राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे'

जो राम भक्तों पर गोली चलवाते थे, आतंकवादियों को समर्थन देते थे। आज वही राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, अरे अगर उसके पास एटम बम है तो हमारे पास भी तो एटम बम है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के दरियाबाद विधानसभा में जेठौती कुर्मियान में जनसभा में कही।

जमानत के बाद पहली बार लखनऊ आएंगे केजरीवाल, अखिलेश यादव से करेंगे मुलाकात

लखनऊ (ए.)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जमानत पर जेल से बाहर आ गए हैं। अब अरविंद केजरीवाल यूपी आएंगे। अरविंद केजरीवाल जमानत पर छूटने के बाद पहली बार कल लखनऊ आएंगे। 16 मई को अरविंद केजरीवाल का यूपी दौरा है। इस दौरान वो सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात करेंगे और उनके साथ मिलकर एक साझा प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। इंडी गठबंधन के घटकों के साथ अखिलेश प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं। इस क्रम में 15 को मल्लिकार्जुन खड़गे, 16 को अरविंद केजरीवाल और 17 को राहुल गांधी के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस करेंगे।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल कल लखनऊ आएंगे। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करेंगे। उनके साथ आप यूपी प्रभारी संजय सिंह भी मौजूद रहेंगे। अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद अरविंद केजरीवाल साझा प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। सपा के अन्य कार्यक्रमों में भी केजरीवाल शामिल होंगे। इंडिया गठबंधन को उम्मीद है कि इसका असर अन्य आसपास की सीटों पर भी पड़ेगा।



सपा अध्यक्ष की ताबड़तोड़ प्रेस कान्फ्रेंस

इंडी गठबंधन के घटकों के साथ अखिलेश यादव ताबड़तोड़ प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। 15 मई को सुबह 10.30 बजे लखनऊ के गोमतीनगर स्थित ताज होटल में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। 17 मई को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अमेठी व रायबरेली में संयुक्त सभा भी प्रस्तावित है। 21 मई को पार्टी की राज्यसभा सांसद एमी याज्ञनिक का वाराणसी में प्रेसवार्ता का भी कार्यक्रम है।

नीतीश का तन वहां, मन यहीं, तेजस्वी ने आरजेडी के खुले दरवाजे के संकेत दिए, लालू बोले थे- माफ नहीं करेंगे

पटना(ए)। बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार की वापसी की सूरत में राजद का दरवाजा खुले रहने का संकेत देते हुए कहा है कि चाचा जी का शरीर वहां है, मन यहीं है। महागठबंधन के साथ 17 महीने सरकार चलाने के बाद नीतीश ने जनवरी में दूसरी बार महागठबंधन का हाथ छोड़कर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में वापसी की थी। राजद के अध्यक्ष लालू यादव ने 5 मई को कहा था कि बिहार के मुख्यमंत्री घर आ जाएंगे तो वो धन्यवाद करेंगे लेकिन अब वो नीतीश कुमार को कभी माफ नहीं करेंगे। गौर करने वाली बात ये है कि 28 जनवरी को दूसरी बार महागठबंधन सरकार के पतन के बाद से अब तक तेजस्वी अपने

बयान और लोकसभा चुनाव की रैलियों के भाषण में नीतीश को लेकर नरम हैं।

लोकसभा के साथ-साथ 2025 के विधानसभा चुनाव पर नजर गड़ाए तेजस्वी यादव ने सारण में सोमवार को एक जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के पटना रोड शो में नीतीश की मौजूदगी पर कहा- ÷रोड शो में नहीं देखे, कैसे मुंह उतरा हुआ लग रहा था। हमको दुख हुआ। उनको नीचे खड़ा कर दिया, मोदी खुद ऊपर खड़े हो गए। चाचा इधर-उधर देख रहे थे। एक बात बता दें। चाचा का शरीर वहीं हैं, मन यहीं हैं। मोदी जी का आज नामांकन था। चाचा जी बीमार पड़ गए। नामांकन में नहीं गए। चाचा ने कहा था कि जो 14 में आए हैं, वो 24 में जाएंगे। भतीजा वही काम कर रहा है। उनका भी यही मन है कि 14 वाले 24 में जाएं। पूरा आशीर्वाद है।

बातों...बातों...में...! (सुकांत राजपूत)

आफत, राहत, शेर और शागिर्द

सर्वोच्च न्यायलय से जीपी सिंह को बड़ी राहत मिल गई है। राजद्रोह केस में प्रोसिडिंग पर रोक भी लगाई गई है। बघेल सरकार में ये सब दो दिनों में हुआ था। आरोप था कि

उनके सरकारी बंगले से कुछ चिट्ठियां, फटे हुए पन्ने और पेन ड्राइव मिली जिसकी जांच में सरकार विरोधी गतिविधियों की बात सामने आई थी। इसके बाद रातों रात उनसे गलबहियां करने वाले खाखी अफसर खिलाफ हो गए थे। एक काबिल अफसर की मुसीबत बढ़ाने वाले गाय और बकरा पसंद दो आईपीएस अफसर की पुरे मामले में कार्यशैली देखकर लगने लगा था 'सुपारी' उठा लिए हैं। इनकी सरगना और आफत की पुड़िया पिंजरे में है और एसएसपी-आईजी स्तर के दो फर्माबरदार भरी गर्मी में थरथर कांप रहे हैं। आफत के बाद बड़ी राहत मिलने से 'खाड़कू' यानि के शेर और उनका शागिर्द दोनों अपने दांत और नाखून पैने करने में लगे हैं...!

देव, द्विवेद्वी और सारथी...

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पवन देव सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही डीजी के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। देव का

महकमे में नाम भी बड़ा है। ऐसे में वो काफी एहतियात भी बरत रहे हैं, लेकिन हमेशा से मातहतों की वजह से मुसीबत मोल लेने वाले देव को इस बार एक चालक संवर्ग से चुनौती मिल रही है। देव और द्विवेदी में उम्र से लेकर अनुभव तक में आसमान और ज़मीन का फैसला है। फिर भी कम उम्र चालक संवर्ग ने सूचना अधिकार और माता जी के उपचार के लिए नियमानुसार अपात्र किये जाने के बाद साहब के लिए मुसीबत बन गया है। वैसे भी देव और द्विवेदी(ब्राम्हण)में देवता भी द्विवेदी को ही चुनते हैं फिर तो मातहत 'ब्राम्हण' भी है और देव का 'सारथी' भी।

मोदी से ज्यादा बिरजू...

सात चरणों में 2024 के आम चुनावों में जात-पात, संविधान, जातिगत जनगणना, लोकतंत्र का खौफसेवक और

शहजादा दोनों जाता रहे हैं। खुद भी परिणाम और ईवीएम-वीवीपैट से पार्टियां खौफज़दा हैं। सियासी नूरा कुश्ती के बीच सर्वाधिक मतों से कौन जीतेगा इस पर भी बहस छिड़ी है। रायबरेली और वाराणसी के मतदाताओं ने सेवक-शहजादे की रैली, सभाएं देख ली है। खैर ये तो विरोधी दलों के दो लोगों का आंकलन होना स्वाभाविक है। लेकिन कमोबेश ऐतिहासिक मतों से जीतने वालों में पीएम नरेंद्र मोदी टॉप पर रहेंगे ऐसा मन जा रहा है। इसके बावजूद भी छत्तीसगढ़ के सट्टेबाज अब बीजेपी के दो होनहारों एक मोदी तो दूसरे बृजमोहन अग्रवाल पर भाव-दांव लगा रहे हैं। पार्टी के नेता भी मानने लगे हैं कि वाराणसी से ज्यादा की लीड रायपुर लोकसभा से दर्ज होगी। यह सुनते ही भैया के भाई लोगों का कहना है काश...वोटिंग परसेंट देखकर पीएम तय होता, क्योंकि बीजेपी में नेता थोड़े सभी सेवक, कार्यकर्ता होते हैं...!

उपचुनाव के मुग़ालतेबाज...

छत्तीसगढ़ में भले ही कांग्रेसी मुगालते में हैं और मनमाफिक 11 में से 2, 3, 4 के आंकड़ों की खुशफहमी में जी रहे हैं। इसलिए उपचुनाव के लिए कांग्रेस के गणितबाज नेता

दावेदारी के लिए भी गोटियां बिठाने में लग गए हैं। दोनों ही पार्टी की जीत वाली सीटों में विधानसभा के लिए उत्तराधिकारी बनने की फ़िराक में हैं। ऐसे में बीजेपी दफ्तर में बातों ही बातों में एक सियासी पंडित ने कहा- दक्षिण पैतृक सीट होगी। सुनने में तो यह भी आया कि अस्वस्थता के चलते भी पार्टी के दिग्गज अपने पुत्र को उत्तराधिकारी बनाने तैयारी कर चुके हैं। कहा जाये तो सक्रीय पार्टी राजनीति से खुद को दरकिनार करने लेकिन संगठन में सेवा देते रहने के आश्वासन की योजना बनाई जा चुकी है। अगर ऐसा हुआ तो कांग्रेस की तर्ज पर बीजेपी भी पैतृक परंपरा वाली पार्टी होगी...हो भी क्यों नहीं आखिर कार कांग्रेस छोड़कर आने की तासीर असर दिखाएगी ही।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

छत्तीसगढ़ में गर्मायी योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति

- पूर्व की भूपेश सरकार ने बीजेपी सरकार की चल रही शिक्षा व श्रम की कई योजनाओं का बदला था नाम, जिस आत्मानंद पर कर रहे राजनीति, उसे भी 2019 में किया था परिवर्तित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चल रही योजनाओं के नाम बदलने को लेकर नई राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। इसे लेकर पूर्व सीएम व वर्तमान सीएम के बीच वाक युद्ध की स्थिति है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के नाम परिवर्तन को लेकर लग रही अटकलों के बीच, कांग्रेस लगातार साय सरकार पर हमलावर है। वो धर्म, संस्कार व सिद्धांतों को लेकर भाजपा पर लगातार निशाना लगा रही है।

योजनाओं के नाम बदलने को लेकर कांग्रेस वर्तमान में तेवर दिखा रही हो, पर देखा जाए तो हकीकत तो यही है कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार ने ही नाम बदलने का काम सबसे ज्यादा किया है। फिर चाहे बात स्कूल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की कर लें या फिर नगरीय निकाय से जुड़ी योजनाओं की लिस्ट देख लें। हैरानी की बात तो यही है कि जिस स्वामी आत्मानंद पर सबसे ज्यादा राजनीति गरमायी हुई है, खुद कांग्रेस सरकार ने वो नाम पंडित दीनदयाल के नाम से बदलकर योजना में शामिल किया है।

बीजेपी ने शुरू की थी मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना

2017 में छत्तीसगढ़ की तत्कालीन रमन सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के नाम पर टापर्स बच्चों को सम्मानित करने की योजना बनायी थी। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री की तरफसे कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट (प्रथम दस स्थान) में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जाता था, वहीं कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों को दो वर्ष के लिए प्रतिमाह 5000 रुपए (प्रतिवर्ष 10 माह) एवं कक्षा बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को दो वर्ष के लिए प्रतिमाह 10000 रुपए (प्रतिवर्ष 10 माह) छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी।

दीनदयाल मेधावी प्रोत्साहन योजना को आत्मानंद के नाम पर परिवर्तित

घोषणा के बाद दो साल तक योजना संचालित हुई, लेकिन जैसे ही 2019 में भूपेश बघेल की सरकार बनी, कांग्रेस सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना का नाम बदल दिया और स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना कर दिया। योजना के अन्तर्गत दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड की परीक्षाओं में मेरिट (प्रथम दस स्थान) में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लेपटॉप प्रदान करने और इसके अतिरिक्त कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को 1.25 लाख प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

कई योजनाओं के नाम कांग्रेस ने बदला

कांग्रेस सरकार साल 2019 में जैसे ही सत्ता में आई कई योजनाओं व संस्थाओं का नाम उन्होंने परिवर्तित कर दिया।

इन योजनाओं के बदले गए थे नाम

- पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना का नाम बदलकर राजीव गांधी स्वावलंबन योजना किया गया।
- पं. दीनदयाल उपाध्याय सर्वसमाज मांगलिक भवन योजना का नाम डा. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन योजना किया गया।
- पं. दीनदयाल उपाध्याय एलईडी पथ प्रकाश योजना का नाम इंदिरा प्रियदर्शिनी एलईडी पथ प्रकाश योजना किया गया।
- पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना का नाम राजीव गांधी आजीविका केंद्र किया गया।
- पं. दीनदयाल उपाध्याय शुद्ध पेयजल योजना का नाम इंदिरा प्रियदर्शिनी शुद्ध पेयजल किया गया।
- राजमाता विजयाराजे कन्या विवाह योजना का नाम बदलकर मिनीमाता कन्या विवाह योजना किया गया।
- पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्न श्रम सहायता योजना का नाम शहीद वीर नारायण सिंह श्रम सहायता योजना किया गया।

जगदलपुर स्थित बलीराम कश्यप मेडिकल कालेज का नाम बदलकर साल 2021 में कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा के नाम पर कर दिया है। यही नहीं इससे पहले नगरीय प्रशासन और श्रम विभाग में चल रही सात योजनाओं के नाम भी पिछली सरकार ने बदले थे। इनमें से ज्यादातर योजनाएं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर थीं। तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष (मौजूदा मुख्यमंत्री) विष्णुदेव साय ने इसे कांग्रेस का राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया था। उन्होंने कहा था कि यह सरकार खुद कोई जनकल्याण का काम नहीं कर सकती, इस वजह से केवल नाम बदलकर झूठी वाहवाही लूटने की

कलेक्टर ने मल्टीलेवल पार्किंग के आरंभ सेंटर का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जयस्तंभ चैक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के उपरी माले में तैयार हो रहे आरंभ सेंटर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सेंटर को जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही रूफ्टॉप का उपयोग करने आवश्यक निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए जिला प्रशासन स्थान उपलब्ध कराएगा और इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है।

कांग्रेस नेता ने की शराब दुकानों में डिजिटल पेमेंट की शुरुआत करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी से शराब दुकानों में डिजिटल पेमेंट की शुरुआत की मांग की हैं। उन्होंने मांग किया हैं कि केंद्र सरकार शराब दुकानों को कैशलेस करें। कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा का दावा हैं कि कैशलेस होने से ओवररेट और शराब दुकानों में लड़ाई-झगड़ा बंद हो जाएगा। कैशलेस सिस्टम से शराब का पूरा पैसा और हिसाब मिलेगा। सुरेंद्र शर्मा ने दलील दी हैं कि आज भिखारी से लेकर सब्जी वाला भी कैशलेस हैं। ऐसे में शराब दुकानों में भी यह सुविधा शुरू कर कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता हैं।

नारायणपुर के कांग्रेस नेता की हत्या के लिए भाजपा सरकार दोषी : बैज

- बीजापुर की मुठभेड़ में मारे गए हैं निरीह आदिवासी

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने नारायणपुर में कांग्रेस नेता की हत्या, बीजापुर में नक्सल मुठभेड़ तथा बीजापुर में बम विस्फोट में बच्चों की मौत पर सवाल उठाए हैं। दीपक बैज ने अहाता आबंटन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने

दावा किया है कि प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होना तय है। बैज ने नारायणपुर जिले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विक्रम बैस की हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। कहा है कि पूरी कांग्रेस पार्टी अपने मृत नेता के परिजनों के साथ खड़ी है। इसके पहले भी दंतेवाड़ा में हमारे नेता जोगा पोयाम की हत्या हुई थी।

दीपक बैज ने कहा है कि जब भाजपा नेताओं की हत्या होती है तब भाजपा उसे टार्गेट कीलिंग बताती है, हमारे नेताओं की हत्या हो रही है इस पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है राज्य में आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। राजधानी से लेकर सरगुजा, बस्तर तक कोई सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर जिले के पीडिया में हुई नक्सली सुरक्षा बलों की मुठभेड़ पर गांव वालों ने सवाल खड़ा किया है। गांव वालों का कहना है कि इस घटना में निर्दोष लोग मारे गए हैं। इस घटना में एक गूंगे युवक सन्नो की भी हत्या हुई है। गांव वालों के सवालों के बाद कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की जांच का निर्णय लिया है। वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। जांच कमेटी में संयोजक संतराम नेताम, विधायक इंद्र शाह मंडावी, विधायक विक्रम मंडावी, विधायक जनक राम ध्रुव, विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला अध्यक्ष रजनू नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियाम सदस्य हैं।

जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस पार्टी इस घटना पर आगे की रणनीति बनाएगी। दीपक बैज ने पूरे मामले की न्यायिक जांच की

अहाता आवंटन में घोटाला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पांच सालों तक शराबबंदी को लेकर बयानबाजी करने वाली भाजपा सरकार में आने के बाद शराब घोटाले में लग गई है। अहाता आबंटन में घोटाला किया गया है। एक ही ई-मेल आईडी से 69 टेंडर भरे गए और सभी स्वीकृत भी हो गए। सरकार शराबबंदी करने के बजाय एसी अहाते बनाकर शराब की खपत बढ़ा रही है। हम सरकार से पूछना चाह रहे हैं कि पूर्ण शराबबंदी कब लागू होगी? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दावा किया है कि बस्तर संभाग के सुकमा जिले में कोंटा विधानसभा क्षेत्र और दुर्ग जिले के पाटन और भिलाई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होना तय है। यहां पर कांग्रेस के विधायक भूपेश बघेल, कवासी लखमा, देवेंद्र यादव सांसद का चुनाव जीत रहे हैं। रायपुर दक्षिण के भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल यथावत होंगे। वे रायपुर लोकसभा का चुनाव हार रहे हैं।

विज्ञापन होर्डिंग्स की स्ट्रक्चरल जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट निगम में होगी जमा

- मुंबई जैसा हादसा रायपुर में न हो, सुनिश्चित करें विज्ञापन एजेंसियां : अबिनाश मिश्रा
- रायपुर नगर निगम के आयुक्त ने ली विज्ञापन एजेंसियों और नगर निगम के अधिकारियों की बैठक दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर में सुरक्षित ढंग से होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों और नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी विज्ञापन एजेंसियों को अपने द्वारा लगाई गई होर्डिंग्स के स्ट्रक्चर की जांचकर नगर निगम को इनकी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि मुंबई जैसा हादसा रायपुर में न हो, यह विज्ञापन एजेंसियां सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि मुंबई में आंधी में एक प्रचार होर्डिंग के गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 74 लोग इसमें घायल हुए हैं। नगर निगम आयुक्त ने रायपुर में इस तरह की घटना को रोकने सभी विज्ञापन एजेंसियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

आयुक्त मिश्रा ने रायपुर नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद 90 से अधिक विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों एवं प्रतिनिधियों को अपने द्वारा लगाई गई होर्डिंग्स की स्ट्रक्चरल जांच कराकर एक सप्ताह के भीतर सभी होर्डिंग्स की स्ट्रक्चरल जांच से संबंधित प्रमाण पत्र नगर निगम के नगर निवेश विभाग को सौंपने को कहा। उन्होंने होर्डिंग्स से किसी भी प्रकार का कोई अप्रिय हादसा रायपुर शहर में न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने होर्डिंग्स गिरने या किसी भी तरह की दुर्घटना से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने को कहा। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में विज्ञापन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस संबंध में एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर निवेशक निशिकांत वर्मा, सहायक अभियंता आशुतोष सिंह और उप अभियंता

गायत्री विद्यापीठ के छात्रों ने टाप में बनाया स्थान

- गायत्री परिवार प्रमुख से लिया आशीर्वाद

हरिद्वार/नवप्रदेश। सीबीएसई के बोर्ड परीक्षा के परिणाम देख गायत्री विद्यापीठ के 12वीं व 10वीं विद्यार्थी झूम उठे। विद्यापीठ के टॉपरों ने बुधवार 15 मई को अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख एवं गायत्री विद्यापीठ के अभिभावकद्वय डॉ प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने भेंट की और अपने अपने भविष्य के लिए मार्गदर्शन पाया। इस अवसर पर डॉ पण्ड्या ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ का शैक्षणिक स्तर साल दर साल ऊंचा उठ रहा है और विद्यापीठ विद्यार्थियों को उचित वातावरण देने के लिए संकल्पित है। विद्यापीठ के समस्त शिक्षक विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित हो, मनोयोगपूर्वक हो कार्य करते हैं। शैलदीदी ने कहा कि कड़ी मेहनत कभी भी निष्फल नहीं होती, समय के साथ अपना परिणाम अवश्य देता है, इसलिए सदैव कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। उन्होंने महापुरुषों, संतों की

कहानी से सीख लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

गायत्री विद्यापीठ की व्यवस्था मंडल प्रमुख श्रीमती शैफाली पण्ड्या ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के मार्गदर्शन दिया। प्रधानाचार्य सीताराम सिन्हा आदि शिक्षकों ने भी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी।

रचनात्मकता को उभारने 15 जून तक स्कूलों में विविध कार्यक्रम

- कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक में बनी कार्ययोजना

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए समर कैंप आयोजित किए जाने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कलेक्टर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला स्तर पर समर कैंप आयोजित करने के निर्देश देते हुए समर कैंप में सुदूर क्षेत्रों के स्कूली बच्चों और विशेष रूप से आदिवासी बच्चों को शामिल किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना बनाने कहा।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को एक यादगार अनुभव समर कैंप के जरिए देने हर संभव प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने जिला स्तरीय समर कैंप में सुदूर क्षेत्रों के स्कूली बच्चों को शहर भ्रमण के तहत एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, मॉल, प्लेनेटोरियम, तरण पुष्कर और अन्य मनोरंजक क्षेत्रों का भ्रमण कराने के साथ ही बच्चों को फिल्म दिखाने के लिए कहा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समर कैंप में बच्चों के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाए जिससे बच्चे नई विधा सीख सकें, जिसमे खेलकूद प्रशिक्षण, ड्राइंग, डांस, माटी शिल्प, कहानी लेखन, वादन, हस्तलिपि और अन्य प्रशिक्षण दिया जा सकता है। कलेक्टर ने समर कैंप के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समिति बनाकर जिम्मेदारी दी है। समर कैंप का आयोजन तीन स्तरों पर किये जायेंगे। जो स्कूल स्तर, संकुल स्तर, और जिला स्तर पर आयोजित होंगे। स्कूलों में होने वाला समर कैंप पूर्णतः ऐच्छिक होगा जिसका समय सुबह 7 बजे से साढ़े 9 के बीच होगा। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के बच्चे अपनी रूचि के अनुरूप नजदीक के स्कूलों में आयोजित गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे।

रायगढ़ में हाथी के बाद भालू का आतंक

रायगढ़, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र में हाथी के बाद अब भालू ने दहशत फैला दिया है। बुधवार को छाल क्षेत्र में भालू के हमले से महिला की मौत हो गयी है। बताया जाता है कि छाल क्षेत्र रेंज के बोजिया 505 पीएफ जंगल बिट में पदस्थ श्याम अगरिया फोरेस्टगार्ड की माँ व छाल में रहने वाली इंद्रमोती अगरिया आज तड़के सुबह बोजिया के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। तभी उन पर भालू ने एकाएक हमला कर दिया और मौके पर ही इंद्रमोती कि मौके पर मौत हो गई है।

बिजली कंपनी के यार्ड में लगी आग से 50 करोड़ के नुकसान की पुष्टि

- एमडी ने कहा जल्द होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में बिजली कंपनी के यार्ड में लगी आग की जांच पूरी हो गई है। जिसकी रिपोर्ट जांच समिति ने प्रबंधन को सौंपी है। इस घटना में लगभग 50 करोड़ रुपए के नुकसान होने की पुष्टि हुई है। इधर, बिजली कंपनी के एमडी ने कहा कि, रिपोर्ट के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

बता दें, गुढ़ियारी के छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के ट्रांसफार्मर गोदाम में लगी आग को लेकर पॉवर कंपनी की जांच समिति के साथ पुलिस विभाग की भी जांच चल रही थी। इस जांच में भंडार गृह के कार्यपालन यंत्री अजय कुमार गुप्ता के बयान से बड़ा खुलासा हुआ था कि, 2012 में गोदाम में पहली बार आग लगी

थी। तब से लेकर लगातार बिजली के तार और घास को काटने के लिए विभाग को पत्र लिखा जाता रहा है। लेकिन इस तरफकिसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया।

करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ

इसी तरह की आग 2021 में भी आग लगी थी। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में 5 अप्रैल 2024 को बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। गोदाम के नए ट्रांसफार्मरों के साथ किसी भी सामान का बीमा भी नहीं कराया गया था। आगजनी की घटना को लेकर पॉवर कंपनी ने छह सदस्यों की जांच समिति बनाई है। यह समिति तो जांच कर ही रही है, साथ ही पुलिस की तरफ से भी जांच हो रही है। जांच के दौरान भंडार गृह के कार्यपालन यंत्री ने अपना लिखित बयान दिया है।

अब हो गया बड़ा नुकसान

बार-बार पत्र लिखने के बाद भी काम न होने के कारण अब बड़ा हादसा हो गया और नुकसान भी बड़ा हो गया है। आगजनी के समय गोदाम में करीब दो हजार नए और तीन हजार से ज्यादा पुराने ट्रांसफार्मर थे। ज्यादातर नए ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए हैं। इसी के साथ अन्य सामानों में 24 हजार लीटर के दो आइल टैंक और एक 12 हजार लीटर का आइल टैंक था। 39 हजार लीटर पुराना आइल भी था। और भी बहुत सा सामान था। सामानों की गणना का काम अब तक चल रहा है। सारे सामानों की गणना के बाद मालूम होगा कि कुल कितने का नुकसान हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक 40 करोड़ के आसपास का नुकसान हुआ है।

तारों को केबल में बदलने के लिए पत्र लिखा गया

इस बयान में इस बात का खुलासा हुआ है कि गोदाम परिसर में पहली बार पांच मई 2012 और 24 फरवरी 2021 को आग लगी थी। जब पहली बार आग लगी थी, तभी से गोदाम के प्रभारी द्वारा अधीक्षण अभियंता वृत्त एक को 24 मई 2012 को पत्र लिखकर निम्न और उच्च दाव के तारों को केबल में बदलने के लिए पत्र लिखा गया था। इसके बाद कई बार इस बारे में स्मरण पत्र भी लिखे गए, लेकिन किसी अधिकारी ने इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। 26 फरवरी 2021 के पत्र में बाउंड्रीवाल के चारों तरफ आरसीसी रोड बनाने के साथ चारों तरफ पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन लगाने की भी मांग की गई थी ताकि भविष्य में आग लगे तो उस पर काबू पाने में मदद मिल सके। लेकिन इस सुझाव पर भी ध्यान नहीं दिया गया।

सुविचार

घर के बाहर भले ही दिमाग लेकर जाओ क्योंकि दुनिया एक बाजार है लेकिन घर के भीतर दिल लेकर जाओ क्योंकि वहां एक परिवार है। - अज्ञात (हैप्पी वर्ल्ड फेमली डे)

चौथे चरण में भी औसत मतदान के मायने

लोकसभाा चुनाव के चौथे चरण में 67 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो औसत मतदान है। इस बार भी बंगाल में सबसे ज्यादा 78 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम मतदान जम्मू कश्मीर की श्रीनगर लोकसभा सीट पर हुआ। जहां 36 प्रतिशत मत पड़े जो अब तक हुए श्रीनगर के लोकसभा चुनाव का सर्वश्रेष्ठ मत प्रतिशत है। चौथे चरण के औसत मतदान को लेकर एक बार फिर एनडीए और आईएनडीआईए के बीच अपनी अपनी जीत के दावे ठोके जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर चुनावी सभाओं में चार चरणों के मतदान को एनडीए के पक्ष में बता रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तो यह दावा कर रहे हैं कि चार चरणों के मतदान में ही भाजपा 270 से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। बाकी के 3 चरणों में अब एनडीए चार सौ पार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर आईएनडीआईए के नेता औसत मतदान को अपने पक्ष में बता रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मुताबिक भाजपा सिर्फ 150 सीटों पर सिमटने जा रही हैं। और केन्द्र में इस बार कांग्रेस के नेतृत्व में आईएनडीआईए की सरकार बनने जा रही है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित तमाम विपक्षी नेता इस औसत मतदान को मोदी सरकार के खिलाफ मतदान बता रहे हैं और केन्द्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। चारों चरणों के इस औसत मतदान को लेकर राजनीतिक विश्लेषक भी अलग अलग कयास लगा रहे हैं। यदि पक्ष और विपक्ष के दावों पर गौर करें और चुनावी विश्लेषकों के आंकलन पर गौर करें तो एक बात तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ नजर आ रही है कि इस बार का औसत मतदान एनडीए के पक्ष में ही लग रहा है। मोदी सरकार के खिलाफ कहीं भी सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आ रही है। एनडीए चार सौ पार करेगा या नहीं यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन एनडीए को एक बार फिर प्रचंड़ बहुमत से सरकार बनाने का अवसर मिलेगा। इसके आसार साफ नजर आ रहे हैं। दरअसल मोदी सरकार के खिलाफ कुछ लोगों में असंतोष जरूर हो सकता है। लेकिन मोदी सरकार के कामकाज के प्रति जनता में नाराजगी नहीं है। इसलिए तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इस बात में संदेह की कोई गुंजाइश नहीं दिखती। इस बार भी हर चुनाव की तरह बेरोजगारी और महंगाई चुनाव के प्रमुख मुद्दे बने रहे हैं लेकिन विपक्ष इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से नहीं उठा पाया। वहीं एनडीए ने भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाकर विपक्ष को बैकफुट पर ढकेल दिया है। बहरहाल बाकी के तीन चरणों में विपक्ष कितनी सीटें लाता है और एनडीए को कितनी सीटें और मिलती है यह देखना दिलचस्प होगा।

पाक अधिकृत कश्मीर में बगावत की आंधी

पड़ौसी देश पाकिस्तान की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। गले तक कर्ज में डूबे पाकिस्तान में लगातार महंगाई परवान चढ़ रही है नतीजतन लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पाकिस्तान भीख का कटोरा लेकर सारी दुनिया में घूम रहा है लेकिन सब ने अपने हाथ खींच लिए हैं। कंगाली की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात निर्मित होने लगे हैं। इसकी शुरूआत पाक अधिकृत कश्मीर से हो चुकी है। 40 लाख की आबादी वाले पीओके के 4 लाख लोग पिछले 4 दिनों से सरकार और पाकिस्तानी सेना के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके इस आंदोलन को कुचलने के लिए पाकिस्तानी सेना उनके खिलाफ बर्बर कार्यवाही कर रही है। जिसकी वजह से पीओके में पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ आंदोलन की आग और भड़कती जा रही है। पीओके के लोग पाकिस्तान से आजादी की मांग को लेकर इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुके हैं। दरअसल पीओके में बिजली की भारी किल्लत है। और बढ़ी महंगाई ने उनका जीना हराम कर रखा है। ऊपर से पाकिस्तानी सेना उनके साथ लगातार अत्याचार कर रही है। अब पानी सिर से ऊंचा हो चुका है इसलिए पीओके के लोग पाकिस्तान से अलग होने की मांग को लेकर अब निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। पीओके के लोगों ने इस मामले में भारत से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि भारत पीओके को वापस लेने की मंशा पहले ही जाहिर कर चुका है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में यह बयान दिया था कि भारत बहुत जल्द पीओके से पाकिस्तान का बेजा कब्जा खत्म कर देगा। पीओके के लोग भी अब पाकिस्तान से अलग होकर पीओके का भारत में विलय कराने की पुरजोर मांग कर रहे हैं। भारत में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चुनाव निपटने के बाद निश्चित रूप से भारत पीओके को भारत में मिलाने के अभियान में जुटेगा। और वह दिन अब दूर नहीं दिखता जब पाक अधिकृत कश्मीर में भारत का तिरंगा झंडा लहराता नजर आएगा। पाकिस्तान की जो मौजूदा स्थिति है उसे देखते हुए यह नहीं लगता कि पाकिस्तान पीओके पर अपना नाजायज कब्जा बरकरार रखने में सफल हो पाएगा।

प्रेरक प्रसंग

अनोखी सूझ-बूझ

आगरा निवासी एक विमान चालक को, जिसकी उम्र अभी कुल 25 वर्ष होगी, सरगोधा हवाई अड्डे पर आक्रमण करने का आदेश मिला। साथ में तीन और विमान थे। सफल गोलाबारी के बाद चारों विमान भारतीय सीमा में लौट आए, किंतु इस चालक को सूझा कि अभी उसके पास दो बम हैं, इनका उपयोग क्यों न किया जाए ? साथियों के विवाद के बावजूद वह फिर वापस लौटा, किंतु पीछा करने वाले शत्रु के विमानों ने उसे घेर लिया और हवाई अड्डे पर उतरने के लिए बाध्य कर दिया। उसने अपना विमान उतारा, किंतु वह अभी हवाई पट्टी को छू ही रहा था कि उसने सहसा विमान को तेजी से ऊपर उठा दिया और एक बम पीछा करने वाले जहाज पर छोड़ा, जो तत्काल नष्ट हो गया। दूसरा बम जमीन पर खड़े विमान के पास फटा और वह भी नष्ट हो गया। भारतीय चालक सकुशल अपनी सीमा में लौट आया। साथ जमादार सीताराम सिंह ने आक्रमण किया। दुश्मन हमले के लिए तैयार था, जिसके कारण भारतीय टुकड़ी का आगे बढ़ना कोई आसान बात न थी। जमादार सीताराम सिंह ने सिपाहियों को दाएँ-बाएँ विभक्त कर उन्हें आगे बढ़ने का हुक्म दिया। पाँच मिनट तक ऐसी भीषण गोलाबारी हुई कि पहाड़ियाँ भी कॉप उठीं। जमादार के शरीर को कई गोलियाँ पार गईं। सारा शरीर खून से लथपथ हो गया, पर वे बराबर आगे बढ़ते गए, दुश्मन इस कठिन मार को सह न सका। पाकिस्तानी, चौकी छोड़कर भाग खड़े हुए और कारगिल की चोटी पर भारत का तिरंगा लहरा दिया गया। जमादार साहब ने झंडे को सलामी दी और वहीं शहीद हो गए।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:47, सूर्यास्त: 19:00, चन्द्रोदय: 12:06, चन्द्रास्त : 25:05, अयन : उत्तरायण, ऋतु: ग्रीष्म, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर: (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास: वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी (पूर्ण रात्रि), नक्षत्र : मघा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : विष्टि (17:17 तक), द्वितीय करण : बव (पूर्ण रात्रि)

॥गोचर ग्रहा:॥

सूर्य : वृष, चंद्र : सिंह (15:24 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : अमृत काल : 13:40 से 15:25, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:25, गोधूलि मुहूर्त : 19:02 से 19:23, सायाह्न सन्ध्या : 19:04 से 20:06, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, होमाहुति : शुक्र, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास: मृत्यु (17:17 तक), चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 15:25 से), शिववास : श्मशान में।

डॉ. परदेशीराम वर्मा

यहाँ के भोले भाले आदिवासी, पिछड़े और दलितों के बीच से भिन्न भिन्न क्षेत्रों में नेतृत्वकर्ता निकलकर नहीं आ रहे हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ का शोषण लगातार बढ़ रहा है। यह सोचकर वे पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन की मशाल लेकर सामने आए। लगातार आंदोलन के बाद छत्तीसगढ़ बना। अजीत जोगी, डॉ. रमनसिंह और भूपेश बघेल ने अपनी अपनी भूमिका निभाकर छत्तीसगढ़ के सपनों के लिए काम किया। विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से छत्तीसगढ़ की वह अभिलाषा पूरी हुई जिसमें मूल निवासी आदिवासी को नेतृत्वकर्त्ता बनकर आगे आने का सपना रहा। विष्णुदेव साय ठीक छत्तीसगढ़ियों की तरह विनम्र, सेवाभावी और सबको भरपूर मान देने वाले व्यक्ति हैं। छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और यश के लिए काम करने का उनका संकल्प वंदनीय है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी राजाओं का अपना न्यायपूर्ण संसार रहा है। समय के साथ उनकी सत्ता दूसरों के हाथों में जाती गई। शिक्षा, चिकित्सा और विकास की दौड़ में आदिवासी पिछड़ते चले गए। जंगलों में छोटे छोटे गांवो में रहने वाले आदिवासी अपनी दुनियाँ में मगन रहे। अपने सीमित संसाधनों से ही उन्होंने अपने संसार को गीत-संगीत से रसमय बना लिया। चंट-चालाक लूट विधा में निपुट लोगों ने आदिवासियों को खूब लूटा भी लेकिन धीरे-धीरे वहां भी जागरण का शंखनाद हुआ।

आशा जगाने वाले विनम्र जनसेवक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

2023 के चुनाव में 90 सदस्यीय विधान सभा में भाजपा को 54 सीट मिली और आदिवासी समाज के गौरवशाली व्ह्यह्यक्तित्व श्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री बने। विनम्र, कर्मठ और दृढ़निश्चयी माने जाने वाले श्री विष्णुदेव साय की माता जी श्रीमती जसमनी देवी ने कहा कि मेरे बाबू (विष्णु देव का यह घरू सम्बोधन है। छत्तीसगढ़ी माताएँ गांवों में आज भी इसी तरह सम्बोधित करती हैं।)

माता जी ने कहा - मेरे बाबू ने सबसे पहले परिवार की सेवा की फिर गांव की सेवा की, विधायक, सांसद मंत्री रहकर क्षेत्र की सेवा की। अब वह मुख्यमंत्री बनकर राज्य की सेवा करेगा। माता जी के उपरोक्त आशीष में ही विष्णदेव साय जी का समग्र यशस्वी जीवन का विकासक्रम हमें समझ में आता है। वे बगिया के लाल हैं। ग्राम पंचायत बगिया में वे 1989 में पंच बने। 1990 में ग्राम पंचायत बगिया के निर्विरोध सरपंच बने। 1990 से 1998 तक मध्यप्रदेश विधानसभा में तपकरा क्षेत्र से विधायक रहे। 1999 में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सासंद बने। पुनः छत्तीसगढ़ बनने के बाद 2004 में रायगढ़ से ही सासंद चुने गए।

वे 2006 में छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने। 2009 में पुनः रायगढ़ से लोकसभा सदस्य बने। 2011 में दूसरी बार छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष चुने गए। 2014 में चौथी बार रायगढ़ से सासंद 2014 में केन्द्रीय राज्य इस्पात एवं खान, श्रम रोजगार मंत्री बने। जो वे 2019 तक रहे। 2020 से 2022 तक पुनः भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने। 2023 का वह निर्णायक चुनाव आया जिसमें वे कुनकुरी से विधायक और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने।

सर्वसमाज में लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री

छुटपन में हम लोग श्यामलाल पार्षद लिखित गीत रटते थे - *झंड़ा ऊँचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा*

इस गीत की एक पंक्ति को लेकर छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के बीच से निकलकर देश भर में चर्चित होने वाले हीरासिंह देव उर्फ कंगला मांझी ने आदिवासी जीवन पर केन्द्रित पुस्तक में अभिनव गीत लिखा -

भारत भूमिका नामक गोंडी और हिन्दी में लिखित इस पुस्तक में उन्होंने देवताओं की स्तुति में यह लिखा -

देवगणों का देश हमारा झंडा ऊँचा रहे हमारा

अर्थात् हमारा देश देवगणों का देश है इसलिए हमारा झंडा सदा ऊंचा रहे। इस प्रार्थना गीत को प्रतिवर्ष बालोद जिले के गौरवग्राम बघमार में लाखों सैनिक एकत्र होकर गाते हैं और एकता का संकल्प लेते हैं। गौरव ग्राम बघमार हीरासिंह देव उर्फ कंगला मांझी का वह गांव है जहाँ वे 45 वर्ष की उम्र में कांकेर के पास स्थित अपने जन्मग्राम कुरूटोला को छोड़कर संगठन के विस्तार के लिए आ बसे। यहाँ 05 से 07 दिसम्बर तक तीन दिवसीय सैनिक सम्मेलन होता है। कंगला मांझी सरकार के सैनिक यहाँ प्रतिवर्ष तीन दिन का मेला लगाते हैं। इस अवसर पर एक सम्मान समारोह होता है जिसमें अगासदिया कंगला मांझी सम्मान दिया जाता है। मैं 2007 से अब तक इस सम्मान समारोह का संचालक और आयोजक हूँ। यहाँ मंत्री रामविचार नेताम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केन्द्रीय मंत्री

फग्गन सिंह कुलस्ते, राज्यपाल महामहिम डॉ. अनुसुइया उइके, संत पवन दीवान पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय हल्बा समाज बी.एल. ठाकुर पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, आदिवासी समाज के समर्पित नेता बी.एल. ठाकुर, पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. कीर्तिकेय ध्रुव, मतस्य विभाग के निदेशक नारायण सिंह नाग, प्रख्यात कलाकार डॉ. अजय सहाय एवं डॉ. रविशंकर नायक, डॉ. लाखेश मढ़रिया, डॉ. अरूण मढ़रिया सहित प्रदेश और देश के चिंतक, साहित्यकार, लोककलाकार, समाजसेवी लगातार आते रहे। प्रतिवर्ष यह गीत -

झंडा ऊँचा रहे हमारा देवगणों का देश हमारा।

गाया जाता है और संकल्प लिया जाता है कि आदिवासी समाज सभी समाज और प्रदेश तथा देश का हितैषी समाज है। स्वाभिमानी, परिश्रमी, बलिदानी और ईमानदार समाज है। मगर इसे इसका वाजिब सम्मान और हक नहीं मिला है। इसलिए कंगला मांझी ने स्वयं कंगला मांझी सरकार बनाकर अस्सी वर्ष पूर्व से अब तक लड़ाई को लड़ते हुए हमें सिखाया कि आदिवासी समाज से नेतृत्व मिलेगा तभी हमारा सही सम्मान होगा। सेवाभावी विष्णुदेव का दिल्ली निवास कहलाता था मिनी एम्स उनका गांव बगिया पहाड़ी जिले जसपुर के मैनी नदी के किनारे बसा है। नदी के किनारे बसे गांव बगिया केलाल विष्णुदेव साय जी पर लिखते हुए मुझे हमारे समय के एक बड़े कवि त्रिलोचन की कविता की पंक्तियाँ याद आ रही है -

नदी ने कहा मुझे बांधो मनुष्य ने तैरकर पार किया।
नदी ने कहा मुझे बांधो मनुष्य ने नाव से पार किया।
नदी ने कहां मुझे बांधो मनुष्य ने नदी को बांध लिया
अब नदी कामधेनु है मनुष्य उसे दुह रहा है।

एक छोटे से गांव बगिया के पंच पद से उठकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने वाले विष्णुदेव साय का दिल्ली निवास उनके छत्तीसगढ़ के ऐसे लोगों का शरण स्थल था जो दिल्ली में ईलाज कराने जाते थे मगर आसरे की तलाश में रहते थे। उन्हें उनके सरकारी बंगले में आसरा मिलता था। स्व. दिलीप सिंह जूदेव उनके राजनैतिक अभिभावक माने जाते थे। वे विष्णुदेव साय की सेवा भावना से बेहद प्रभावित थे। लोगों के लिए अपने बंगले को सदा खुला रखने वाले विष्णुदेव साय के बंगले को वे मिनी एम्स कहते थे।

लोयला हाई स्कूल से हायर सैकेण्डरी उत्तीर्ण करतेही वे जनसेवा में लग गए। मुख्यमंत्री बनकर उन्होंने 18 लाख जरूरतमंद लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दिया। किसानों के बकाया बोनस, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर लोगों का दिल जीता।

वे कहते हैं कि मैं गांव का रहने वाला हूँ। मैंने गरीबी देखी है। जब वे 4 चौथी कक्षा में थे तभी उनके पिता का साया सिर से उठ गया। माँ सहित तीन छोटे भाईयों के लालन-पालन की जिम्मेदारी उठाते हुए वे आगे पढ़े। वे कहते हैं कि मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि विधायक या सांसद बन पाऊँगा। उनके चाचा जीत रंजन साय ने उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। वे गुरू बाबा घासदीस जी के बताए सत्य के रास्ते पर चलकर और पुरखों के आशीष से यहाँ तक पहुँचे ऐसा वे मानते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद विधानसभा में जो कहा वह बहुत महत्वपूर्ण है - समृद्ध सशक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु हमारी सरकार कटिबद्ध है। इसके लिए हम पूरी निष्ठा से दिन रात काम करेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने के लिए जो दायित्व हमें सौपा है उसे हम पूरी निष्ठा से निभाएंगे। पुरखों के सपना के अनुरूप आदवासी के सर पर मुख्यमंत्री का ताज छत्तीसगढ़ डॉ. खूबचंद बघेल जैसे स्वप्नदृष्टा के गुजर जाने के तीन दसक बाद बना। आजादी की लड़ाई लड़ने वाले डॉ. खूबचंद बघेल ने देखा कि नए राज्य मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ की पहचान नहीं बन रही है।

आज का इतिहास

16 मई 2014 में आज ही के दिन भारतीय उद्योगपति रुस्तमजी होमसजी मोदी का निधन हुआ था। 2014 में 16 मई के दिन ही भारतीय जनता पार्टी को 16वें लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत मिला और भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई। 2013 में 16 मई को ही अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोन किए गए इंसानी भ्रूण से स्टेम सेल निकालने में सफलता मिली थी। 2008 में आज ही के दिन सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय शिक्षण संस्थानों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 27 प्रतिशत ओबीसी कोटा पर रोक के कोलकाता हाई कोर्ट के निर्णय को खारिज किया था। 2007 में आज ही के दिन निकोलस सरकोजी फ्रांस के 23वें राष्ट्रपति बने थे। 2006 में हॉलीवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया था। 2004 में आज ही के दिन टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स खिताब जीता था। 1996 में आज ही के दिन अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के 10वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। 1991 में आज ही के दिन महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने वाली पहली ब्रिटिश साम्राज्ञी बनीं थी। 1975 में 16 मई को ही सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इक तरफ मुश्किल

इक तरफ मुश्किलें थी हमारी दूसरी ओर सारा। जहां था मेरे पैरों से खींची जमीं थी मेरे सिर पे न जब आसमां था जिसको सागर की गहराई समझा वो तो बस एक उथला कुआं था जल गया था कोई उस मका में जिसकी छत पे धुआं ही धुआं था फूट कर रोई जब मेरी आंखे उस समय कोई कन्धा कहां था - **नीरू श्रीवास्तव**

दिन कटना ही भारी

दिन कटना ही भारी था,तुम्हारी रात भी कट गई मूंछों को साफकरते... तुम्हारी नाक भी कट गई कुछ साबुत बचा के नहीं, ये भी बता दे ज़ालिम बीवी के सामने देखो, तुम्हारी बात भी कट गई। - **जे डी कुदाल**

खास पाती | अब मेरी ये कार चलती भी नहीं

अब मेरी ये कार चलती भी नहीं है, मेहनत से प्यार करती भी नहीं है। थक चुकी है बरसों से चल चल के फिर भी दर्द से बेज़ार दिखती भी नहीं है। चक्के उसके जाम अब होने लगे हैं, जिनको वो गुलज़ार रखती भी नहीं है। इसकी साथी कारें कितनी बंद हैं पर, थमना ये इकरार करती भी नहीं है सोचता हूं छोड़ दूं इसको कहीं पर, पर रगें तैयार होती भी नहीं हैं। मरते तक अब साथ ये मेरे रहेगी, मौत से वो यार डरती भी नहीं है। - **संजय दानी**

कटे पेड़ करवा रहे,हमको ये अहसास

कटे पेड़ करवा रहे,हमको ये अहसास मानव खतरों से घिरा,वृक्ष बिना न सांस वायु प्रदूषण हो रहा, देह हुई बेकार वरना हर घर में यहां,मिलता क्यों बीमार बच्चो को सिखलाइये, करें पेड़ से प्यार बिना पेड़ सम्भव नहीं,जीवन का विस्तार वायु प्रदूषित हो रही,मत रोगों को बांट कुल्हाड़ी को फेंक दे,मत पेड़ो को काट प्राणवायु इनसे मिलें,करो पेड़ तैयार बिना पेड़ जल जायेगा,ये सारा संसार - **शालिनी शर्मा**

हर रात राहत का इशारा नहीं है

हर रात राहत का इशारा नहीं है। कब से तुमने भी पुकारा नहीं है।। दर्द सीने में उठाए हैं कितने ही। फिर भी ये हौंसला हारा नहीं है।। हर सुबह उम्मीद लिए आता है। मेरा दिल यूँ भी आवारा नहीं है।। कभी कोई रहम करके दिल दे दे। अपनी ग़ैरत को ये गवारा नहीं है।। सदा ये दिल तक तेरे पहुँची कैसे। बस ख्याल किया, पुकारा नहीं है।। हां ये आंसुओं के समंदर हैं 'नीर'। इनका पानी मगर खारा नहीं है।। - **नीरंजन नीर**

करोगे याद मुझे तुम भुला न पाओगे!

करोगे याद मुझे तुम भुला न पाओगे! मिरा ये अक्स भी दिल से मिटा न पाओगे!! चलूंगी साथ हमेशा ही साया बनकर मैं, सफ़र के बीच में दामन छुड़ा न पाओगे! शब-ए- फ़िराक़ क़यामत जो तुम पे गुज़रेगी, वो दिल की आग किसी को दिखा न पाओगे! कलम को तोड़ भी दो तो अदीब मरता नहीं , मिरे वजूद को तुम भी मिटा न पाओगे! किताबे-दिल पे जो मैंने लिखी हैं तहरीरें , पढ़ोगे जब भी रफ़ाक़त भुला न पाओगे! मिरे कलाम तुम्हारे लिये विरासत हैं , कलामे-इश्क़ हैं इनको जला न पाओगे! अदा ओ हुस्न तो मिल जायेंगे बहुत तुमको , तलाश कर लो कहीं भी ''वफ़ा'' न पाओगे ! - **कविता सिंह**

किसी ठौर के मोह से बंध न जाएं

किसी ठौर के मोह से बंध न जाएं, न उत्सव के आनंद में प्रण भुलाएं, उजाला अभी कर रहा है प्रतीक्षा, चलो दो कदम और आगे बढ़ाएं.. कई शत बरस तक हैं आघात खाए, कई कोटि वीरों ने मस्तक चढ़ाए, समय के पटल पर अमिट जो लिखी हैं कथा वो नई पीढ़ियों को सुनाएं.. उसी से है मिटना, उसी से है बनना, निशा के ही आंचल से है सूर्य उगना, न स्थायी है दिन, न है रात अक्षुण, निशा और दिन पारी-पारी से आएं.. स्वयं को स्वयं सा बनाने का संकल्प, जड़ों की तरफ लौट जाने का संकल्प, कि पहचान जो दौड़ती रक्त बनकर, जगत से पुनः उसका परिचय कराएं। - **निश्चय बाजपेई**

ख्वाब में नहीं, हमेशा हकीकत में

ख्वाब में नहीं, हमेशा हकीकत में आया है, साथ छोड़ा सबने, उसने साथ निभाया है, कभी आगे तो कभी पीछे चलता है मगर-अलग हुआ नहीं मुझसे, वो मेरा साया है। - **पूनम झा 'प्रथमा'**

QUIZ TIME

1) मौर्य काल के दौरान राज्य के राजस्व की वसूली कौन सा अधिकारी करता था?

2) हेमिस त्योहार भगवान पद्संभव को समर्पित है, जिन्हें बुद्ध के प्रतिनिधि अवतार के रूप में सम्मानित किया जाता है। यह भारत के किस भाग में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है?

3) भारत के किस राज्य में हिंडन नदी किस राज्य में बहती है?

4) विष्णु और भागवत पुराण में किस जैन तीर्थंकर को विष्णु का अवतार बताया गया है?

5) हाल ही में द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांग सोशल एक्टिविस्ट के.एस.राजन्ना को किस पुरस्कार से सम्मानित किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) समाहर्ता (2) लद्दाख (3) उत्तर प्रदेश (4) ऋषभदेव (5) पद्मश्री

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज दिन के आरम्भ में स्वभाव में नरमी रखने की आवश्यकता है। बेतुकी बाते कर के परिवार का वातावरण खराब करेंगे।

वृष: आज दिन के पहले भाग में आप किसी कार्य को लेकर दुविधा में रहेंगे इसके कारण भाग दौड़ भी करनी पड़ेगी परन्तु लाभ होते होते हाथ से निकल जायेगा।

मिथुन: आज आपको सरकारी क्षेत्र से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी सार्वजनिक क्षेत्र पर भी मान बढेगा।

कर्क: आज आप दिन के पूर्वार्ध में उदासीनता से ग्रस्त रहेंगे सर पर दायित्व के कारण कार्य करने का मन करेगा।

सिंह: आज का दिन मिला-जुला फल देगा दिन के आरंभ में जिस कार्य को करने से डरेंगे दोपहर के बाद उसी में मन लगने लगेगा।

कन्या: आज दिन के पूर्वार्ध को छोड़ शेष भाग कुछ ना कुछ हानि ही देकर जाएगा अतिमहत्त्वपूर्ण कार्य समय रहते पूर्ण कर लें इसके बाद बनते कामो में विघ्न आने लगेंगे।

तुला: आज का दिन सामाजिक कार्यो में योगदान देने से सम्मान बढ़ायेगा। आज आप कार्यो में जल्दबाजी दिखाएंगे जिससे कोई भी कार्य पूर्ण तो जल्दी हो जाएगा।

वृश्चिक: आज दिन के आरंभिक भाग में पूजा पाठ में सम्मिलित होने का असर दिन भर मानसिक रूप से शांत रखेंगो।

धनु: आज भी दिन के पूर्वार्ध में सेहत संबंधित शिकायत रहेगी। सर में भारीपन अनुभव करेंगे लेकिन मध्यान तक स्वास्थ्य में सुधार आने लगेगा।

मकर: आज दिन के आरंभिक भाग में आप किसी महात्त्वपूर्ण कार्य को लेकर उत्साहित रहेंगे

कुंभ: आज दिन के आरम्भ में परिस्थितियां आपको लाभ से दूर रखने वाली रहेंगी

मीन: आज के दिन धैर्य धारण करने का लाभ आपको अवश्य ही किसी ना किसी रूप में मिल जाएगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -058

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रिय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 057 का हल

संयंत्र के सीवी-2 कास्टर से ब्लूम कास्टिंग का हॉट परीक्षण पूर्ण

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र ने अपनी मोडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप 3 (एसएमएस-3) में कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स उत्पादन के हॉट ट्रायल का सफल परीक्षण किया। हॉट ट्रायल परीक्षण के पश्चात, कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स की पहली हीट के सफल उत्पादन के साथ संयंत्र ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मूल रूप से सीवी 2 को 8 जून 2023 को बीम ब्लैंक कास्टर के रूप में कमीशन किया गया था, लेकिन फिनिशिंग मिलों द्वारा बिलेट्स और ब्लूम्स की बढ़ती मांगों के कारण कास्टर सीवी 2 को कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित कर दिया गया। सीवी 2 के कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित होने से, बीएसपी की फिनिशिंग मिलों की ब्लूम और बिलेट की इनपुट मांग और बाहरी ग्राहकों की मांगों को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह उल्लेखनीय उपलब्धि, मेसर्स प्राइम मेटल्स और बीएसपी के परियोजना विभाग और एसएमएस 3 की टीमों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से संभव हुई है। एक साल से भी कम समय के भीतर, इन टीमों ने सफलतापूर्वक सीवी 2 को एक कॉम्बी-कास्टर में बदल दिया, जो अब ब्लूम और बीम ब्लैंक्स दोनों का उत्पादन करने में सक्षम है। 14 मई 2024 को कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स के पहली हीट की सफल कास्टिंग की गई। विशेष रूप से एसएमएस 3 की टीम ने अपने अमूल्य प्रयासों से ब्लूम की पहली हीट की सुचारू और सुरक्षित कास्टिंग सुनिश्चित की। जिससे एक निर्बाध उत्पादन और एक सफल परिणाम प्राप्त हुआ। ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति बीएसपी टीम के समर्पण को रेखांकित करती है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सीवी 2 में हॉट ट्रायल पूरा होने के बाद एसएमएस 3 का दौरा किया। जहाँ उन्होंने सीवी 2 से ब्लूम्स के पहली हीट की सफल कास्टिंग के लिए एसएमएस 3 की टीम, प्लांट के प्रोजेक्ट विभाग की टीम और सभी संबंधित एजेंसियों और विभागों को बधाई दी। कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी एसएमएस 3 और इस उपलब्धि में शामिल विभिन्न शॉप्स और विभागों को बधाई दी एवं आगे भी इसी तरह सुरक्षा मानदंडो के पालन के साथ नए कीर्तिमान रचने के लिए प्रेरित किया।

आईजी गर्ग ने गूगल को दिया नोटिस

■ **फर्जी कस्टमर केयर नंबरों पर कार्यवाही करने हेतु लिखा पत्र**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र लिखा गया है। जिसमे गूगल सर्च पेजों पर प्रदर्शित फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के कारण हो रही धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने एवम आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध मे कहा। श्री गर्ग ने पत्र के माध्यम से कहा कि विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध करने वाले सायबर ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों, होटलों, वॉलेट्स, यूपीआई, गैस एजेंसियों, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं।

अक्सर गूगल विज्ञापनों का उपयोग धोखेबाजों द्वारा किया जाता है, ताकि गूगल सर्च परिणामों में फर्जी नंबर सबसे ऊपर दिखें। चूंकि उपयोगकर्ता गूगल सर्च परिणामों पर भरोसा करते हैं, वे इन फर्जी नंबरों को असली कस्टमर केयर नंबर मान लेते हैं और परिणामस्वरूप अपनी संवेदनशील व गोपनीय जानकारी प्रदाय कर ठगी करने वालो के जाल में फसते चले जाते है, उन्होंने गूगल को आई टी एक्ट की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहा कि इस प्रकार की धोखाधड़ी गतिविधियों से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, गूगल के लिए आवश्यक सभी कदम उठाना महत्वपूर्ण है ताकि नागरिकों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाया जा सके तथा गूगल इस विषय पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने एवं किए कार्यवाही के संबंध में जानकार प्रदाय करने कहा है।

■ न्यूज गैलरी

आज मतगणना प्रशिक्षण

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत दुर्ग व बेमेतरा जिले के प्रशिक्षणार्थियों के लिए मतगणना प्रशिक्षण 16 मई को प्रातः 10 बजे से बीआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है। मतगणना प्रशिक्षण सात चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार पहला चरण प्रातः 10.30 बजे रिसोर्स पर्सन एनएलएमटी श्रीमती गीता दीवान द्वारा काउंटिंग प्लान एंड लॉजिस्टिक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरा चरण प्रातः 11.30 बजे सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रूपेश कुमार वर्मा द्वारा काउंटिंग प्रोसिजर ईवीएम एंड वीवीपैट के संबंध में तीसरा चरण अपरान्ह 12.30 बजे सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रश्मि वर्मा द्वारा काउंटिंग प्रोसिजर ईटीपीबीएस एंड पोस्टल बैलेट के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। चौथा चरण अपरान्ह 2.15 बजे वीवीपैट काउंटिंग डिमोंस्ट्रेशन, पांचवा दोपहर 3 बजे इनकोर काउंटिंग, छठवां अपरान्ह 4 बजे परिणाम घोषणा एवं सातवां 4.30 बजे इंडेक्स कार्ड के संबंध में प्रशिक्षण होगा।

लॉटरी से एलकेजी के 20 व कक्षा वन हेतु 80 का चयन

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु विद्यार्थियों के कक्षा एलकेजी एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया शासन के नियमानुसार 15 मई को विद्यालय प्रांगण में सभी पालकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कैलाश साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा एवं जयप्रकाश पांडे प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पांहदा के द्वारा लॉटरी निकलने का शुभारंभ किया गया। जिसमें शासन के नियमानुसार सभी पात्र और अपात्र बच्चों की सूची बनाई गई एवं पात्र बच्चों के माता-पिता द्वारा ही लॉटरी निकला गया। शासन के द्वारा निर्धारित आरक्षण का पालन करते हुए एलजी के लिए 20 सीट एवं कक्षा पहली के लिए 80 सीट का चयन किया गया। लॉटरी प्रक्रिया विद्यालय की प्राचार्य लतारघु कुमार एवं मिडिल प्रधान पाठक शीतल नैयर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, पति घायल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में सरकारी स्कूल के सामने एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति बुरी तरह घायल हो गया। पूरा मामला नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदिनी खुंदनी का है। जानकारी के मुताबिक भिलाई के कुरुद गांव निवासी मोहन यादव (38 साल) अपनी पत्नी उर्मिला यादव (33 साल) और 10 वर्षीय बेटे बयांस के साथ बाइक से नंदिनी खुंदनी अपनी बहन के घर गया था। वहां बहनोई छबिलाल यादव और बहन बिमला के पास पूरा दिन बिताने के बाद वो लोग बाइक से रात को 8 बजे भिलाई के लिए निकले थे। मोहन जैसे ही नंदिनी खुंदनी शासकीय स्कूल के पास पहुंचा कोई अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। टक्कर इतनी तेज थी की पत्नी और बच्चा दूर सड़क पर जा गिरे। सिर में गहरी चोट आने और अधिक खून बहने से उनकी मौके पर मौत हो गई। घायल मोहन यादव मदद के लिए गुहार लगाता रहा। आसपास मौजूद लोगों ने नंदिनी पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां मां और बेटे को मृत घोषित कर दिया गया और मोहन लाल का उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मॉर्चुरी में भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

सेल्फी लेते समय गिरा मजदूर, मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक मजदूर15 फीट की ऊंचाई पर काम करते हुए सेल्फी लेकर वीडियो बना रहा था। तभी उसका पैर फिसला और नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उसका पोस्टमॉर्टम लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में किया गया। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। दरअसल, नवा तरिया सरिया वाशिंग चौक में अजीत मेटालिक नाम की कंपनी है। इस कंपनी में बबलू प्रसाद 37 वर्ष पिछले 3 साल से हेल्पर के पद पर काम कर रहा था। पुलिस के मुताबिक कंपनी में कुछ काम चल रहा था। बबलू 15 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर काम करवा रहा था। वो वहां चढ़कर सेल्फी लेने लगा और वीडियो बना रहा था। ऊपर से नीचे गिरा तो उसे काफी चोटें आई। उसे देखकर बाकी मजदूर बचाने भागे लेकिन उसकी हालत काफी खराब थी। उसे तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बबलू प्रसाद के 3 बच्चे हैं। वो खुद अजीत मेटालिक कंपनी के अंदर ही सरवेंट क्वार्टर में रहता था।

भिलाई में पकड़ाए गोलीकांड के 3 आरोपी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नारायणपुर जिले में कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या करने वाले 3 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नारायणपुर व दुर्ग पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन से सफलता पाई है। सूचना मिली थी की हत्या के आरोपी दुर्ग में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही टीम बनाकर अलग अलग दिशा में धरपकड़ के लिए भेजी गई थी। अलग अलग जिलों में छापा मार अब तक 6 आरोपियों की गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि तीन आरोपी हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई का रहने वाला है। सुबह नारायणपुर पुलिस ने दुर्ग क्राइम टीम की मदद से टाउनशिप एरिया के सेक्टर-9 व सेक्टर-7 में दबिश देकर तीनों युवक को पकड़ा है। पुलिस आरोपियों को लेकर नारायणपुर के लिए रवाना हो गई है। मामले में बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि, अब तक हत्या में शामिल 6 से अधिक आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। ज्ञात हो कि अज्ञात लोगों ने नारायणपुर के बीच मोहल्ले में कांग्रेस नेता परिवहन संघ के सचिव विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या की है। आरोपियो ने घर के समीप ही रात्रि में बाइक पर सवार होकर तीन गोली मार कर हत्या कर दी थी।

अखबार बेचकर बना अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रथम अंतर राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का आयोजन 11 मई से 13 मई के बीच भारत सरकार से मान्यता प्राप्त इंडियन यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा नेपाल की राजधानी काठमांडू में किया गया। प्रतियोगिता में देश के अनेक राज्यों व देश विदेश से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छग राज्य से पंकज यादव ने भी हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने भारत देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। पंकज अपने जीवन में अख़बार बेचकर लगातार संघर्ष करते हुए आगे बढ़े और उन्हें कई बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के योगा कोच व जज है। सुराना कॉलेज में योग विभाग में सहायक प्राध्यापक पद के रूप में पदस्थ है तथा स्माइल योग संस्थान के संचालक और श्री रावतपुरा सरकार विवि नया रायपुर पीडीसीए स्कॉलर है। सुराना कॉलेज प्राचार्या पूजा मल्होत्रा, शारीरिक शिक्षा विभाग विभागाध्यक्ष डा. अजय लांजेवार व रावतपुर सरकार विभागाध्यक्ष डॉ. केवलराम चक्रधारी व स्माइल योग संस्थान के समस्त सदस्यों ने बधाइयां व उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विज्ञापन बोर्ड का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की होगी जॉच : आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जल जनित बिमारियों के बचाव एवं वर्षाऋतु में वर्षाजल के जमाव को रोकने सहित बरसात में होने वाले परेशानियो से बचने के लिए आवश्यक तैयारियो के साथ ही आयुक्त ने विभिन्न कार्यो का किया समीक्षा। जोन आयुक्त निगम क्षेत्र के भूमि एवं भवनो के छत पर लगाए गये होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को वर्षाऋतु के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा। उन्होने क्षेत्र में चल रहे बड़े छोटे नालियो की सफाई कार्य की वार्डवार समीक्षा किए और कहा कि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर लेवे कि कोई भी नाली चोंक न हो पानी आसानी से बह जाए और कही पर भी पानी का जमाव न हो।

पुलगांव वृद्धाश्रम में सुविधाओं का जल्द होगा विस्तार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में जल्द सुविधाओं का विस्तार होगा। इसे लेकर जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान श्री ठाकुर ने जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए बधाई देते हुए मतदान में हुए 2 प्रतिशत की वृद्धि पर कलेक्टर के कार्यो एवं भूमिका की सराहना की। साथ ही कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को जिला रेडक्रास सोसायटी के गतिविधियों के अलावा आगामी कार्यो के रुपरेखा से संबंधित प्रतिवेदन भी सौंपा गया। प्रतिवेदन में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकताओं का खासकर उल्लेख किया गया है। जिसके अंतर्गत वृद्धाश्रम में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल निर्माण, पेयजल के लिए बोर खनन के अलावा बुजुर्गो के सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल है। कलेक्टर ने जिला रेडक्रास सोसायटी के गतिविधियों से जुड़े प्रतिवेदन पर खुशी जाहिर करते हुए वृद्धाश्रम में सुविधाओं का जल्द विस्तार किए जाने का दिलीप ठाकुर को भरोसा दिलाया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री मोनू कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202404100400402/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री मोनू कुमार साहू आ. श्री अशोक कुमार साहू निवासी क्रांति चौक पोटियाकला वार्ड 53 दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तह. व जिला दुर्ग	353/33	0.0092 हें 990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री गौरव सेन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202405100400128/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री गौरव सेन आ. श्री लालचंद सेन निवासी शंकरनगर जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	783/182	0.0139 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री द्वारिका प्रसाद | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202405100400127/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री द्वारिका प्रसाद आ. श्री तिजउ निवासी वार्ड नं. खैरझिटी जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	783/189	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री आशीष कुमार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202405100400126/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री आशीष कुमार आ. श्री राजेश प्रसाद निवासी स्टेशन मरोदा भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	91/12	0.0117 हें 1260 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री तेवेन्द्र सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202405100400129/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री तेवेन्द्र सिंह आ. श्री प्रमोद बघेल निवासी ग्राम उरला तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	783/190	0.0186 हें 2000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती ममता चंद्राकर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202405100400125/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती ममता चंद्राकर पति श्री मोती चंद्राकर, निवासी शीतला नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	783/187 783/188	0.0082 हें 0.0082 हे.	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404104000016 /अ-74/वर्ष 2023-24
मौजा-बानबरद, प.ह.न. 06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द पिता स्व. निहाली, साकिन बानबरद तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मौजा बानबरद, प.ह.न. 06 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील अहिवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 1234, 1242 रकबा क्रमशः 1.10, 0.80 हे0 राजस्व अभिलेख में गोविन्द पिता निहाली एवं अन्य के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसका मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी करने हेतु निर्धारित शुल्क खजाना दाखिल किये गये चालान की प्रति, पुलिस हस्तक्षेप-अयोग्य अपराध की सूचना की कॉपी, नो-ड्यूज सर्टिफिकेट आदि दस्तावेज इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव उक्त आवेदन के संबंध में विधिसम्मत आपत्तियाँ रखने वाला कोई भी व्यक्ति सुनवाई हेतु नियत तिथि 22.05.2024 को स्थान तहसील तहसील अहिवारा में स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा लिखित आपत्तियों निवेदित कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार अहिवारा (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

मामला.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है सौम्य राजपूत पिता प्रदीप कुमार राजपूत साकिन शंकरनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 1249/10 कुल रकबा 0.008 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति/दावा या उजर पेश करना हो तो वह पेशी दिनांक 17.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.05.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रशेखर साहू पिता बलराम साहू निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 724/27 रकबा 0.005 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता श्रीमती महाबती के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 10.09.2015 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 0202309104300001 /अ-6अ/ सन्- 2023-24

नोटिस

प्रति, 1. कमलेश यादव आ. श्री राजनारायण यादव जाति यादव निवासी मैत्रीनगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग, 2. लक्ष्मी शर्मा पिता एस.के शर्मा, 3. नीति दीवान आ. शिशिर दीवान निवासी कुम्हारी

आवेदक श्री राममगन पिता श्री भगवती, निवासी रुआबांधा तहसील भिलाई व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सिरसाकला, प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. चरोदा तहसील भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 107/5 रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता श्री कमलेश यादव पिता श्री राजनारायण यादव से पंजीकृत बैनामा दिनांक 31.03.2012 को क्रय किया गया था, किन्तु वर्तमान राजस्व आनलाईन अभिलेख में ख.नं. 107/5 का रकबा 0.010 हे. भूमि लक्ष्मी शर्मा पिता एस.के. शर्मा के नाम पर त्रुटिवश दर्ज हो गया है एवं मैन्युवल रिकार्ड में ख.नं. 107/5 का रकबा 0.010 हे. भूमि नीति दीवान पिता 15 शिशिर दीवान निवासी कम्हारी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि आवेदक द्वारा क्रय की गई भूमि है। वर्तमान अभिलेख में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है एवं दिनांक 24.05.2024 को सुनवाई नियत है। चूंकि उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः दिनांक 24.05.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत तिथि में उपस्थित न होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430103900138

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी अश्वनी यादव पिता/पति रतनलाल यादव पता कंडरापारा दुर्ग, रामजी यादव पिता/पति रतनलाल यादव पता कंडरापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 46/168(0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती अनीता यादव पिता/पति स्व. अश्वनी यादव पता गंजपारा बांधातालाब दुर्ग, उर्मिला यादव पिता/पति स्व. रामजी यादव पता गंजपारा बांधातालाब दुर्ग, राजेश यादव पिता/पति स्व. रामजी यादव पता गंजपारा बांधातालाब दुर्ग, चंदन यादव पिता/पति स्व. रामजी यादव पता गंजपारा बांधातालाब दुर्ग, रविकुमार यादव पिता/पति स्व. रामजी यादव पता गंजपारा बांधातालाब दुर्ग, रिखीकुमार यादव पिता/पति स्व. रामजी यादव पता गंजपारा बांधातालाब दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430103900118

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी चांदबेग मिर्जा पिता/पति केजूबेग मिर्जा पता गिरधारीनगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 888/57(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शकीलुन निशा पिता/पति स्व. चांदबेग मिर्जा पता गिरधारीनगर तह. व जिला दुर्ग, अजीज बेग मिर्जा, एजाज बेग मिर्जा पिता/पति स्व. चांदबेग मिर्जा पता गिरधारीनगर तह. व जिला दुर्ग, जुलेखा बानो पिता/पति स्व. चांदबेग मिर्जा पता गिरधारीनगर तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका चंद्रशेखर चंद्राकर वगै पिता स्व. चितरंजन चंद्राकर निवासी शंकरनगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 856/20 रकबा 0.2030 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अरविंद कुमार बंजारे वगै पिता स्व. गोवर्धनलाल बंजारे निवासी मठपारा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 856/21 रकबा 0.2030 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(4)/ वर्ष 2023-24
पंजी. 202405103800002

आवेदक जितेन्द्र कुमार साहू आ. स्व. राजकुमार साहू निवासी वार्ड नं. 06 ठेठवार पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 28 बी भूखंड क्रं. 106 क्षेत्रफल 148 वर्गमीटर भूमि धारक दयाराम साहू आ. जोहन साहू के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक दयाराम की मृत्यु दिनांक 09.10.2006 को एवं उनकी पत्नि श्रीमती राजिम साहू की मृत्यु दिनांक 13.12.2017 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री राजकुमार साहू, राजेश साहू, लव साहू, कुश साहू, कुमारी बाई, सरस्वती उर्फ किरण, उषा है, जिसमें से पुत्र राजकुमार की मृत्यु दिनांक 21.05.2002 को एवं उनकी पत्नि त्रिवेणी की मृत्यु दिनांक 28.09.2022 को, पुत्र राजेश साहू की मृत्यु दिनांक 18.04.2011 को, लव साहू की मृत्यु दिनांक 27.03.2019 को हो चुकी है। मृतक राजकुमार का वारिसान उनके पुत्र-पुत्री जितेन्द्र कुमार, पूजा है। मृतक राजेश का वारिसान उनकी पत्नि गीता, पुत्री पायल, पुत्र खिलेन्द्र है। मृतक लव साहू का वारिसान उनकी पत्नि ज्योति साहू, पुत्री हीमांशी, भूमिका, विकम है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं हैं। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.05.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-सी.जी. 2024251111470

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती रमादेवी यादव पिता/पति विजय यादव पता म.न. 110 आनंद चौक पचरीपारा वार्ड 28 दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1086/18 (0.0028) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता महेन्द्र यादव पिता/पति विजय यादव पता म.न. 110 आनंद चौक पचरीपारा वार्ड 28 दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

पंडित प्रदीप मिश्रा का शिवमहापुराण आज से कुरूद में

धमतरी/नवप्रदेश। गुरुवार 16 मई से कुरूद में श्री गौरीशंकर शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। इसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले होंगे। यह कथा वृद्धि विहार भरदा चौक राजिम रोड में 22 मई तक होंगे। आयोजन की तैयारियों में विधायक अजय चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, समर्पण सेवा संस्था के बंटी शर्मा, भानु चंद्राकर ज्योति चंद्राकर भूपेंद्र चंद्राकर,अनिल चंद्राकर दीपक बैस, कृष्णकांत साहू, अरुण केला,दीपक अग्रवाल विजय केला महावीर गुप्ता, कमलेशगांधी, योगेश चंद्राकर,राहुलचंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, विक्रम बंजारेकमलेश चंद्राकर गोविंद शर्मा, किशोर यादव, हरिशंकर सोनवानी, जित्तअग्रवाल,टकेश्वरचंद्राकर, कुंभ साहु, चंद्रशेखर चंद्राकर, पंकज नायडू राजेशपवार नरेश अग्रवाल कुलेश्वर चंद्राकर त्रिलोकचंद जैन,अतुल केला, हेमंत साहू, सोमप्रकाश सिन्हा, वंश खत्री प्रयास शर्मा, कान्हा अग्रवाल, कान्हा शर्मा, वृद्धि शर्मा सहित शिवभक्त जुटे हुए हैं।

टीआई की गाड़ी पर नक्सली हमला, बाल-बाल बचे थानेदार

बीजापुर/नवप्रदेश। बस्तर क्षेत्र में लगातार आईडी ब्लास्ट की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच नक्सलियों ने थानेदार के निजी वाहन को निशाना बनाया है। इस ब्लास्ट की घटना में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि घटना में थानेदार बाल-बाल बच गए, उसे मामूली चोटें आई हैं। नक्सलियों ने थानेदार को निशाना बनाते हुए उनके निजी वाहन में ब्लास्ट कर दिया।

सोते व्यक्ति को उठाने पर हत्या, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

भाटापारा/नवप्रदेश। माता देवालय वार्ड शीतला मंदिर के पीछे हुई हत्या की घटना कारित करने के मामले में शहर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

घटना की वजह आरोपियों को सोते से उठा कर गाली गलौज बना हत्या का कारण। उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी योगिताबली खापर्डे ने बताया कि प्रार्थी अमन यदु निवासी शांति नगर वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात उसके पिता अखलेश यदु पिता लखन यदु उम्र 50 वर्ष की मातादेवालय मंदिर के पीछे भाटापारा में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर पत्थर से गहरा चोट पहुंचाकर एवं हाथ की नस को काटकर हत्या कर दी गई कि रिपोर्ट पर धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटनास्थल के आसपास मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा, मृतक की जान पहचान एवं आस-पड़ोस वाले लोगों से पूछताछ कर घटना तथा हत्या करने वाले वाले संभावित आरोपियों के संबंध में पता तलाश कार्यवाही प्रारंभ की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी लालू शुक्ला उर्फ अरुण शुक्ला को पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने

अपने एक अन्य साथी लाला उर्फ आनंद गुप्ता निवासी संतकंवर राम वार्ड के साथ मृतक की हत्या करना स्वीकार किया गया। पूछताछ में बताया कि रात्रि में दोनों आरोपी एक जगह सो रहे थे। इसी दौरान मृतक अखलेश द्वारा दोनों सोए हुए आरोपियों को गाली गलौज कर जबरन उठा दिया। इसे क्षुब्ध होकर उन्होंने मृतक अखलेश के सर में पत्थर पटक दिया गया तथा दूसरे आरोपी लाला उर्फ आनंद द्वारा मृतक की हाथ की नस काट दी। मृतक अखलेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरा आरोपी लाला उर्फ आनंद फरार है। जिसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश करने में उप निरीक्षक राधेलाल वर्मा, सउनि घनश्याम वर्मा, प्रआर. भूखन वर्मा, आरक्षक उमेश वर्मा, विजय शंकर ठाकुर, दुर्गेश साहू, लोरिक शांडिल्य, त्रिलोकी वर्मा, मुकेश रात्रे, ईश्वर यादव, महेंद्र साहू, टिकेश्वर साहू, राहुल यादव, सर्विलेंस टीम से विनोद सिंह, आर. इन्द्र कुमार सोनी का सराहनीय योगदान दिया।

एआईसीसी छत्तीसगढ़ की महिला नेत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ की महिला नेत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक छाया वर्मा को शिमला-04 लोकसभा क्षेत्र में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को शिमला-04 लोकसभा क्षेत्र में ठियोग विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।

पालिका करा रही शहर के पानी टंकियों की सफाई, बोर और हैंडपंप में डलवा रहे दवाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर की प्यास बूझाने वाले नगरपालिका की पेयजल सप्लाई करने वाली पानी टंकि यों और बोर पंपों की सफाई अभियान शुरू करा दी गई है । मानसून आने के पहले शहर के लोगो को पेयजल से होने वाली बिमारियों से बचाने पालिका के अभियान के तहत शहर भर के विभिन्न वार्डो मे बनाए गए पानी टंकि यों की सफाई पिछले दो दिन से जारी है । शहर के धनेली, किलापारा, अमलीडीहखुर्द, दाउचौरा, सिविललाइन, पिपरिया, गंजीपारा, अमलीपारा इलाके मे कुल आठ पानी टंकि यों की ब्लीचिंग सहित अन्य संसाधनों से सफाई कराई जा रही है । इन पानी टंकि यों के बूते ही शहर भर मे पेयजल सप्लाई रोजाना की जाती है । हर छह माह मे इन पानी टंकि यों की सफाई होती है । इस बार इसमे देरी हूई लेकिन बारिश से पहले इसे प्राथमिकता के साथ पूरा कराने पालिका प्रशासन जूटी हूई है ।

बोर और हैंडपंप मे डाल रहे दवाई : मौसमी बिमारियों के साथ बारिश के दौरान पानी से होने वाली बिमारियों को रोकनें शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पानी टंकियों के साथ साथ शहर के बोर और हैंडपंपों मे भी ब्लीचिंग डालकर सफाई की जा रही है । शहर मे पेयजल आपूर्ति मे साथ देने 51 बोर पंपों का उपयोग रोजाना किया जाता है । इन्ही बोर पंपों से पानी टंकि यों को पेयजल सप्लाई के लिए भरा जाता है । साथ ही पाइपलाइन मे भी सीधे सप्लाई होती है ।

शहर के 20 वार्डो मे 148 हैंडपंप भी संचालित होते है । जिसका उपयोग वार्डवासी पेयजल सहित अन्य कार्यो के लिए करते है । पालिका की जलप्रदाय विभाग कीटीम दो दिनों से पानी टंकि यों की सफाई के साथ साथ बोर और हैंडपंपों मे दवाई डालकर पानी की शुद्धता बढ़ाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जूटी है ।

गंदगी हटाने सफाई अभियान

पानी टंकि यों की सफाई और बोर पंप, हैंडपंप मे दवाई डालने के साथ साथ पालिका की स्वच्छता टीम ऐसे हैंडपंपों बोर सहित पानी टंकियों के आसपास के इलाके की सफाई भी कर रही है । जहाँ पानी भरने से बिमारियों का खतरा मंडरा रहा है । खासकर उन वार्डो मे सतत अभियान चलाया जा रहा है । जहाँ आमतौर पर पानी जनित बिमारियों के बढने की आशंका सबसे ज्यादा है । ऐसे इलाको मे बोर और हैंडपंप की जगहो की सफाई कराई जा रही है । पानी के निकलने की व्यवस्था बनाकर पानी को जमा होने से रोका जा रहा है । ताकि गर्मी के दौरान पानी से होने वाली बिमारियों, बारिश मे पेयजल में गंदा पानी आने और जगह जगह जमा होने वाले पानी से होने वाली बिमारियों की रोकथाम की जा सके ।

> शहर भर के पानी टंकियों की सफाई के साथ बोर और हैंडपंपों मे दवाईयों का छिडक़ाव किया जा रहा है । गर्मी और बारिश के दौरान बिमारी रोकने सफाई अभियान जारी है ।
>
> **प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ नगरपालिका खैरागढ़

रंग संस्कार' में छाने को तैयार महाराष्ट्र नाट्य मंडल के नाटक

■ **17 मई से महाराष्ट्र मंडल में शुरू हो रहा तीन दिवसीय महोत्सव**

रायपुरनवप्रदेश। संस्कार भारती 17 मई से तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रहा है। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में आयोजित महोत्सव में हिंदी, छत्तीसगढ़ी और मराठी नाटकों का मंचन शाम को 6:30 से होगा। पहले ही दिन उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र नाट्य मंडल की सात लघु मराठी नाटिकाओं का इंद्र धनु (इंद्रधनुष) दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

मराठी नाटकों के 'इंद्र धनु' के संदर्भ में महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव व सभी नाटकों के निर्देशक प्रसन्न निमोणकर ने बताया कि इंद्र धनु का पहला रंग 'रक्तदान' होगा। योगेश सोमण लिखित 'रक्तदान' एक ऐसी महिला कर्मचारी की कहानी है, जिसने कभी किसी को रक्तदान तो क्या, कभी कोई दान अथवा सहयोग नहीं किया। उसे विवशतः रक्तदान करना पड़ रहा है। लघु नाटिका में रक्तदान के उपरांत उसकी मनःस्थिति में हुए बदलाव का भावनात्मक चित्रण है। इसमें रक्तदाता की एकल भूमिका को गौरी क्षीरसागर जीवंत करते दिखेंगी। निमोणकर के मुताबिक इंद्र धनु के दूसरे रंग के रूप में योगेश सोमण लिखित 'विसंवाद' में एक प्रौढ़ दंपती किसी रेस्टोरेंट में बैठा है। क्या ऑर्डर करना है, मात्र इसी बात पर दोनों में नोकझोंक हो जाती है। अंततः शाम का समय इसी बहस में बीता देते हैं।

बुजुर्गों की पीड़ा को दर्शाया छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में

■ **माता-पिता को वृद्धाश्रम न भेजने की शपथ ली**

रायपुर/नवप्रदेश। माता-पिता सीढ़ी के पहले पायदान नहीं होते हैं बल्कि वे जिंदगी के पेड़ की जड़ की तरह होते है। पेड़ कितना भी बड़ा क्यों ना हो और कितना भी हरा भरा क्यों ना हो यदि जड़ को काट दिया जाए तो वो हरा भरा नहीं रह सकता।

कुछ इस तरह के डायलॉग्स आज बूढ़ेश्वर मंदिर चौक में नुक्कड़ नाटक के दौरान छात्राओं ने बोले। ÷बुजुर्ग-हमारी धरोहर÷ विषय पर शिवानी स्मृति सेवा संस्थान के निशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने आज नुक्कड नाटक में अलग-अलग घटनाओं को प्रस्तुत कर बुजुर्गो के साथ घर में होने वाले व्यवहार को सामने रखा। जहां एक घटना में एक पिता अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए अपने बुजुर्ग माता-पिता को सर्वेन्ट क्वार्टर में भेजता है, वहीं छात्राओं ने एक अन्य दृश्य में बुजुर्ग माता-पिता को घर में भोजन के लिए अपमानित करने का दृश्य प्रस्तुत किया जो बड़ा मार्मिक था।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में ग्रामीण पुलिस ने आरोपी युवक को धारा 376 भादवि एवं 04 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पटले ने बताया कि 8 मई को पीड़िता ने थाना सिहावा जिला धमतरी में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह घरेलू काम करने नगरी सिहावा आयी हुई हैं। मार्च में वह अपनी दीदी के गोदभराई कार्यक्रम में खैरताल गई थी। जहां आरोपी विकास ध्रुव ने उसे तुमसे शादी करूंगा कहकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे और किसी को कुछ बताने से मना किया था। 26 मार्च से पीड़िता को बार बार सिर दर्द और उलटी होने पर अस्पताल में डॉक्टर से चेक करने पर गर्भवती होने की जानकारी मिली। इस पर पीड़िता ने विकास ध्रुव द्वारा मना करने के बाद भी शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध की रिपोर्ट पर सिहावा थाने में दर्ज कराई थी। मूल घटना स्थल खैरताल थाना भाटापारा ग्रामीण होने से प्रकरण की डायरी थाना भाटापारा ग्रामीण को प्राप्त होने पर असल अपराध धारा सदर का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी विकास ध्रुव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी विकास ध्रुव (20)सा. ग्राम पथरी थाना धरसीवां जिला रायपुर को धारा 376 भादवि एवं 04 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बाघिन गौरी ने अपने चारों शावकों ...

बाघिन की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। इसके बाद भी ऐसी घटना हो जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रही है। बाघिन गौरी के प्रसव होने की जानकारी प्रबंधन को थी। इसके बाद से जिस केज में वह थी, वहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। जब प्रबंधन को इस बात का पता चला तो वहां के कर्मी ने केज के भीतर जाकर देखा। बाघिन को बच्चों से दूर हटाया गया। तीन शावकों की वहीं मौत हो चुकी थी, जबकि एक शावक की सांस चल रही थी, लेकिन उसे भी जब तक संभाला जाता उसने भी दम तोड़ दिया।

ग्वालियर की राजमाता 70 वर्षीय ...

सफदरजंग स्थित निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा और इसके बाद ग्वालियर ले जाया जाएगा। अंतिम संस्कार कल ग्वालियर में छत्री परिसर में किया जाएगा जहां सिंधिया राजवंश के लोगों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है।

सीएम साय ने जताया ...

मेरी पूरी संवेदनाएं सिंधिया परिवार के साथ है। जानकारी के मुताबिक, माधवी राजे सिंधिया समाजसेवा के लिए ज्यादातर शिक्षा और मेडिकल के क्षेत्रों में कार्य करती थीं। इसके साथ ही सिंधिया कन्या विद्यालय के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष भी रही थीं।

संविधान बचाने के चुनाव में ..

कार्यकाल में वे संविधान में बदलाव करेंगे। अगर वे संविधान बदलेंगे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा।

चार चरणों में इंडिया गठबंधन काफी आगे : खड़गे ने कहा कि चार चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है जिसमें इंडिया गठबंधन काफी आगे चल रहा है। देश की जनता ने मोदी जी की विदाई तय कर दी है। चार जून को इंडिया गठबंधन नई सरकार बनाने जा रही है। कहा कि सरकार धर्म जाति की बात करती है मगर महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्यायों पर बात करना नहीं चाहती। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा चुनाव में भी भाजपा का तानाशाही चेहरा सामने आया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर सभी सहयोगी दलों के घोषणा पत्रों के आधार पर कामन मिनिमम प्रोग्राम लागू किया जायेगा जिसमें समाज के सभी वर्गो का ध्यान रखा जायेगा। कांग्रेस की सरकार आने पर पांच न्याय और 25 गारंटियों को अमल में लाया जायेगा।

चार जून के बाद मोदी ...

जून के बाद वह देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। गांधी ने बुधवार को कहा, झूठ की फैक्ट्री भाजपा खुद को कितना भी दिलासा दे ले, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। एक बार फिर कह रहा हूं- 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। देश के हर कोने में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है।

भाजपा का रथ धंस ...

कि भाजपा अपने ही नेगेटिव नेरेटिव में फंस गई है।

भाजपा का रथ फंस नहीं गया बल्कि धंस गया है। उन्होने कहा कि संविधान को बदलने के भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होंगे।

एक बार फिर दुर्ग का दबदबा देखने ...

चुनाव परिणाम आने के बाद खुलासा होगा। वहीं उनके साथ चुनाव कैंपेन में पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए काम करने वाले दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को भी उनके समर्पण का प्रतिफल मिलना तय माना जा रहा है।

हेमचंद यादव के बाद किसी भी यादव को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं

दुर्ग की सियासत में पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के बाद किसी भी यादव को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। कांग्रेस सरकार में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री सहित चार-चार मंत्रियों को शामिल किया गया। जिसमें सभी कुर्मी-साहू और सामान्य वर्ग के रहे। जिसके चलते शायद यादव समाज को तवज्जो नहीं दिया गया। जिसका विरोध कांग्रेस को करारी हार के रूप में झेलनी पड़ी।

पूर्व सीएम के पुत्र को झेलनी पड़ी करारी हार

दुर्ग के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल रहे मोतीलाल वोरा के पुत्र को करारी हार झेलनी पड़ी। संघ से जुड़े भाजपा के साधारण कार्यकर्ता गजेंद्र यादव ने गोविंद वोरा को लाखों वोटों से शिकस्त दी। भूपेश बघेल ने यादव समाज को मात्र वोट बैंक के रूप माना। कांग्रेस सरकार में चार-चार यादव विधायक होने के बाद भी एक को भी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया। अब बाजी पूरी तरह पलट चुकी है दुर्ग जीत का तोहफा विजय बघेल के साथ गजेंद्र यादव को देने का मन भाजपा बना चुकी है। मंत्रिमंडल में आने वाले 2028 की तैयारी अभी शुरू हो चुकी है। इसलिए भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले समाज को प्रमुखता के साथ प्रतिनिधित्व देने की सरकार की मंशा है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा 4 जून को होगी। उसके बाद प्रदेश मंत्रिमंडल में सामाजिक प्रतिनिधित्व के आधार पर पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव में तन-मन-धन से समर्पित काम करने वाले विधायकों को पुरस्कृत किया जाना तय है। इस नए समीकरण में जहां विजय बघेल मोदी मंत्रिमंडल के सदस्य होंगे, वहीं दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव विष्णुदेव मंत्रिमंडल में शामिल होकर समाज का प्रतिनिधित्व कर सकते है।

ऐसा है समाजों का ...

दर्ज करवा कर पार्टी में विशेष स्थान बना रखा है। 20 मार्च से 7 मई से पहले जितने भी भाजपा के चुनावी जनसभा हुए उसमें गजेंद्र यादव ने मोदी का परिवार कैंपेन के साथ तीसरी बार मोदी सरकार को लेकर समाज में यह संदेश दिया कि भाजपा की सरकार ही है जो बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास थीम को लेकर सबका विकास कर सकती है। जिसका असर मतदान के दिन देखने मिला सुबह से शाम तक मतदान केंद्र में मतदाताओं की भीड़ रही, जो जीत की बुनियाद को मजबूत रख दी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400049 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका निलेश कुमार रायपुरकर आ./पति बाबूराव रायपुरकर निवासी नाहंदा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 842/15 रकबा 0.0170 हें/ 1820 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नोटिस

रा.प्र.क्र./अ-6अ/वर्ष 2023-24

प्रति,

गजेन्द्र कुमार आ. तुलाराम साकिन कोहका

आवेदक राजेश कुमार आ. श्माम बिहारी साकिल शांतिनगर कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 330/97, 331/89 रकबा 0.014 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 12.06.1987 को क्रय किया था, जिसका नामांतरण हो गया था परंतु अभिलेख में आपका नाम दर्ज हो गया है, जिसे सुधार किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 12.06.2024 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

जारी दिनांक 15.05.2024

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./ /अ-6/वर्ष 2023-2024
रायपुर, दिनांक 13.05.2024
ग्राम-बोरियाखुर्द, प.ह.नं. - 71,

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर का ज्ञापन क्रमांक 529/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024 रायपुर दिनांक 06.03.2024 को शासन द्वारा हस्तांतरित भूमि को प्राधिकरण के नाम में दर्ज हेतु ज्ञापन प्राप्त। ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रायपुर में स्थित भूमि आबंटित भूमि का विवरण खसरा नंबर 213/2 रकबा 0.012 हे., वर्तमान अभिलेख में रास्ता में दर्ज है, खसरा नंबर 192/2 का भाग रकबा 0.012 हे., अदला-बदली में छोड़े गये भूमि का विवरण, खसरा नंबर 192/2 रकबा 0.060 हे., पटवारी अभिलेख में रायपुर विकास प्राधिकरण के नाम पर है। छत्तीसगढ़ विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के आदेशानुसार उक्त भूमि को हस्तांतरण के आधार पर रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28.05.2024 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 28/05/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल तहसीलदार के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202403132100014

विषय: अ-6 मामले की श्रेणी: राजस्व सन: 2023-24
धमतरी प.ह.नं. 00033 (हे.)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - अशोक यादव
अनावेदक पक्षकार - आम जनता

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक यादव पिता स्व. लखनलाल यादव व अन्य 02, निवासी बांसपारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी द्वारा नजूल मोहल्ला बांसपारा वार्ड धमतरी स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 34 ए, भू-खण्ड क्रमांक 04, क्षेत्रफल 88.00 वर्ग मीटर, भू- भाटक 193.00 रू. जो धारक अशोक कुमार, अरूण कुमार पिता लखनलाल यादव के नाम पर अभिलेख में दर्ज व स्थित है। उक्त वर्णित भू-खण्ड के सह धारक अरूण कुमार की मृत्यु दिनांक 13/10/2018 को हो चुका है। अतः उक्त आवेदित भू-खण्ड से मृत सह धारक अरूण कुमार का नाम अभिलेख से विलोपित कर उनके वैध वारिसान शिवा यादव पिता अरूण कुमार, पूर्णिमा यादव पति अरूण कुमार के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने एवं शेष धारक अशोक कुमार पिता लखनलाल यादव का नाम यथावत् रखे जाने हेतु मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदित भूखंड से मृत सह धारक अरूण कुमार का नाम अभिलेख से विलोपित कर उनके वैध वारिसान शिवा यादव पिता अरूण कुमार, पूर्णिमा यादव पति अरूण कुमार के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने एवं शेष धारक अशोक कुमार पिता लखनलाल यादव का नाम यथावत् रखे जाने पर किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था को किसी भी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो दिनांक 27/05/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपके द्वारा प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/05/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नजूल तहसीलदार, धमतरी (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400037 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका राजेश जैन आ./पति रुपचंद जैन निवासी एल.आई.जी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 7782, 7781 रकबा 0.02, 0.02 हें/ 3795 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400050 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका विजय बंसत कुमार साहू अन्य 01 आ./पति मदनलाल साहू निवासी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 56/25 रकबा 0.012 हें/ 1276.50 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती नीरा आर. पटेल पति स्व. राजेश पटेल निवासी वैशालीनगर भिलाई द्वारा ग्राम छावनी प.ह.न. 49 स्थित भूमि खसरा नंबर 2446/29 रकबा 0.0120 हे. राजेश पटेल पिता गोरधन भाई पटेल के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो वह सुनवाई तिथि दिनांक 30.05.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	दिशा कौर बब्बर	202405100400113/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दिशा कौर बब्बर आ. श्री इन्द्रजीत सिंह बब्बर निवासी गायत्री मंदिर वार्ड जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	28/51	0.0270 हें 2900 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री रौशन साहू	202405100400112/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री रौशन साहू आ. श्री फिरतूराम साहू निवासी वार्ड नं. 16 सिकोलाबस्ती जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	192/179	0.0105 हें 1125 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202404211100083/अ-59/वर्ष 2023-24
ग्राम- हथनी प.ह.नं. 40

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यापालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा नवीन 33/11केव्ही नवीन विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु ग्राम हथनी प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 891/1 रकबा 9.0570 हे. भूमि में से 0.607 हे. 1.05 एकड़ भूमि को कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड भाटापारा के नाम पर भूमि आबंटित करने हेतु कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा को पत्र प्रेषित किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 27.05.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त भूमि को कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड भाटापारा के नाम से भूमि आबंटित करने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 27.05.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

तहसीलदार, भाटापारा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

12 वीं में टाप करने पर आदित्य को एमएलए व महापौर ने दी शुभकामनाएं

धमतरी/नवप्रदेश। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य बरड़िया ने 95.6त्न अंक लाकर धमतरी जिला में टॉप कर विद्यालय समेत पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष आकाश गोलछा ने आदित्य बरड़िया को उनके उज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी है। साथ ही विधायक और महापौर ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें ताकि वे भी कामयाबी के शिखर पर पहुंचें।

पेंशनर समाज गरियाबंद की बैठक कल

गरियाबंद/नवप्रदेश। तहसील शाखा गरियाबंद ,छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज के तत्वावधान में शुक्रवार 17 मई को साईं मंदिर में समय 10 बजे से बैठक आयोजित है। छत्तीसगढ़ महतारी एवं शारदा माई के छायाचित्र में द्वीप प्रज्वलन अतिथियों के द्वारा संपन्न होगा। मई माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों का जन्मदिन मनाया जाएगा। मुख्य संरक्षक बंसीलाल साहू, नोहर सिंह वर्मा, एल आर बरिहा, लालाराम साहू ,अशोक कुटारे, रहीम बेग, सुमेर सिंह , श्रीमती प्रमिला कश्यप नए पेंशनर साथी- कामता राम नाग, फलेश्वर साहू का सम्मान किया जाएगा। पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा होगी। पेंशनर साथी बाबूलाल तिवारी के निधन पर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

22 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

सरसींवा/नवप्रदेश। मंगलवार 14 मई को शाम 5 बजे भिनोदी निवासी सुखराम तंजय पिता हरिराम तंजय और तीजराम तंजय पिता हरिराम तंजय को 22 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस को गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भिनोदी में सुकराम तांजय एवं जीतराम तांजय दोनों भाई अपने घर बाडी में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखे है। इस पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये आरोपीगण के कब्जे से 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध अप क्र 0/24 धारा 34 (2) आब . एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सुकराम तांजय पिता हरीराम तांजय उम्र 52 वर्ष साकिन भिनोदी थाना सरसीवां जिला सारं . बिला और जीतराम तांजय पिता हरीराम साकिन भिनोदी थाना सरसीवां जिला सारंगढ बिलाईगढ को जप्ती माल- एक सफेद रंग की थैला के अंदर दो नग सफेद पन्नी में भरा करीब 10-10 लीटर कुल 20 लीटर एवं एक दो लीटर क्षमता वाली हरा रंग की स्प्राईट बाटल में भरा 02 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल मात्रा 22 लीटर कीमती 4400 रुपए बरामद कर जप्त किया गया।

ईंट भट्ठों में खपाने ले जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी जप्त

- ईंट भट्ठों में खपाने ले जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी जप्त

बोड़ला/नवप्रदेश। वन विकास निगम की टीम ने गश्त के दौरान मूड घुसरी मैदान के जंगलों में दो ट्रैक्टर ट्राली में कई मिक्स प्रजातियों की लकड़ी की तस्करी करते हुए पकड़ा है।

क्षेत्र में काफी समय से लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं खासकर वन विकास निगम के क्षेत्र में लकड़ी तस्करों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में लकड़ियों की सप्लाई की जा रही है । जिसे लेकर समय-समय पर विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाती है लेकिन यह नहीं के बराबर है क्योंकि क्षेत्र में धड़ल्ले से लकड़ी की तस्करी की जा रही है।

लकड़ी का परिवहन करते पकड़ाए

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण मुड़ घुसरी मैदान में दो ट्रालियों में विभिन्न प्रजातियों की लकड़ी भर कर क्षेत्र में चल रहे अवैध भटटों में खपाने के लिए ले जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली में कई प्रकार की लकड़ियों लोड थी। इस विषय में संबंधित विभाग के रेंजर से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने सवेरे जानकारी देने की बात कही, सवेरे उनसे जानकारी चाहने पर उन्होंने कहा की वे अधिकृत नहीं है। उन्होंने अपने उच्चअधिकारी का नंबर दे दिया।

मामले पर रेंजर के द्वारा जानकारी देने से इनकार करने के बाद वन विकास के निगम के एस डी ओ से मोबाइल पर घटना के विषय में जानकारी चाही गई लेकिन उन्होंने भी मिलकर जानकारी देने की बात कही। घटना की सूचना मंगलवार 14 मई की रात मिलते ही घटना के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए बोड़ला में स्थित वन विकास निगम की डिपो में जब जानकारी लेने के लिए पहुंचे तो सबसे पहले वहां के गार्ड और रेंजर ने फोटो लेने सेरोक दिया। इस तरह लकड़ी तस्करी की बड़े मामले में मीडिया को जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जानकारी देने से इनकार किया जाना समझ से परे है।

बुधवार 15 मई की दोपहर जब खबर बनाने के लिए इस विषय में जानकारी चाही गई तो रेंज के रेंजर ने अपने उच्च अधिकारी का नंबर दे दिया इस तरह इतने बड़े मामले में टालमटोल का रवैया और विभागीय अधिकारियों द्वारा लकड़ी तस्करी के मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

वन विभाग के एसडीओ

मां में पूरा ब्रम्हांड समाया : रंजना साहू

मातृदिवस पर नलिनी माने का किया सम्मान

धमतरी/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने धमतरी के मराठापारा स्थित श्रीमती नलिनी माने का उनके निवास स्थान पहुंच कर सम्मान किया। श्रीमती माने एक शासकीय कर्मचारी हैं जो विपरीत हालातों में अपनी तीन बेटियों का पालन पोषण कर जिम्मेदार नागरिक बनाकर शादियां की और समाज में एक मिसाल बनीं। उनका सम्मान धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने किया और कहा मां सिर्फ एक शब्द नहीं बल्कि पूरा ब्रम्हांड है। बच्चों के लिए माँ पूरी दुनियाँ होती है। माँ के लिए अपने बच्चों से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। धमतरी की एक संघर्षशील माँ हैं नलिनी माने जो मिसाल हैं। उन्होंने हर परिस्थितियों का डटकर सामना किया और पूरे परिवार का पालन पोषण करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाया है। आज जब जमाना और बेटों को ज्यादा तवज्जो देता है। वहीं एक से अधिक बेटी होने पर जब महिला को कोसा जाता है आज से समय में गर्व के साथ तीनों बेटी का पालन पोषण कर श्रीमती माने जैसी माताएं समाज में मिसाल बनकर दुनिया को प्रेरित करती हैं।

माँ न केवल जन्मदाता है वो पूरा संसार है। आज ऐसी ही अपने जीवन की ऐसी जिम्मेदारियां निभाकर धन्य करने वाली माता श्रीमती माने का सम्मान कर हम स्वयं को भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक, प्राची देवांगन,लीना साहू,चेतना देवांगन,प्रणिता धर्मसी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के.एल. चौहान ने बुधवार 15 मई को जिला मुख्यालय में नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें मुख्य मार्ग में बनाये जा रहे पाथवे, मण्डी काम्पलेक्स,हाट बाजार, पौनी पसारी, एसआरएलएम सेंटर,नगर भवन,स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल, मुरूम तालाब चौपाटी, पीपराहा तालाब सहित गार्डन चौक गार्डन एवं मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन का जायजा लिया। उन्होनें कुछ स्थानों में चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर ही पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही पाथवे के आसपास पानी न रूके इसके लिए तराई करने एवं पाथवे के पूरे कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश सीएमओ को दिए है। इसी तरह हाट बाजार में बनाये जा रहे शेड को भी डेढ़ माह के भीतर ही पूर्ण कर आबंटन करने कहा गया है। कलेक्टर ने मण्डी काम्प्लेक्स का भी मुआयना कर उपस्थित व्यापारियों से भी भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने एक यूरिनल की मांग की जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ उचित जगह चिन्हांकन बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री चौहान ने मण्डी परिसर में ही संचालित मणीकंचन केन्द्र का भी जायजा लिया इस दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन को साइंस पार्क की तरह विकसित करने एवं गार्डन चौक गार्डन में घांस लगाने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त मुरूम तालाब में बनाये जा रहे चौपाटी की फाइल के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट सीएमओ को प्रस्तुत करने कहा गया है एवं मुरूम तालाब को अच्छे से बनाते हुए तालाब में पानी भरने की संभावनाओं की जानकारी ली है। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल में गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए अच्छे से दरवाजे एवं प्लंबिंग के कार्य करने कहा गया है। स्कूल ग्राउण्ड में 10 फीट का पाथवे सहित गार्डनिंग करने एवं दिव्यांगों के लिए हैण्डलिंग युक्त शौचालय बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,बलौदाबाजार लोक निर्माण एसडीओ एम एल नायक, वरिष्ठ सब इंजीनियर विभाकर जोशी,सीएमओ खिरौद भोई सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

दुर्गावाहिनी की 50 कार्यकर्ताओं को मिलेगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

- नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है: दीपक
- विश्व हिंदू परिषद ने 50 से अधिक बहनो को आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के लिए भेजा बालोद

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी का कार्य निरंतर बढ़ रहा है। इससे प्रभावित हो कर जिले भर के युवक युवतियां संगठन के साथ भारी संख्या में जुड़ रहे हैं। बुधवार 15 मई को जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर और जिलामंत्री रामचंद देवांगन के नेतृत्व में 50 से ज्यादा बहनें दुर्गावाहिनी आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए जिले से रवाना हुए। इसमें जिला के सभी क्षेत्रों की बहनें शामिल हुई। प्रशिक्षण के दौरान बहनों को बंदूक चलाना, लाठी चलाना, ताई क्वांडो, कराटे, तलवार बाजी सिखाया गया। इसके साथ ही देश धर्म समाज एवम् सनातन संस्कृति का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित होकर जिले की सभी बहनें अपने क्षेत्र में निरन्तर युवतियों को आत्मरक्षा और धर्म संस्कृति का प्रशिक्षण देंगी और जिले भर में हिंदुत्व जागरण के क्षेत्र में समाज सेवा एवम् धर्म रक्षा का कार्य करेंगी। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा की नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है। अपने भविष्य निर्माण के लिए राष्ट्र को आंतरिक अशांति एवं सशस्त्र विद्रोह से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा, और मोहन साहू प्रांतीय पदाधिकारी ने बेटियों को मास्टर ट्रेनर बनकर अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने की अपील की। जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा प्रशिक्षण में कड़ा मापदंड होता है। विषम परिस्थितियों में जीना सिखाया जाता है और अभाव में रहकर निखरना सिखाया जाता है। जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने सभी बहनों को संगठन के प्रशिक्षण के महत्व और भविष्य में होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी। आरएसएस के प्रांतीय अधिकारी मोहन साहू ने विश्व हिंदू परिषद धमतरी के कार्यों की सराहना करते सभी बहनों की उज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी।

रक्तदान कर बचा सकते हैं किसी का जीवन: डा सोम

नगरी/नवप्रदेश। सिविल अस्पताल में डॉक्टर सोम के सानिध्य में बुधवार 15 मई को सुबह 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जहां रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया महिलाओं ने भी आगे आकर रक्तदान किया। इस दौरान कुल 61 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परंतु केवल 54 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों ने अपने दोस्तों को फोन कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इंद्रेश कुमार देवांगन 17 बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं। उनका कहना है कि ब्लड देने से शरीर में कोई नुकसान नहीं होता शरीर को फायदा ही होता है। रक्तदान से किसी की जान बच सकती है इससे बड़ा दान कोई नहीं हो सकता डॉक्टर सोम ने बताया कि कुछ मरीजों को प्रेग्नेंट महिलाओं को ब्लड की जरूरत पड़ती है मगर उस समय अर्जेंट में खोजना पड़ता है। ब्लड नहीं मिलने की स्थिति में मरीज की तबीयत बिगड़ी जाती है। डॉक्टर सोम ने बताया कि ब्लड देने से शरीर को कोई भी नुकसान नहीं होता है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज, सफाई और बचाव का देंगे संदेश

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिश्वर ने बताया कि, कार्यक्रम में ग्राम एवं शहरों में मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता के साथ-साथ साफ -सफाई का संदेश दिया जाएगा। जिले में पूर्व से ही वेक्टर जनित रोग के रोकथाम हेतु स्त्रोत नियंत्रण अभियान चल रहा है जिसमें कूलर, गमले,नाली,टायर आदि में रुके हुए पानी को हटाया जा रहा है क्योंकि इस जल जमाव में ही डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के लार्वा पनपते हैं। राष्टीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। बहुत तेज बुख़ार,आखों के ऊपर दर्द,माँस पेशियों जोड़ों में तेज दर्द सहित ,जी मितलाना और उल्टी सहित शरीर मे लाल चकत्ते ये कुछ लक्षण हैं जिससे डेंगू का पता चलता है। स्थिति गंभीर होने पर मरीज की जान भी जा सकती है। नोडल अधिकारी के अनुसार डेंगू हेतु कोई विशेष दवा प्रभावकारी नहीं है ,लक्षण के आधार पर उपचार दिया जाता है। बीमारी की स्थिति में तरल पदार्थ और आराम करने की सलाह दी जाती है । जिले में डेंगू की प्रारंभिक जाँच सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित जिला अस्पताल में निःशुल्क होती है। गौरतलब है की जिले में वर्ष 2022 में 18,2023 में 27 केस एवं 2024 में अब तक 3 केस मिल चुके हैं।

पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन 15 सितंबर तक

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली से की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों, विषयों जैसे कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, इंजिनियरिंग, सार्वजानिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ठ और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कार संबंधी विधान और नियमावली वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस पद्म अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन https://padmawards.gov.in पर एवं पद्म पुरस्कार के लिए नांमाकन केवल ऑन लाइन पोर्टल एचटीटीपी स्लेस अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन https://awards.gov.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2024 तक निर्धारित हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि तिल्दा वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 11 के.व्ही. फिडर में मानसून पूर्व अतिआवश्यक सुधार कार्य किए जायेंगे इस हेतु सुबह 10.00 से शाम 05.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	दिन	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	17.05.2024	शुक्रवार	11 के.व्ही.टाउन-2	थाना, हास्पिटल, रेलवे स्टेशन, सासाहोली, तिल्दा बस्ती, गोकुलधाम
2	18.05.2024	शनिवार	11 के.व्ही.टाउन-4	सिन्धी कैम्प, गांधी चौक, नेवरा, सितलापारा, सिनोधा रोड, कन्ड्रापारा।
3	20.05.2024	सोमवार	11के.व्ही. टाउन-3	सी.एस.ई.बी. आफिस, जनपद, शिक्षक कालोनी, खरोरा रोड, श्यामनगर , कृष्णानगर।
4	22.05.2024	बुधवार	11 के.व्ही.टाउन-5	बनिया पारा, भैरवगढ़धाम, मोहभट्ठा पारा, गोदड़ीधाम, एस.बी.आई. बैंक एवं पंचायती मंदिर।
5	25.02.2024	शनिवार	11के.व्ही. टाउन-1 एवं यार्ड मेटेंनेस	तहसील, नगर पालिका, सेतपाल नगर, कुर्मी बोर्डिंग, कन्या शाला, शांति राईस मिल, गोवर्धन नगर।

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।''

''असुविधा के लिए खेद है''

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे''
''स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइए ''

(शशांक श्रीवास्तव)
कर्म. संख्या 4401195
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

संवाद-40200/2

छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर
// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आरंग (ग्रामीण) वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र व 11 के.व्ही. फिडर्स का प्री-मानसून मेंटनेंस हेतु ट्री कटिंग एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में सुबह 08.00 से दोपहर 12.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	दिन	समय	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	16.05.2024	गुरूवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. मैटम फीडर	अमेठी
2	17.05.2024	शुक्रवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. मैटस फीडर	गुल्लु, गुदगुदा
3	20.05.2024	सोमवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. परसकोल फीडर	देवरी, परसकोल
4	21.05.2024	मंगलवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. परसकोल फीडर	रानीसागर
5	24.05.2024	शुक्रवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. अकोली फीडर	गुखेरा, अकोलीकला
6	25.05.2024	शनिवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. अकोली फीडर	भोथली, अकोलीकला
7	27.05.2024	सोमवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. भोथली फीडर	खमतराई
8	28.05.2024	मंगलवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. भोथली फीडर	कलई, जरौद
9	30.05.2024	गुरूवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. खमतराई पंप फीडर	खमतराई, कलई जरौद, गुल्लू, भोथली
10	31.05.2024	शुक्रवार	सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	11 के.व्ही. खमतराई पंप फीडर	खमतराई, कलई जरौद, गुल्लू, भोथली

''तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 07.30 बजे संबंधित उपकेन्द्र आरंग में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेंगें।''
''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएँ।''

असुविधा के लिए खेद है

(एम.एस. हरि)
कर्म. संख्या 4450812
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर

संवाद-40204/2

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
पक्षकार-गणेशराम पिता फिरंता जाति सतनामी कास्तकार ग्राम फुण्डरडीह प.ह.नं. -39

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशराम पिता फिरंता जाति सतनामी निवासी व कास्तकार ग्राम फुण्डरडीह प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम फुण्डरडीह प.ह.नं. 39 स्थित भूमि कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.105 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर हुए त्रुटि को सुधार किए जाने हेतु आवेदिका के द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 24.05.2024 को प्रतिवाद प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद समयावधि पश्चात प्राप्त प्रतिवाद पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
पक्षकार- सष्टन कुमार पिता सावलदास जाति सतनामी कास्तकार ग्राम सर्रा प.ह.नं.-05

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सष्टन कुमार पिता सावलदास जाति सतनामी निवासी व कास्तकार ग्राम सर्रा प.ह.नं.-05 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सर्रा प.ह.नं. 05 स्थित भूमि कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.152 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर हुए त्रुटि को सुधार किए जाने हेतु आवेदिका के द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 24.05.2024 को प्रतिवाद प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद समयवाधित पश्चात प्राप्त प्रतिवाद पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सण्जी (पलारी)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone03@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में स्थित दुकान क्र. ए-93, श्री शंकर नत्थानी पिता स्व. सदोरोमल नत्थानी, के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5835 दिनांक 28.09.2010 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 22.01.2013 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 02.06.2022 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेतागण (1) श्री गुरदास सद्रानी (2) गुरमुख लाल सद्रानी दोनों के पिता श्री आनंद राम सद्रानी, दोनों निवासी म.नं. 1-2, ब्लॉक-ए, अलौकिक धाम के पास, लालपुर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 19.03.2023 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेतागण (1) श्री गुरदास सद्रानी (2) गुरमुख लाल सद्रानी दोनों के पिता श्री आनंद राम सद्रानी, द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम संयुक्त पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3 रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

आनलाईन क्रमांक/ 202405210200078
अ-29 (3) वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार हरिरमानी पिता प्रतापराय हरिरमानी जाति सिंधी उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड नं. 08 गुरूनानक देव वार्ड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जति बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 18 ए, भूखंड क्रमांक 136 क्षेत्रफल 2570 वर्गफीट भू भाटक 323.00 रुपए, मकानमय आंगन को विक्रेता राजकुमार पिता हरगुनदास वगैरह जाति सिंधी निवासी वार्ड नं. 15 बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय करने के फलस्वरूप नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदक द्वारा मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति, विक्रय पत्र की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 31.05.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-23/265 भू-तल में श्री श्रीकांत दीवान पिता स्व. श्री कमलनारायण दीवान को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 02.01.2014 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 25.04.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री उदनलाल तंटुजी साठवने पिता श्री तंटुजी साठवने के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/भवन के विक्रय के सबंध मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सपंदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. -525, श्री अमित कुमार पाटिल पिता स्व. श्री आर.सी. पाटिल, के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 16.03.2011 को विक्रय विलेख पंजीकृत उपरांत आबंटन आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा दिनांक 11.03.2016 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है, हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती राधिका पति श्री गुलशन कुमार श्रीवास, निवासी-एल. आई.जी.-525, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 29.03.2024 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में श्रीमती राधिका पति श्री गुलशन कुमार श्रीवास, द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02 रायपुर

न्यूज गैलरी

सीईओ ने किया प्रधानमंत्री आवास कार्यों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल द्वारा आज जिला बेमेतरा अंतर्गत विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम हाथाडांडू एवं जूनाडांडू में प्रधानमंत्री आवास के कार्यो का औचक निरीक्षण किया। जिसमें निरीक्षण के दौरान अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के हेतु संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये गये। साथ ही हितग्राहियों को भी अपने आवास के कार्यो को बरसात के पूर्व तेजी के साथ पूर्ण कराने कहा गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यो का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तकनीकी सहायक जनपद पंचायत नवागढ़ एवं जिला समन्वयक व सहायक अभियंता आवास जिला पंचायत उपस्थित रहें।

17 मई को लाटरी के माध्यम से होगा स्कूल में प्रवेश

गंडई/पंडरिया/नवप्रदेश। स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो स्वामी आत्मनन्द स्कूल अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम गंडई में कक्षा पहली की कक्षा में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 17 मई होगी। लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ होगा। स्कूल मे प्रवेश के लिए कुल 162 आवेदन मिले है। विद्यालय के प्राचार्य पवन ददरिया ने बताया कि कक्षा 1ली के लिए 50 सीट रिक्त है जिसके लिए कुल 162 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमे 128 छात्र ही प्रवेश के लिए पत्र है अपात्र छात्रो की संख्या 34 है। इसका अवलोकन विद्यालयीन समय पर किया जा सकता है। 11 मार्च को पात्र और अपात्र की सूची भी प्रकाशित की गई है और 13 मई तक दावा आपत्ति का समय भी निकाल चुका है।

देवकर पुलिस ने 5 जुआरियों से 11650 रुपए की जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत डीहपारा तालाब पार खेत किनारे आम जगह में 13 मई को कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर चौकी देवकर पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर जुआड़ी पकडे गये। जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 5 जुआडियों महेश साहू उम्र 32 साल, राकेश श्रीवास उम्र 29 साल, रिंकु सिन्हा उम्र 21 साल, राजू साहू उम्र 23 साल, मनीष साहू उम्र 30 साल सभी साकिनान डीहपारा देवकर पुलि चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 11650 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सउनि द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक राजू धीवर, प्रमोद पांडेय, पुरूषोत्तम पटेल एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

चयनित विद्यार्थी 16 से 22 तक में ले सकेंगे प्रवेश

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौंक कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद पात्र आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से 15 मई 2024 को विद्यालय सभाकक्ष में पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ चयन कार्य सफलतापूर्वक किया गया। चयन सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। चयनित छात्र 16 मई 2024 से 22 मई 2024 तक आवश्यक दस्तावेज के साथ अनिवार्य विद्यालय में प्रवेश ले सकते है। निर्धारित तिथि में चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नही लेने पर प्रतीक्षा सूची से 24 मई 2024 से 30 मई 2024 तक विद्यालय में प्रवेश लिया जायेगा। इस लॉटरी प्रक्रिया में तहसीलदार कवर्धा श्री उपेन्द्र किण्डो , कलेक्टर प्रतिनिधि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री संजय कुमार जायसवाल, कवर्धा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नीलिमा जनार्दन, राहुल कुमार मिश्रा, श्रीमती प्रगति वर्मा, कलप कुमार गंधर्व, श्री राजेश कुमार पाण्डेय, श्री अमित कुमार पाण्डेय, श्री दीपक चन्द्रवंशी एवं विद्यालयीन स्टॉफ कवर्धा एवं नगर के गणमान्य नागरिक, पालक गण उपस्थित रहे।

10वीं, 12वीं के मेधावी छात्रों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। सीबीएससी बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परिणाम सोमवार को घोषित हो गये हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा आज मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय के जिला में सीबीएसई कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम से लेकर पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर शुभकामनाएं ज्ञापित किया हैं। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उनके भविष्य की पढ़ाई के बारे में पूछा और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने को कहा, उन्होंने विद्यार्थियों को एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को कहा। बता दें की जवाहर नवोदय विद्यालय की 12 वीं कक्षा में विद्यालय में युगलकिशोर देवांगन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, योगेश कुमार सिन्हा 91 प्रतिशत द्वितीय, चेतन पटेल 89.80 प्रतिशत तृतीय, राजेश कुमार चेलक 88.60 प्रतिशत चतुर्थ एवं सूरज साहू 88 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया हैं। इसी क्रम में कक्षा 10 वीं में युवराज वर्मा द्वय ओम आयुष साहू ने 92.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुनाल देवांगन द्वय हुमेश साहू ने 90.40 प्रतिशत के साथ तृतीय एवं सुमित साहू ने 88.80 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।

कार ने बाइक सवार को कुचला, महिला की मौत

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा नेशनल हाइवे में कार की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 304 अ के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मृतक महिला के शव का मंगलवार को जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपा गया।

पुलिस के अनुसार सोमवार को अपने बेटे के साथ बाइक में बैठकर खंडसरा जा रही रामबाई साहू व संतोष साहू की बाइक को बहेरा मोड़ के पास कवर्धा की ओर से आ रहे कार चालक ने ठोकर मार दी, जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए, जिससे रामबाई साहू के सिर पर गंभीर चोट पहुंची, वहीं संतोष के पैर में गंभीर चोट आई। दोनों को उपचार के लिए 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों ने महिला की मौत होने की पुष्टि कर दी। वहीं घायल संतोष को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। बताया गया कि मृतक महिला के पति रिखी राम साहू का उपचार निजी अस्पताल में किया जा रहा था, जिसे सोमवार को रिलीव किया गया। सभी दो अलग वाहन से खंडसरा जा रहे थे कि सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पुलिस ने प्रार्थी दुकल्हा साहू की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ 304 अ व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

रायगढ़ के जंगलों में भालू ने ली महिला की जान

रायगढ/नवप्रदेश। धरमजयगढ़ में एक महिला की मौत भालू के हमले में हो गई. यह घटना उस वक्त हुई जब एक वह बुजुर्ग महिला महुआ बीनने के लिए जंगल गई हुई थी. छाल वन रेंज की घटना॑ यह पूरी घटना छाल वन रेंज की है. सुबह 8 बजे के बाद महिला इंदरमती अघरिया जंगल में महुआ का फूल इकट्ठा करने गई थी. इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया. जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई. महिला धरमजयगढ़ वन विभाग में तैनात वन बीट गार्ड श्याम अघरिया की मां थी. महिला महुआ फूल चुनने जंगल में गई थी तभी वहां पर झाड़ियों के भालू अचानक आ गया. भालू ने महिला के ऊपर हमला कर दिया. जिसमें महिला को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर मौत हो गई.÷॑ अभिषेक जोगावत, धरमजयगढ़ संभागीय वन अधिकारी महिला के परिजनों को दी गई आर्थिक सहायता॑ ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को भालू के हमले की सूचना दी. जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. महिला के शव को कब्जे में लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया. उसके बाद वन विभाग और छत्तीसगढ़ प्रशासन के नियमों के मुताबिक पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराई गई. धरमजयगढ़ में भालू के हमले में मौत का पहला मामला॑ धरमजयगढ़ में बीते तीन साल के अंदर भालू के हमले में मौत का यह पहला मामला है. बीते तीन साल में यहां भालू के हमले में किसी की मौत नहीं हुई है।

चिखली में अवैध प्लाटिंग की तैयारी, निगम ने खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का लगाया बोर्ड

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर नगर निगम कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जांच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाड़कर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही कर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया। कार्यवाही की कड़ी में आज चिखली में साई मंदिर के पास रिक्त कृषि भूमि खसरा नंबर 398/1 में जुनीहटरी निवासी अहमद रजा आ. रियाज अहमद द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जानकारी होने पर नगर निगम की अतिक्रमण तोडू दस्ता टीम ने उक्त प्लाट में खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया, इस संबंध में संबंधित को पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था।

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जांच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जहॉ अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, वहां जेसीबी से उखाड़कर अवैध प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त कर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया था।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कार्यवाही की कडी में आज चिखली सांई मंदिर के पास रिक्त कृषि भूमि खसरा नंबर 398/1 में जुनीहटरी निवासी अहमद रजा आ. रियाज अहमद द्वारा अवैध प्लाटिंग कर विक्रय की तैयारी की जा रही थी, जहां आज नगर निगम की टीम ने उक्त भूमि पर अवैध प्लाटिंग क्षेत्र, टुकड़ों में जमीन की खरीदी बिक्री प्रतिबंधित है, संबंधी बोर्ड लगाया। साथ ही संबंधित को पूर्व में छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत अवैध प्लाटिंग बंद करने नोटिस भी जारी किया गया था। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी बिक्री न करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि कही भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में संपर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवे, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्यवाही करेए ताकि परेशानी से बचा जा सके।

सख्ती, नगर में कराई गई मुनादी व्यापारियों को नोटिस थमाया

आदेश.. 17 मई से पहले अतिक्रमण हटाएं, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत गंडई लगातार अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और व्यापारियों के बीच तनातनी का माहौल बना हुआ है। 11 मई को कलेक्टर के मौखिक आदेश पर नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची निकाय की टीम और व्यापारियों के बीच माहौल गरमा उठा। जैसे-तैसे अनहोनी होते मामला टला, फिर पुनः कलेक्टर के आदेश पर नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा नगर में मुनादी कराई गई और व्यापारियों को नोटिस थमाया।

गौरतलब है कि नगर पंचायत के द्वारा नगर में अतिक्रमण करने वालों को मुनादी कराकर अतिक्रमण हटवाने की चेतावनी दी गई है। सड़क किनारे दुकानदार अतिक्रमण कर लिए हैं। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा 11 मई को गंडई का निरीक्षण कर दिए मौखिक निर्देशन पर शासकीय भूमि, मेन चौक गंडई से पंडरिया मार्ग पर, डिवाईडर के दोनों ओर अवैध रूप से कब्जा कर, पसरा लगाकर, विक्रय सामग्री रखकर व्यापार कर रहे व्यापारियों को नोटिस दिया जा रहा है। नोटिस में उल्लेख है कि पसरा लगाकर व सामान फैलाकर व्यापार करने से आवागमन बाधित होता है। साथ ही साथ कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनीं रहती है। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए मेन चौक, गंडई से पंडरिया मार्ग पर दुकान के सामने किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश मंडई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार गंडई तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिया गया है। जिसके लिए नगर में मुनादी भी कराई गई है, साथ ही साथ सभी तक पहुंचाकर नोटिस दिया है। दिए गए नोटिस में यह भी उल्लेखित है कि निर्देश के परिपालन में उक्त स्थल से शासकीय भूमि, मेन चौक गंडई से पंडरिया मार्ग पर, डिवाईडर के दोनों ओर अवैध रूप से पसरा लगाकर किए गए अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जुर्माना शुल्क के रूप में 500 रुपए से 1000 रुपए तक वसूला जाएगा।

नगर पंचायत सीएमओ गिरीश साहू ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को शुक्रवार तक मोहलत दिया गया है।

अवैध शराब की सूचना पर पुलिस की दबिश, पकड़ाया

राजनांदगांव/नवप्रदेश।। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायकके मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 15 मई 2024 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल रेल्वे फाटक के पास तुलसीपुर, राजनांदगांव में रेड कार्यवाही कर आरोपी मुकेश साहू पिता धनीराम साहू, उम्र 30 वर्ष, साकिन रेल्वे क्रासिंग के पास, तुलसीपुर, थाना कोतवाली के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कुल 5.760 बल्क लीटर कीमती 2880 रूपये एवं बिक्री रकम 300 रूपये जुमला किमती 3180 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के धारा 34 (2) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अपराध क्रमांक 289/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जले राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।आरोपी आदतन अपराधी है, इसके खिलाफ पूर्व में अपराध क्रमांक 537/23 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट, अपराध क्रमांक 636/23 धारा 341, 327, 294, 506, 34 भादंवि, अपराध क्रमांक 816/23 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट एवं अपराध क्रमांक 139/24 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट कायम कर चालान न्यायालय पेश किया गया है

अवैध शराब पर जिलेभर में चलाया गया अभियान, 11 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिये असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके तहत 14 मई को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34 (2) के 1 प्रकरण और 34 (1) के 2 प्रकरण कुल 3 प्रकरणों में 3 आरोपी के कब्जे से 66 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 5940 रूपये, छुरिया पुलिस द्वारा 34 (1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620 रूपये, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34 (1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1980 रूपये जप्त, सोमनी पुलिस द्वारा 34 (1) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2880 रूपये, कोतवाली पुलिस द्वारा 34 (1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620 रूपये, थाना डोंगरगांव, गैंदाटोला एवं ओपी सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 36 (च) के 1-1 प्रकरण में 1-1 आरोपी के कब्जे से 2-2 पौवा देशी शराब कीमती 540 रूपये जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध किये हैं। इस प्रकार जिले में 14 मई 2024 को आबकारी एक्ट के कुल 11 प्रकरणों में 11 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 162 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 14,580 रूपये रूपये जप्त किया गया।

बच्चों के गंदे वीडियो सोशल मीडिया पर करते थे अपलोड, 5 आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में पुलिस ने सरगुजा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये आरोपी बच्चों के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते थे।

इन सभी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, वहीं दिल्ली की एक विशेष टीम द्वारा भी नजर रखी जा रही थी। गौरतलब है कि इन दिनों चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले काफी बढ़ गए हैं। ऐसे ही मामले में सरगुजा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।सीतापुर पुलिस ने आरोपी अविनाश सोनवानी 33 वर्ष निवासी आमाटोली सीतापुर तथा दूसरे प्रकरण में आरोपी धनप्यारी उम्र 35 वर्ष निवासी कोट जूनापारा को भी गिरफ्तार किया है।

वहीं उदयपुर पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी परसा बाजारपारा व दूसरे प्रकरण में आरोपी मयंक सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी माझापारा उदयपुर को गिरफ्तार किया है।

थाना लखनपुर पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में आरोपी अतीश राजवाड़े उम्र 21 वर्ष निवासी सिरकोतंगा थाना लखनपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

कार्रवाई में ये रहे शामिल: कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक भारत लाल साहू, थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक मनोज प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, सहायक उप निरीक्षक दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक रामबचन राम, आरक्षक पंकज देवांगन, देवेंद्र सिंह, दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, संजय एक्का, अभिषेक राठौर, मनोहर पैकरा व धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

अवैध रूप से शराब बिक्री 4 आरोपियों को दबोचा

कवर्धा/नवप्रदेश। रणवीरपुर उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्रामो मे लगातार अवैध जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे मुखबीर सुचना पर दिनांक 14/05/2024 को बाजार चौक रणजीतपुर मे घेराबंदी कर मुखबीर के बताये हुलिया एंव नाम के व्यक्तियो 01, राजकुमार पटेल पिता बिरेलाल पटेल उम्र 20 साल साकिन रणवीरपूर 02. विधि से संघर्षरत अपचारी बालक साकिन बिरेन्द्रनगर चौकी रणवीरपूर थाना स0लोहारा जिला कबीरधाम (छ0ग0) के कब्जे से 13 लीटर देशी महुआ शराब एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन में मात्रा 9.360 बल्क लीटर किमती 1950 रूप्ये को जप्त किया गया । दुसरे प्रकरण मे 01. तेजेश्वर उर्फ ओम मिश्रा पिता कमलेश मिश्रा उम्र 18 साल 02. विधि से संघर्षरत अपचारी बालक दोनो साकिनान बिरेन्द्रनगर चौकी रणवीरपूर थाना स0लोहारा जिला कबीरधाम (छ0ग0) के कब्जे से 14 लीटर देशी महुआ शराब एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन में मात्रा 10.080 बल्क लीटर किमती 2050 रूप्ये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया ।मामला अजमानतीय होने से थाना स0 लोहारा के अपराध क्रमांक 129/24, 130/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर 2 आरोपी को न्यायिक रिमांड पर एंव दो अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण सुधार गृह भेजा गया ।

शिव महापुराण कथा की तैयारी जोरों पर

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। आगामी 18 जून से गंडई में आयोजित होने वाले शिव महापुराण कथा के लिए आयोजको ने तैयारी तेज कर दी है। 35 एकड़ के भूखंड पर होने वाले इस वृहद आयोजन को लेकर सोमवार को कथा स्थल पर भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में गोडवाना मैदान में कथा स्थल पर पंडाल निर्माण के लिए पूजन संपन्न हुआ। गंडई के पंडित गौकरण महाराज जी ने वैदिक मंत्रोच्चरण के साथ वास्तु के अनुसार पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन करवाया। उन्होंने बताया की यह गंडई का सौभाग्य और आयोजन समिति का प्रयास है की गंडई ही नहीं आस-पास के लोगों को भी इस कथा के अमृतपान का अवसर मिलने जा रहा है। किसी भी स्थाई या अस्थाई निर्माण कार्य के लिए वास्तु का सही होना बहुत जरुरी है। इसीलिए वास्तु निरीक्षण करने के बाद उचित कोण पर भूमि पूजन किया गया है।गंडई के लाल टाकेश्व शाह खुसरो ने कहा कि आज शुभ मुहूर्त में कथा स्थल पर भूमि पूजन किया गया है। इसके साथ ही आयोजन की तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस शिव महापुराण कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कथा के दौरान साक्षात महाकाल यहां विराजमान होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 7 दिन के लिए घर छोड़कर भगवान शिव की कथा सुने और जीवन में आनंद लाएं। इस भूखंड पर श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग आदि की सभी सुविधाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नगर के सभी के प्रेरणा से संपन्न होगा वे भी इस आयोजन के भागीदार बनेंगे।

राइस मिलर्स सप्ताह भर में करें धान का उठाव : शर्मा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 मे उपर्जित धान के त्वरित उठाव एवं कस्टम मिलिंग के चावल जमा के संबंध में जिले के राईस मिलर्स और खाद्य अधिकारीयों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही कस्टम मिलिंग और धान उठाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की और धान उपार्जन केन्द्रों व धान संग्रहण केंद्र से धान उठाव में आने वाली दिक्कतों से अवगत होकर सभी परेशानियों को दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक मे खाद्य अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा भी की। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी राईस मिलर्स को शीघ्र ही धान उपार्जन केंद्रों से बचे हुये शेष धान की उठाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2023-24 में 934686.7 मेट्रिक की टन धान की खरीदी हुई है। जिसमें 889729 मेट्रिक टन डीओ जारी किया गया एवं डीओ के विरुद्ध 882462 मिट्रिक टन धान का उठाव हो चूका हैं, बाकी शेष है। 7 हजार 262 मेट्रिक टन का उठाव शेष हैं। इसके साथ ही 44567 मिट्रिक टन का डीओ जारी हुआ है जिसमे 20778 मिट्रिक टन धान का उठाव हो गया हैं तथा 23790 मिट्रिक टन धान शेष हैं।

न्यूज गैलरी

60 साल के ग्रामीण ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगवा में एक अंधेड़ भंडारी राम मरकाम आ.भोभी मरकाम उम्र 60 वर्ष ने फांसी लगाकर खुद कुशी कर लिया। प्राप्त सूचना अनुसार मकतुल को सबेरे 5 बजे शौच करने के लिए घर से निकला हुआ था देर तक घर नहीं लौटा परिजनों ने आसपास में तलाश किया। खोजते हुए देखा नजदीक बीही पेड़ में अपना गमछा का फंदा बना फांसी पर झूला हुआ था। हादसे की सूचना परिवार वालों ने लखनपुर थाने में दी । पुलिस पंचनामा मर्ग कार्यवाही कर जांच में जुटी है। बताया जा रहा है वृद्ध बीपी बीमारी से पीड़ित था।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से

सक्ती/नवप्रदेश। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार व कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हो सकते है। उपरोक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में सिर्फ सक्ती जिले के बालक व बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है। इस प्रशिक्षण शिविर में निम्नांकित खेल विधा बैडमिंटन, बालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स तथा ओलंपिक में शामिल खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 20 मई से 09 जून तक सुबह 5 बजे से 7 बजे तक और शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक नंदेली मैदान सक्ती में आयोजित किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को सुबह शाम खेल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने उक्त प्रशिक्षण शिविर का सुव्यवस्थित आयोजन कराए जाने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मतगणना के संबंध में प्रशिक्षण 26 मई को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपजिला अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024, के अनुसार मतगणना के संबंध में 26 मई 2024 को प्रातः 10.00 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित है, राज्य स्तर से अधिकारियों की मतगणना कार्य के प्रशिक्षण हेतु ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना प्रशिक्षण में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल प्रशिक्षण, डाक मत पत्र, ईवीएम, सुरक्षा व्यवस्था मतदान सामग्री व्यवस्था शामिल होंगे। उन्होंने सर्व संबंधितों को समय पर प्रशिक्षण में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

फिर चोरी, ट्रक से 320 लीटर डीजल किया पार

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। इन दिनों थाना क्षेत्र में हो रहे लगातार चोरी घटना ने आम जनमानस को दहशत में डाल दिया है। अज्ञात चोर पुलिस पकड से बाहर एक के बाद एक चोरी कारनामे को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में 15 मई दिन बुधवार को ग्राम पंचायत जूनाडीह राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से लगे जय दुर्गा राईस मिल के सामने चावल लोड खड़े ट्रक क्रमांक यूपी 64बीटी 6395 के टंकी से 320 लीटर डीजल अज्ञात चोर ले उड़े।ट्रक चालक दिलीप कुमार मौर्या ने अपने बयान में बताया कि बनारस से चावल लोड ट्रक को सबेरे 5 बजे जय दुर्गा राईस मिल के सामने खड़ा कर कुछ देर के लिए आराम करने के मकसद से मिल के अन्दर चला गया। इसी दरमियान अज्ञात चोर ट्रक वाहन के टंकी से डीजल चोरी कर फरार हो गये। वाहन से डीजल चोरी होने का इल्म चालक को तब हुआ जब उसने टंकी के तरफ ध्यान दिया । वाहन मालिक के आने के बाद थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। इस तरह क्षेत्र में हो रहे चोरी ने पब्लिक ही नहीं अपितु पुलिस के भी नींद उडा दिये है। नगर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों के व्यवसायी तथा आम जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से चुस्त व्यवस्था बनाए जाने मांग किया है। ताकि अज्ञात चोरों पर अंकुश लग सके।

फर्जी ऋण पुस्तिका जारी किया, पटवारी गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। बिर्रा पुलिस ने फर्जी ऋण पुस्तिका जारी करने वाले पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की है। पटवारी ने पहले फर्जी ऋण पुस्तिका बनाया और अपनी आईडी का गलत उपयोग करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर किए। इससे बैंक से 22 लाख रुपए लोन निकालने में मदद मिली। शिकायत मिलने पर पुलिस जांच कर आरोपी पटवारी के खिलाफ धारा 420, 467, 460, 471, 34, 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया था, अब उसे जेल भेज दिया गया है। बिर्रा पुलिस के अनुसार 17 जनवरी को नम्मू लाल पटेल निवासी देवरानी ने बिर्रा थाना में रिपोर्ट लिखाई थी कि सिलादेही के तत्कालीन पटवारी दयाराम साहू व बिलाईगढ़ क्षेत्र के पवनी निवासी परमानंद कर्ष ने मिलकर फर्जीवाड़ा किया और परमानंद कर्ष के नाम से लगभग 2.5 एकड़ जमीन का ऋणपुस्तिका बनवा ली। इसी जमीन से पटवारी दयाराम साहू और उसके सहायक ताराचंद पटेल ने अलग अलग खसरा नंबर से फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार की है।

भू-अर्जन का गलत प्रमाण पत्र जारी कर शासन को किया गुमराह

पहले किया टेंडर फिर किया अनुबंध रद्द, एक निलंबित बाकी जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब तक...?

सूरजपुर/नवप्रदेश। अपनी विवादित कार्यशैली से अक्सर सुर्खियां बटोरने वाले लोक निर्माण विभाग सूरजपुर में एक दफा फिर से बड़ी लापरवाही जानबूझकर बरतने और मामले पर खुलासा होने पर दोहरी नीति अपनाते हुए गलत भू-अर्जन प्रमाण पत्र जारी कर शासन को गुमराह करने के मामले में केवल एक उप अभियंता को निलंबित कर खुद की जवाबदेहिता पर पर्दा डालने की भरपूर कोशिश आला अधिकारीगण कर रहे हैं। बहरहाल आपको बताते चलें पूरा मामला सूरजपुर जिले के बिहारपुर नावाटोला मुख्य मार्ग के निर्माण से जुड़ा हुआ है।

यह है पूरा मामला

सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले बिहारपुर नावाटोला मुख्य मार्ग निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग सूरजपुर के द्वारा सन् 2023-24 के तहत टेंडर निकाला गया था जिसमें उक्त निर्माण कार्य को श्री जगदंबा कंस्ट्रक्शन कंपनी रायपुर के साथ अनुबंधित किया गया था, लेकिन बाद में पता चला कि उक्त मार्ग गुरु घासीदास अभ्यारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है किंतु वन व्यपवर्तन के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया एवं शत् प्रतिशत भूमि बाधा रहित होने संबंधी भू अर्जन प्रमाण पत्र संलग्न कर दिया गया। प्रशासकीय स्वीकृति के बाद कार्यादेश जारी करने पर वन क्षेत्र होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

अब तक आलाधिकारियों पर कार्रवाई नहीं

त्रुटिपूर्ण प्राक्कलन तैयार करने एवं बाधा रहित भूमि उपलब्ध होने का गलत भू-अर्जन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के कारण अनुबंध कार्य वन क्षेत्र होने से कार्य प्रारंभ नहीं होने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उपअभियंता निखिल कुमार यादव को निलंबित कर दिया गया। लेकिन इस मामले में भू अर्जन प्रमाण पत्र जारी करने वाले उपअभियंता अकेले जिम्मेदार नहीं है,अन्य उच्च अधिकारी अभी तक इस मामले से बरी कैसे है।

कार्यपालन अभियन्ता का अनुशंसा पत्र लेकिन कार्रवाई की जगह बहाने की बैसाखी से चल रही अब तक की संदेहास्पद गतिविधियां

लोक निर्माण विभाग सूरजपुर के कार्यपालन अभियंता ने उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है की उपरोक्त कार्य अनुबंध की धारा 14 में समाप्त होने के कारण निलंबित उपअभियंता के द्वारा किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं हुई है। अतः निलंबित अभियंता के द्वारा दिए गए प्रति उत्तर के जवाब से सहमत होते हुए प्रकरण समाप्त कर नस्तीबद्ध करने की अनुशंसा की जाती है। लेकिन सवाल यह है की इतने बड़े टेंडर प्रक्रिया हो जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा मौका परीक्षण के लिए मौके पर जाने के बाद भी वित्तीय अनियमितता नहीं हुई यह कैसे हो सकता है। इस मामले में एक उप अभियंता को ही बली का बकरा क्यों बनाया गया गलत भू अर्जन प्रमाण पत्र जारी करने वाले अन्य अधिकारियों के ऊपर कारवाई कब होगी।

विभाग की गलत क्रियाकलापों से हुई शासन को वित्तीय हानि, जवाबदेही आखिर किसकी

लोक निर्माण विभाग के गलत तरीके से पुरी की गई टेंडर प्रक्रिया के वजह से शासन को वित्तीय हानि के साथ-साथ शासन व विभाग की छवि भी धूमिल हुई है। पिछले कुछ महीनों से विभिन्न निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की आ रही खबरों की वजह से विभाग हमेशा विवादों में बना रहता है फिर भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरणीय नींद से जागने के लिए तैयार नहीं हैं। इनको जगाने के सारे प्रयास विफल हो रहे हैं। जिले के विभिन्न हिस्सों से आ रही लगातार शिकायतों के बावजूद इन पर कार्यवाही नहीं होना भी कई सवाल खड़े कर रही है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत

जांजगीर/नवप्रदेश। ग्राम पाली (सिवनी) में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आचार्य पंडित प्रवीण शर्मा शामिल हुए। कथा का आयोजन पूरन पटेल के निवास में किया गया है। कथा में यजमान खुशबू, राज, रानू पटेल, घनश्याम, सुमन पटेल, पदुम, उमा पटेल हैं। कथा का समापन 19 मई को होगा। कथा के शुरुआत में झांकी भी निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वच्छ, सुंदर, सुगम व व्यवस्थित कार्यालय के लिए 'हमर सुघ्घर ऑफिस' की पहल

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला संयुक्त कार्यालय के बेहतर संचालन एवं कार्यालय व्यवस्थाओं को सुगम, सरल स्वच्छ व पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा ''हमर सुघ्घर ऑफिस'' नाम से अभिनव पहल की जा रही है। जिसका उद्देश्य कार्यालय को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ आम जन एवं कर्मचारियों के लिए कार्यालय में न्यूनतम सुविधाओं का विकास, अधिकारी व कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण, कर्मचारी के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, कार्य क्षमता में वृद्धि और बेहतर सेवा के माध्यम से कार्यालय को आमजन के लिए अनुकूल बनाना है। हमर सुघ्घर ऑफिस के लिए निर्धारित मापदंड एवं अंक निर्धारण किया गया है जिसके तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यालय को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

जीवित महिला का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर डेढ़ लाख का बीमा भुगतान

बंधन बैंक कैशियर का कारनामा पति ने लिया था दो लाख लोन

सक्ती/नवप्रदेश। बंधन बैंक के कैशियर ने एक जीवित महिला का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर बीमा कंपनी में क्लेम कर खाताधारक द्वारा जमा किए पैसे डेढ़ लाख रुपए को गबन कर लिया। इधर बैंक प्रबंधन से शिकायत के बाद भी कोई सामाधान नहीं निकलने पर पति ने पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। दरअसल सक्ती निवासी पुरुषोत्तम देवांगन ने बंधन बैंक से दो साल पहले दो लाख का लोन लिया था, जिसकी 8 से 9 किश्त उसके द्वारा पटा दी गई थी, इसके बाद पैसे की व्यवस्था होने पर उसने बची हुई राशि करीब डेढ़ लाख रुपए एक मुश्त जमा कर लोन खाता को बंद करने के लिए बैंक में जमा की थी, जिसे तत्कालीन बैंक कैशियर कमलेश सिंह ने बैंक में जमा ना करके अपने पास रख लिया। कुछ महीनों बाद जब दोबारा पुरुषोत्तम देवांगन को लोन की जरूरत पड़ी तो वह बंधन बैंक गया तब उसे जानकारी मिली कि बैंक रिकॉर्ड में उसकी पत्नी लोन अकाउंट में सहआवेदक की मृत्यु हो चुकी है, जिसके बाद पुरुषोत्तम ने दस्तावेजों की जांच कराई तो पता चला कि बैंक कैशियर कमलेश और कुछ कर्मचारियों ने मिलकर उनकी पत्नी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर बीमा कंपनी से क्लेम कर पुरुषोत्तम देवांगन के लोन अकाउंट को बंद कर दिया है। इतना ही नहीं उसके द्वारा जमा की गई एक मुश्त राशि 1 लाख 42 हजार 550 रुपए को बैंक के कैशियर ने गबन कर लिया है। फर्जीवाड़े की जानकारी मिलते ही खाताधारक ने इसकी शिकायत कई बार बैंक प्रबंधन से की, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा उसे महीनों चक्कर कटवाते रहेएकई महीनों उनके साथ हुई धोखाधड़ी को नहीं सुधारा गया, तब थक हार कर खाताधारक ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। वहीं इस मामले में पुलिस का कहना है कि जल्द ही इसमें संबंधित बैंक कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा, बंधक बैंक के मैनेजर आशीश साहू से पूछने पर बताया कि फर्जीवाडा करने वाले बैंक मैनेजर ओंकार एवं कैशियर कमलेश सिंह को तुरंत बर्खास्त किया गया। समाचार लिखने तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है।

शासकीय राशन दुकानों में चावल नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकानों से कार्डधारक उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिलने जैसी अव्यवस्था क्षेत्र के राशन दुकानों में पसरी हुई है। इसी फेहरिस्त में जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटिंदा में उपभोक्ताओं को चावल नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। ऐसी सूरत में उपभोक्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की बात कही है कार्डधारी उपभोक्ताओं ने बताया दो माह अप्रैल मई का चावल उपभोक्ताओं को एक साथ दुकान संचालक द्वारा दिया जाना था मगर सिर्फ एक महीने का ही चावल दिया गया है।दुकान संचालक द्वारा एक महीने का चावल देने का दिलासा कार्डधारीयो को दिया गया था।

उपभोक्ताओं को लगातार 20 दिनों से दिये जा रहे झूठा आश्वासन के बाद कहा जा रहा है कि राशन दुकान में चावल कम सप्लाई होने कारण चावल नहीं बंट पाया है। कार्डधारी उपभोक्ताओं ने बताया दुकान संचालक राशन कार्ड में एंट्री कर तथा ईपोश मशीन में अगुठा लगवा कर कार्डधारीयो से हस्ताक्षर करा राशन कार्ड को अपने पास रखा हुआ है ।सेल्समैन के द्वारा यह कहा जाता है कि एक-दो दिनों में आपका चावल दे दिया जाएगा लेकिन आज तक चावल नहीं दिया गया।

उपभोक्ताओं को उनके हक़ का चावल नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लगभग 100 से ऊपर लोगों को केवल एक ही महीने का चावल दिया गया है। और एक महीने का चावल नहीं दिया गया । जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत हो रही है कार्डधारी पीडीएस के चावल पर ही निर्भर रहते हैं। कार्डधारक योगेश्वरी बाई, शिरीष बाई अंजली, मुनेश्वरी, रामसुंदर दिलबसिया, जूगेश्वरी भाई बुधियारो, रामलाल, शिवनारायण, मीना मीरा सिंह श्रीबाई अंजलि प्रतिमा, श्याम पति, गूगोबाई, मुनेश्वरी अन्य कार्डधारकों का कहना है यदि दो दिनों के भीतर हमारे हक़ का चावल नहीं मिला तो हम सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

कार्डधारकों को मई में ही चावल वितरण कराया जाएगा

खाद्य निरीक्षक शिवकुमार मिश्रा के द्वारा फोन के माध्यम से बताया गया कि भौतिक सत्यापन में सामान कम पाया गया था। दुकान संचालक को ताकिद कर दी गई है कि सामान खरीदारी करके कार्डधारकों को मई में ही चावल वितरण कराया जाये।

चौक में लोगों को पिलाई शरबत

सक्ती/नवप्रदेश। मारवाड़ी युवा मंच शाखा ने अपने जन सेवार्थ कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में 15 मई को शहर के अग्रसेन चौक में सुबह राहगीरों को आम का पानी एवं शरबत पिलाई, इस दौरान जहां करीब 1000 लोगों को इस सेवा का लाभ दिया गया, तो वहीं इस कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस थाना सक्ती के नगर निरीक्षक विवेक शर्मा, नगर पालिका सक्ती के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, अग्रवाल सभा सक्ती के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ, तथा मारवाड़ी युवा मंच मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि मंच के राष्ट्रीय तथा प्रादेशिक कार्यक्रमों में जन सेवा कार्यक्रमों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की सेवा राहगीरों को शरबत की सेवा शामिल है।

तथा इसी श्रृंखला में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, एवं आने वाले जून माह तक प्रत्येक सप्ताह बुधवार को अलग-अलग स्थान पर यह सेवा दी जाएगी। लोगों को बुला- बुलाकर शरबत पिलाई गई मारवाड़ी युवा मंच सक्ति शाखा के 15 मई को आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल, कन्हैया गोयल,महेंद्र जिंदल, पूर्व शाखा अध्यक्ष मानस अग्रवाल, मनीष कथूरिया, शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ,अनिल सराफ, रवि अग्रवाल अशोका, राकेश अग्रवाल शांति पैलेस, प्रकाश चंद्र अग्रवाल ट्राली, चिराग अग्रवाल लल्ली,अमन गर्ग लगदातार ट्रेडिंग, रितेश अग्रवाल डी एम, अनुराग जिंदल भुरू सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे इस दौरान शक्ति थाने के टी आई विवेक शर्मा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि राहगीरों को ठंडा पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य है, एवं वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्थाओं की यह पहल प्रशंशनीय है, एवं संस्थाएं इसी तरह से सेवा कार्यों को निरंतर गति देती रहे वहीं मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की बैठक 14 मई की रात्रि स्थानीय पापा ढाबा में संपन्न हुई जिसमें आगामी दिनों के लिए मंच द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा तैयार की गई है, इस बैठक में मंच के सदस्य अमन गर्ग लखदातार ट्रेडिंग कंपनी का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया।

सफलता पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

दसवीं कक्षा में आयुष कश्यप और बारहवीं में लीना डाहिरे अव्वल

मुंगेली/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसमें पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संगठन नवोदय विद्यालय समिति द्वारा संचालित सह शिक्षा, सीबीएसई पाठ्यक्रम व आवासीय विद्यालय है। परीक्षा में सम्मिलित कक्षा बारहवीं के सभी 36 एवं कक्षा दसवीं के सभी 41 विद्यार्थियों ने अच्छे अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। कक्षा बारहवीं में कु. लीना डाहिरे 92.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कु.अन्तिमा सिंह एवं विकास सिंह राजपूत 91.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व समीर



कुमार साहू 90.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा दसवीं में आयुष कश्यप 93.6% अंक के साथ प्रथम, चन्दन साहू 91.4% के साथ द्वितीय, कु. तुलसी दिवाकर एवं अखंड प्रताप सिंह 90% के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कक्षा 10वीं के छात्र आयुष कश्यप एवं चन्दन साहू ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है, जो पूरे विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत व योग्य शिक्षकों के कुशल शिक्षण, परामर्श व मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया तथा सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। विदित है कि पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही साथ खेलकूद व विभिन्न सांसकृतिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय भागीदारी होती है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा मुंगेली का 10वीं कक्षा का परिणाम 74.67 प्रतिशत रहा। जिसमें 17 प्रावीण्य, 21 प्रथम एवं 18 द्वितीय एवं 12वीं का 71.60% रहा। जिसमें 10 प्रावीण्य, 32 प्रथम एवं 16 द्वितीय श्रेणी प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी ने बताया कि 10 वीं कक्षा में प्रथम स्थान गौरव कुमार साहू 96.66%, द्वितीय स्थान अर्चिता शर्मा 94.33%, तृतीय स्थान पर मानसी चंद्राकर 91.33% रहे। क्रमशः आयुषी साहू 90.33%, मोनिका साहू 89.33%, प्रज्ञा साहू 88.33%, पूनम चंद्राकर 87.33%, दिव्य प्रताप 86.16 प्रतिशत, दीप्ति जायसवाल 86 प्रतिशत, ज्योति छत्रवाणी 80% रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान तनिशा शोभवानी 85.06%, द्वितीय स्थान हिमांचल बंजारा 85.04%, तृतीय स्थान रविन्द्रनाथ साहू 84.04% एवं विनीता राजपूत 84.04% प्राप्त किये। क्रमशः प्रांजल देवांगन 83.02 प्रतिशत, देविका बघेल 81.08%, ज्योति साहू 79.06%, हिमांशी 78.06%, सुधीर साहू 75.06 % रहा। इस अवसर पर विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा, उपाध्यक्ष पं. दीनानाथ उपाध्याय, सचिव मीहालाल शिवनाणी, कोषाध्यक्ष जेठमल कोटड़िया, सह सचिव अभय चोपड़ा, मोनू उपाध्याय एवं समिति के समस्त सदस्यगण ने सभी सफल भैया/बहिनों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना

आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। लखनपुर में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश हिंदी मीडियम व उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने न सिर्फ लोगों को चौंकाया बल्कि जिले में संस्था का मान भी बढ़ाया है। आत्मानंद विद्यालय में परीक्षा परिणाम 100% रहा है। कक्षा 12वीं में जयप्रकाश एक्का 87% अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रहा कक्षा दसवीं में सीमा चौरसिया ने 92% लिसा साहू ने 91.60 प्रतिशत आदित्य कुमार बारी ने 91%अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः दूसरा तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में शालिनी शैलेंद्र साहू ने 85% आकाश ठाकुर और प्रियांशु राज ने 84% अंक हासिल कर कक्षा में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। इसी तरह हिंदी माध्यम में कक्षा दसवीं के 4 और 12वीं के 19 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। हिंदी माध्यम में कक्षा दसवीं के 50 छात्रों में से 40 छात्राओं ने सफलता पाई जिसमें 4 ने प्रथम श्रेणी34 ने दूसरा तथा 2 ने तृतीय श्रेणी के साथ सफलता पाया।

न्यूज गैलरी

झारखण्ड में निशिकांत पक्ष में भावना ने किया चुनाव प्रचार

कवर्धा/नवप्रदेश। झारखण्ड प्रदेश के गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार हेतु पार्टी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा लोकसभा प्रवासी प्रभारी का बड़ा दायित्व उन्हें दिया है। अपने दायित्व को पूरा करते हुएभावना बोहरा लगातार झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा अंतर्गत विभिन्न बूथों में लगातार कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता से संवाद कर रहीं हैं वहीं विभिन्न सामाजिक महिलाओं को भी एकजुट कर भाजपा के प्रकश में मतदान करने की अपील कर रहीं हैं। झारखण्ड प्रवास के प्रथम दिन भावना बोहरा ने देवघर के धार्मिक स्थल बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ धाम में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त निवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की और परिचात्मक बैठक में अन्य प्रावी विधायकों के साथ सम्मिलित होकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के निवास में छत्तीसगढ़ से गए सभी प्रवासी विधायकों व वरिष्ठ नेता के साथ उन्होंने मुलाकात की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की। विदित हो कि भावना बोहरा लगातार बैठकें कर क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहीं हैं और जनता से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहीं हैं। वे लगातार महिलाओं,युवाओं को विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं व गारंटी के बारे में जानकारी दे रहीं हैं इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीतियों व प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाए जाने व उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उठाये जा रहे कदम एवं किसानों के सर्वंगीण विकास हेतु लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में भी जनता के बीच भाजपा की रीती-नीति की जानकारी दे रहीं हैं। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि गोड्डा लोकसभा में जनसंपर्क के दौरान जिस तरह जनता का समर्थन व स्नेह मिल रहा है वह उत्साहित करने वाला है। जिस प्रकार छत्तीसगढ़ की जनता से मुझे स्नेह मिलता है उसी प्रकार झारखण्ड की जनता भी अपना भरपूर आशीष व समर्थन प्रदान कर रही हैं।

गृह मंत्री का जि.पंचायत सदस्य पद से इस्तीफा ढकोसला

पंडरिया/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा जी का इस्तीफा पूर्णता अनुचित है केवल मात्र ढकोसलाबाज़ी है जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने पंचायत राज नियमों का हवाला देते हुए बताया पंचायती राज अधिनियम धारा 38 में स्पष्ट उल्लेखित है यदि किसी पंचायत के किसी पद धारी पदावधि का अवसान होने के पूर्व उसकी मृत्यु हो जाना है या उसके विरुद्ध विश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने या उसको हटा दिए जाने या उसके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने या उसके राज्य विधानसभा का सदस्य संसद के किसी सदन का सदस्य हो जाने की दशा में यह समझा जाएगा कि ऐसे पद में आकस्मिक रिक्ति हो गई है एवं धारा 32 में लिखा है कि किसी जिला पंचायत अध्यक्ष या उपाध्यक्ष संसद के किसी सदन का राज्य विधानसभा का सदस्य किसी सहकारी सोसाइटी का सभापति उप सभापति हो जाता है तो उस बारे में यह समझ आ जाएगा कि उनसे यथा स्थिति अध्यक्षा उपाध्यक्ष के रूप में अपना पद उस तारीख से रिक्त कर दिया।

10वीं की परीक्षा में आरिका द्वितीय स्थान प्राप्त किया,बधाई

बोड़ला,,बीते दिनों परीक्षा परिणाम आने के बाद सी बी एस ई के इंटर व हायर सेकेंडरी में नगर के बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं जिससे उनके परिजनों व नगर में हर्ष का माहौल है। 10 वीं में नगर की आरिका माग्रे ने92.8प्रतिशत अंक हासिल किया है वहीं भूमि माग्रे ने 89.8प्रतिशत अंक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। दोनों बोड़ला नगर के एक ही परिवार की हैं, वे दोनों कवर्धा के रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं विद्यालय के प्रावीण्य सूची में आरिका दूसरे स्थान पर है। इस उपलब्धि पर नगर के लोगों ने बधाइयां और शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर नगर पंचायत बोड़ला के जनप्रतिनिधियों के अलावा जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रभाती अमिता मरकाम जनपद उपाध्यक्ष सनत जायसवाल जनपद सदस्य सूरज वर्मा विजय राजपूत, राजकुमार धुर्वे, पवन चंदवंशी,राजेश मेरावी,आदि ने बालिका के परिवार को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है आरिका माग्रे के पिता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी, नगर के पत्रकार एवं पूर्व एल्डरमेन हैं व उनकी माताजी माहेश्वरी माग्रे शिक्षिका हैं। इसके अलावा परिवार से कक्षा 12वीं में माही माग्रे गणित विषय मे व अपराजिता माग्रे के अलावा मानस यादव जितांश साहू ने भी 12 वी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।उनके इस उपलब्धि के लिये उनको परिजनों के अलावा इष्टमित्रों नगरजनो ने बधाई दी।

प्यासे पक्षियों को जल पिलाने लायंस क्लब ने बांटे सकोरे

कवर्धा। लायंस क्लब ने मंगलवार की दोपहर को दानी मेडिकोज के समक्ष प्यासे पक्षियों को जल पिलाने के उद्देश्य से ग्रामीणजनों में 50 सकोरे बांटे। ग्रामीणजनों को सकोरे का महत्व समझाकर बताया गया कि वे यह सकोरा वृक्ष या घर में लटकाकर उसमें रोज पानी भरें, ताकि पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। ज्ञात हो कि शहरी इलाकों में पक्षी धीरे धीरे हमसे दूर होते जा रहे हैं। इससे पर्यावरण और पारिस्थिकी संतुलन बिगड़ रहा है। आज के कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, नीरज मंजीत छाबड़ा, बीपी गुप्ता, हरीश गाँधी, रामेश्वर गुप्ता, आनंद दानी, रेखराज मूंदड़ा, अजय गुप्ता, गुरमीत चावला सहित अनेक लायंस उपस्थित थे।

तालाब में डूबने से दो मासूम की मौत

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में तालाब में डूबने से 2 मासूम की मौत हो गई। दोनों बच्चे तालाब में नहाने गए थे, इसी दौरान गहराई में जाने से दोनों की मौत हो गई है। काफी देर तक जब दोनों अपने घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने खोज-बीन शुरू की, तब जाकर पता चला कि, दोनों मासूमों के कपड़े तालाब के किनारे पड़े हुए हैं। इसके बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसा की है।

जंगली सुअर के हमले से ग्रामीण गंभीर

इधर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में लकड़ी काटने गए ग्रामीण पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण को काफी गंभीर चोटे आई है। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मामला जिला मुख्यालय मोहला से लगे ग्राम हेरकुटुम का है।

मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक का नाम शिवचरण कुंजाम है। वह ग्राम हेरकुटुम का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि, बुधवार को वह गांव से लगे जंगल में लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था इसी दौरान उनपर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण को काफी गंभीर चोटे आई है। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला पहुंचाया है। जहां डॉक्टर ने बताया कि, ग्रामीण को सीने में गंभीर चोट आई है जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है ग्रामीण को बेहतर उपचार के लिए राजनांदगांव मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।

आलीशान जिंदगी जी रहे दो चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ओडिशा और बालौदाबाजार के आसपास चोरी की वारदात को देते थे अंजाम

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा में दो चोर मजे की जिंदगी जी रहे थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि, एक दिन उनका आलीशन घर और उन्हें पुलिस पकड़ कर ले जाएगी। यह दोनों चोर ओडिशा और बालौदाबाजार के आसपास चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। हालांकि पुलिस की इनपर नजर थी और उन्होंने मौका देखकर इन दोनों को धर दबोच लिया। दरअसल, भाटापारा के आसपास चोरी की घटनाओं की सूचना मिल रही थी। ऐसे में पुलिस को समझ नहीं आ रहा था कि, आखिर इन घटनाओं का असली गुनहगार कौन है। हालांकि पुलिस और सायबर सेल की टीम ने तहकीकात शुरू की और सीसीटीवी को खंगालना शुरू कर दिया। इसके बाद इन दोनों चोर की जानकारी प्राप्त हुई और इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। भाटापार में किराये का मकान लेकर रहते थे बता दें, दोनों चोर भाटपारा में किराये के मकान में रहते थे। जहां सुख-सुविधा का पूरा सामान मिला है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सोनो चांदी के जेवरात और बुलेट मोटरसाइकिल जब्त किया है। इसके अलावा चोरों ने एक जमीन खरीदी है। लॉ विस्टा के एक बंगले में लाखों की चोरी

शहर के सबसे ज्यादा सुरक्षित और पॉश कॉलोनियों में से शुमार लॉ विस्टा के एक बंगले में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने बंगले में काम करने वाले माली को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार माली ने बंगले की रेकी करने के बाद अपनी बायोममेट्रिक फिंगर का दुरुपयोग करते हुए बंगले के अंदर प्रवेश किया तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने चोरी के अन्य पांच मामलों का भी खुलासा किया है। सभी मामलों को मिलाकर जांच टीम को 40 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा पुलिस अफसरों ने की है।

मामले का खुलासा करते हुए आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि स्टील कारोबारी मनीष धुप्पड़ के बंगले में चोरी करने के आरोप में महासमुंद निवासी चेतन लाल साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अफसरों के अनुसार वेतन एक वर्ष पूर्व ही कारोबारी के बंगाले में माली का काम करने आया था। बंगाले में हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था है। बंगले के दरवाजे बायोमेट्रिक फिंगर के माध्यम से खुलते हैं.इसलिए कारोबारी ने अपने बंगले में काम करने वाले कर्मियों की बायोमेट्रिक फिगर अटैच की है। इसी बात का फायदा उठाते हुए माली ने बांगाने में मनीष के बेडरूम में प्रवेश कर आलमारी की चाबी से ताला खोला और साढ़े चार लाख कैश सहित 28 लाख के सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

21 दिनी खेल प्रशिक्षण शिविर में 12 विभिन्न खेलों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देश में मई-जून में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। उपरोक्त प्रशिक्षण शिविर का रूपरेखा तैयार किये जाने हेतु कलेक्टर के एल चौहान के अध्यक्षता में बुधवार 15 मई को नोडल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण,व्यायाम शिक्षक शिक्षा विभाग,खेल संघ/संस्था, वरिष्ठ खिलाड़ी,व्यायाम शिक्षक (शिक्षा विभाग) एवं ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत चिन्हित 15 स्कूलों शास.उ.मा.वि.लाहोद, अर्जुनी,रिसदा, तरेंगा, गुर्रा, मोपका, नवागांव, सुहेला, रोहरा, जर्वे, छेरकापुर, गुमा,बोरसी, टुण्डरा,असनींद के प्राचार्यो के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में 15 मई से 4 जून तक कुल 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए है। उक्त खेलों में ओलंपिक खेलों को शामिल करते हुए स्थानीय प्रचलित खेलों फुटबॉल, बास्केटबॉल,कबड्डी,साफ्टबॉल, एथलेटिक्स, जूडो, नेटबॉल,लॉनटेनिस, बैडमिंटन, व्हालीबॉल,कराते एवं रग्बी का प्रशिक्षण शिविर प्रातःकाल एवं संध्याकाल में 2-2 घंटे का होगा। उक्त प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को एन.आई.एस. कोच,व्यायाम शिक्षकों,वरिष्ठ खिलाड़ियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपरोक्त प्रशिक्षण शिविर जिला मुख्यालय के इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम बलौदाबाजार, विकासखंड मुख्यालय के स्टेडियमों तथा ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत चिन्हित स्कूलों में दिया जायेगा विकासखंड नोडल अधिकारी शिव कुमार बांधे बलौदाबाजार,आलोक मिश्रा कसडोल,शरद कुमार पंसारी भाटापारा, ईश्वर लाल साहू पलारी,हरबंश लाल निषाद सिमगा से सम्पर्क कर खिलाड़ी अपना पंजीयन करा सकेंगे।

निर्वाचन कार्य में शामिल अधिकारी-कर्मियों को भुगतान

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दौरान जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में निर्वाचन कार्य में शामिल रहे 1776 अधिकारी / कर्मचारियों को 20,07,700 रूपये उनके बैंक खाते में समाहित करने चेक बैंकों मे भेजा गया ।

लोकसभा चुनाव के दौरान जिले भर से चुनाव प्रक्रिया संपन्न करानें वाले 380 पीठासीन अधिकारियों को 1200 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से 4,56,000 रूपये, 1440 मतदान अधिकारी नं. 01, 02, 03 को प्रति व्यक्ति 900 रूपये की दर से 10,26,000 रूपये, रिजर्व में रहे 38 पीठासीन अधिकारियों को 1200 रूपये की दर से तथा 114 मतदान अधिकारी क्र. 01, 02, 03 को 900 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से 1,02,600 रूपये, 41 सेक्टर अधिकारियों को 7500 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से 3,07,500 रूपये, 27 माईक्रो ऑब्जर्वर को 1200 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से 32,400 रूपये, 8 प्रथम / द्वितीय श्रेणी के अधिकारी एस.एस.टी., एफएस.टी., वी.एस.टी., व्यय लेखा कार्य में नियोजित रहे हैं उन्हें 1200 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से 9600 रूपये तथा तृतीय श्रेणी के 28 कर्मचारियों को 1000 रूपये की दर से 28000 रूपये संबंधित के बैंक खाते के माध्यम से भुगतान करने धनादेश जारी किया गया ।

मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरण हेतु जिले के 380 बी.एल.ओ. को 750 रूपये की दर से 2,85,000 रूपये भुगतान किया जा रहा है।

रांग साइड में गाड़ी चलाने की बात पर युवक की बेरहमी से पिटाई

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। सिमगा थाना क्षेत्र के हरिनभट्ठा गांव का रहने वाला युवक धनेंद्र ध्रुव सामान खरीदने बाजार गया था. इसी दौरान सिमगा के जय स्तंभ चौक के पास एक बाइक में तीन लोग आ रहे थे. तीनों सड़क पर दाएं तरफ यानी रॉन्ग साइड गाड़ी चला रहे थे. धनेंद्र ध्रुव ने उन्हें टोका और उनसे बाएं तरफ गाड़ी चलाने को कहा. इस बात से तीनों युवक नाराज हो गए. आक्रोशित युवकों ने बाइक रोकी और युवक को पीटना शुरू कर दिया. तीनों युवकों ने बेल्ट और लातघूसों से जमकर पिटाई की और फरार हो गए.

रॉन्ग साइड से गाड़ी चलाने के लिए टोकने पर युवक की पिटाई- युवक घर पहुंचा और घर वालों की इसके बारे में बताया. जिसके बाद परिजन और हरिनभट्ठा के गांव वाले सिमगा थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत की. आरोपी युवकों के खिलाफ पीड़ित युवक ने केस दर्ज कराया और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की. मैं सामान लेने मार्केट गया था. कुछ लोग रॉन्ग साइट से आ रहे थे, उन्हें इसके लिए टोकने पर 8 से 10 लोगों ने मेरे साथ मारपीट की. पुलिस में शिकायत की है. - धनेंद्र ध्रुव, पीड़ित, सिमगा

पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का किया दावा- युवक और ग्रामीणों की शिकायत पर सिमगा पुलिस ने आरोपियों युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया. आरोपियों पर धारा 293, 323, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया। बाइक चालक धनेंद्र ध्रुव के साथ तीन लोगों ने मारपीट की. धनेश ध्रुव ने उन्हें गाड़ी ठीक से चलाने को कहा था, तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. फुटेज के आधार पर एक आरोपी की पहचान हुई है. लेकिन वो फरार है जल्द से जल्द तीनों को गिरफ्तार किया जाएगा. - अविनाश ठाकुर, एडिशनल एसपी

अबूझमाड़ में फोर्स का चौथा कैंप खुलने से नक्सलियों की उड़ी नींद

मरम्मत के बाद भी राहत नहीं

नारायणपुर/नवप्रदेश। अबूझमाड़ के मोहंदी गांव में सुरक्षाबलों का नया कैंप खोला गया है. नए कैंप खुलने से एक तरफ एंटी नक्सल ऑपरेशन तेज होगा तो दूसरी तरफ क्षेत्र में विकास के काम में भी तेजी आएगी.

मोहंदी गांव में नया कैंपः जिले में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी कड़ी में मंगलवार को नारायणपुर पुलिस और आईटीबीपी 53वीं वाहिनी ने नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र के मोहंदी में नया कैंप खोला. मोहंदी गांव ओरछा ब्लॉक, कोहकामेटा तहसील व थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत स्थित है. मोहंदी में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह और सुरक्षा का माहौल देखने को मिल रहा है.

नक्सल उन्मूलन अभियान में आयेगी तेजीः नए कैंप स्थापना में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और आईटीबीपी 53वीं वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सेनानी अमित भाटी 53वीं वाहिनी आईटीबीपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया समेत दूसरे अधिकारी उपस्थित रहे. नक्सल प्रभावित मोहंदी में फोर्स का कैंप खुलने से क्षेत्र में सड़क, पानी, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी और दूसरी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा.

मोहंदी गांव में कैंप खुल जाने से सुरक्षा बलों के जवान सरकार की %नियद नेल्ला नार% योजना के बारे में आसपास के पांच किलोमीटर में आने वाले गांवों तक पहुंचाएंगे.

क्या है नियद नेल्ला नार योजना- इस योजना का अर्थ है %हमारा अच्छा गांव%. इसके तहत बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्र, जो पुलिस कैंप से लगे हैं, वहां से 5 किलोमीटर क्षेत्र तक के गांव में लागू किया जा रहा है. इसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, चना, नमक, हैंडपंप, बैंक सखी, एटीएम, मोबाइल टावर, उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर, सभी गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम किया जा रहा है.

अबूझमाड़ में कब कब खुला कैंप- छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में लगातार नए कैंपों का विस्तार हो रहा है.

3 मार्च 2024 को नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम कस्तुरमेटा में नया कैंप खोला गया. कस्तुरमेटा कैंप ओरछा तहसील और कुकड़ाझोर थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित है.

12 मार्च 2024 को अबूझमाड़ के ग्राम मसपुर में थाना सोनपुर में नया कैंप खोला गया.

31 मार्च 2024 को ग्राम इरकभट्ठी में नया कैंप खुला. इरकभट्ठी कैंप थाना कोहकामेटा अबुझमाड़ क्षेत्र अन्तर्गत स्थित कैम्प है.

अधिकारी सीमांकन के प्रकरणों निराकरण तय सीमा में करें

खैरागढ़/नवप्रदेश।कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने समय सीमा की बैठक में सभी जिला अधिकारियों की बारी-बारी से विभागीय समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष मे आयोजित समयसीमा की बैठक मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जल-जीवन मिशन के संबंध में चर्चा कर जल-जीवन मिशन अंतर्गत गठित समितियों की जानकारी ली। अन्य विभागों को निर्देश देते कहा कि सभी विभागों में समितियां गठित होनी है एवं जिन विभागों में समितियों गठित नहीं हुई है। संबंधित विभाग समितियां गठित कर जिला कार्यालय को अवगत कराएं। जिला के नवनिर्मित पोर्टल के संबंध में ई-जिला प्रबंधक से जानकारी ली और समस्त विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऐतिहासिक स्थलों को चिन्हांकित कर उक्त स्थल की जानकारी फोटो के साथ जिला के पोर्टल में अपलोड कराएं। उन्होंने जिले के ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा पर चर्चा के दौरान कहा कि जिला के सीमा क्षेत्रों में मंडीप खोल गुफा का साईन बोर्ड लगाकर और अधिक प्रचार-प्रसार किया जा सकता है। कलेक्टर वर्मा ने विभागीय चर्चा के दौरान कहा कि जिन विभागों को जिला निर्माण के पूर्व जमीन आबंटित हुई है उनकी जानकारी दें। जिले में खोले जाने वाले जनऔषधी केंद्रों पर भी चर्चा की। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व के सभी लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने, सभी विभागों को एक दूसरे के समन्वय के साथ कार्य करें।

दो सड़क हादसे में महिला समेत 4 लोगों की मौत, 6 घायल

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर रिंग रोड के पास बड़ा हादसा हो गया है. यहां एक तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गुमटी से जा टकराई, जिससे गुमटी के अंदर सो रही महिला और कार चालाक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं तीन बच्चों समेत पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. वहीं घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है.

दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत, हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत, एक गंभीर रूप से घायल

इधर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। एमसीबी जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. कलक्ट्रेट कार्यालय के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई. वहीं एक गंभीर से घायल है. घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह मामला मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के अनुसार, आज सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर कलक्ट्रेट कार्यालय के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई. दोनों बाइक पर दो-दो युवक सवार थे. हादसे में अजीत वार्ड न.21 और दिनेश ग्राम सिरौली की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और दो घायल हो गए. जिसमें से एक गंभीर रूप से घायल अजीत केरकेट्टा का भालूडांड केवटी केल्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है. घटना की जानकारी मिलते ही मनेंद्रगढ़ कोतवाली पुलिस की मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई में लगी हुई है।

सोने में 200 की गिरावट चांदी 800 रुपए मजबूत

नई दिल्ली । दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इस दौरान चांदी 800 रुपये की तेजी के साथ 86,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं में नरमी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी 800 रुपये की तेजी के साथ 86,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 85,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव आठ डॉलर की गिरावट के साथ 2,339 डॉलर प्रति औंस रह गया। गांधी ने कहा कि व्यापारियों ने मुद्रास्फीति के दबाव के खिलाफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संभावित मंदी का अनुमान लगाया जिससे सोने में गिरावट दिखी। महंगाई का दबाव इस साल ब्याज दरों को कम करने की अमेरिकी फेडरल रिजर्व की योजना को बाधित कर सकता है। वैश्विक बाजार में चांदी की कीमत तेजी के साथ 28.35 डॉलर प्रति औंस रह गई। पिछले सत्र में सोना 28.10 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में ईबीजी- कमोडिट एंड करेंसी रिसर्च के उपाध्यक्ष प्रणव मेर के अनुसार औद्योगिक धातुओं में तेजी के संकेतों के बाद चांदी की कीमतों में सकारात्मक कारोबार जारी है।

फूड डिलीवरी कंपनी के शेयर में बड़ी गिरावट

मुंबई। फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयर में कारोबारी सत्र में बड़ी उथल-पुथल देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में शेयर 6 प्रतिशत तक गिर गया और दोपहर एक बजे तक करीब 2.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। शेयर में गिरावट की वजह चालू वित्त वर्ष में कंपनी की लागत में बढ़ोतरी होना है। जोमैटो की ओर से सोमवार को वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया गया।

नतीजों के बाद कमेंट्री में प्रबंधन ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष में ब्लिंकिट का नेतृत्व कर रही टीम और उसके वरिष्ठ कर्मचारियों को कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (ईएसओपी) दिए जाने के कारण लागत में इजाफा हो सकता है।

बीते दिनों, जोमैटो की ओर से वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए गए थे। कंपनी ने 175 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल समान अवधि में कंपनी को 188 करोड़ का नुकसान हुआ था।

फूड डिलीवरी कंपनी की ओर से बताया गया कि उसने कर्मचारियों को 18.2 करोड़ शेयर ईएसओपी के रूप में जारी करने को लेकर शेयरधारकों से अनुमति मांगी है। मौजूदा मार्केट वैल्यू के मुताबिक, इनकी कीमत करीब 3,500 करोड़ रुपये होती है।

मामूली तेजी के साथ खुला बाजार सेंसेक्स 100 अंक उछला

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में हरे निशान में रहे। सुबह 9ः20 बजे तक सेंसेक्स 100 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,205 अंक पर और निफ्टी 41 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,259 अंक पर था।

शुरुआती कारोबार में बड़ी कंपनियों की अपेक्षा छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में अधिक तेजी दर्ज की गई है। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 156 अंक या 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,515 अंक पर और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 378 अंक या 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,638 अंक पर था। ऑटो, आईटी, सार्वजनिक बैंक, फार्मा और धातु सेक्टरों के शेयरों में खरीदारी बनी हुई है। वहीं, बाजार में निजी फाइनेंस कंपनियों के शेयरों पर दबाव देखा गया। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में हैं। एनटीपीसी, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, आईटीसी और पावर ग्रिड के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्लू स्टील, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा गिरे।

ब्रोकरेज फर्म प्रभुदास लीलाधर में टेक्निकल रिसर्च की उपाध्यक्ष वैशाली पारेख का कहना है कि निफ्टी में 21,800 से एक अच्छा उछाल आया है और यह 22,220 के 50ईएमए के पास बना हुआ है। आने वाले समय में ये 22,550 तक जा सकता है।

ज्यादातर एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, सोल और जकार्ता के बाजार हरे निशान में हैं। बैंकॉक, हांगकांग और शंघाई के बाजारों में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। अमेरिका के बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। कच्चा तेल करीब एक प्रतिशत ऊपर है। ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल और डब्लूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

फेसबुक और इंस्टाग्राम हुए ठप यूज़र्स परेशान

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम अचानक ठप हो गए हैं। दुनियाभर में कई ऐसे यूज़र्स हैं जो अपने अकाउंट का एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। लोगों को फेसबुक पर न तो किसी की पोस्ट दिखाई दे रही है और न ही वह किसी फंक्शन का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। फेसबुक में परेशानी बुधवार सुबह 7 बजे के करीब रिकॉर्ड की गई है। यूजर्स के अकाउंट्स अपने आप ही लॉगआउट हो रहे हैं। कई यूजर्स ने एरर मैसेज दिखने की बात भी कही है।

मेटा सर्विस डाउन होने के बाद इसका मेन सेंटर न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया बताया जा रहा है। देशभर में कई यूज़र्स को परेशानी का सामना करना पड़ा है, और ऐसा माना जा रहा है कि ये दिक्कत सर्वर से जुड़ी हो सकती है। इसके साथ ही ङ्क (पहले ट्विटर) पर भी लोगों ने शिकायत की है कि उनका फेसबुक और इंस्टाग्राम नहीं चल रहा है।

साथ ही एक्स पर #facebookdown भी ट्रेंड कर रहा है। हालांकि अभी तक फेसबुक की तरफ से इसे लेकर कुछ नहीं कहा गया है। डाउनडिटेक्टर ने पिछले कुछ घंटों में इंस्टाग्राम और दूसरे मेटा सर्विसेज में दिक्कत का सामना करने की कई रिपोर्ट दर्ज की हैं। इसके अलावा कुछ यूज़र्स ने ङ्क पर संभावित आउटेज के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। कई इंस्टाग्राम यूज़र्स ने बताया है कि उनके सामने मैसेज वाला डिस्प्ले पेज नहीं आ रहा है।

एचडीएफसी बैंक ने 'पिक्सेल' पेश किया : डिजिटल क्रेडिट कार्ड्स की एक नई पीढ़ी

मुंबई। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज 'पिक्सेल' के लॉन्च की घोषणा की है. यह डिजिटल मूल निवासियों के लिए डिज़ाइन की गई अपनी तरह की पहली 'एंड-टू-एंड' मोबाइल ऐप है, जो डीआईवाई आधारित अनुकूलन योग्य डिजिटल कार्ड रेंज है। पिक्सेल को डिजिटल प्रवाह, अद्वितीय प्राथमिकताओं और विशिष्ट वित्तीय व्यवहारों वाली पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है। पिक्सेल डिजिटल क्रेडिट कार्ड श्रृंखला की अपनी तरह की पहली श्रृंखला है जो निर्बाध ऐप-आधारित जारी करने हेतु पूर्ण डिजिटल जीवनचक्र प्रबंधन, उपयोगकर्ता जुड़ाव और डिजिटल सर्विसिंग प्रदान करती है। इसके अलावा, पिक्सेल के माध्यम से, बैंक ग्राहकों को अपनी पसंदीदा श्रेणियां और पसंदीदा व्यापारी/प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि जोमाटो , मयंत्रा , बुक मई शो , मेक माई ट्रिप अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट आदि का चयन करने में सक्षम बनाकर उन्हें अनुकूलन और पसंद की शक्ति देता है।

अदाणी समूह के नेतृत्व में अप्रैल में अधिग्रहण सौदों में आई तेजी : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारतीय कंपनियों ने अप्रैल में कई अधिग्रहण सौदे किए जिनमें अदाणी समूह के तीन बड़े सौदे शामिल हैं। जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन सौदों का कुल मूल्य दो अरब डॉलर था जो देश के कुल सौदों का 38 प्रतिशत है।

ग्रांट थॉर्न्टन की रिपोर्ट 'भारत डीलट्रैकर' के अनुसार, घरेलू कंपनियों ने पिछले महीने 191 सौदे किये जिनकी कुल कीमत 9.4 अरब डॉलर थी। यह मार्च के मुकाबले संख्या के आधार पर 21 प्रतिशत और मूल्य के आधार पर 37 प्रतिशत अधिक है। इनमें 10 करोड़ डॉलर से अधिक के 12 उच्च मूल्य वाले सौदे शामिल हैं जिनका कुल मूल्य 3.8 अरब डॉलर है। ग्रांट थॉर्न्टन की पार्टनर (प्रगति) शांति विजेता ने कहा, सौदों को लेकर परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। टेक्नोलॉजी, उपभोक्ता और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टरों के फलते-फूलते इकोसिस्टम से बढ़ावा और आगे की सोच रखने वाली सरकारी नीतियों से समर्थन के दम पर यह व्यापक प्रगति का वाहक बनेगा।

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने 3.080 करोड़ रुपये में गोपालपुर पोर्ट लिमिटेड (जीपीएल) में एसपी समूह की 56 प्रतिशत और उड़ीसा स्टीवेडर्स लिमिटेड की 39 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की। रिपोर्ट में कहा गया है, अदाणी पोर्ट्स द्वारा गोपालपुर पोर्ट्स लिमिटेड के अधिग्रहण से परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स सेक्टरों को काफी बढ़ावा मिला है। इससे इसकी लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ी है जो देश की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मांग का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण है। अदाणी समूह की निर्माण सामग्री बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट ने माई होम समूह के तमिलनाडु के तूतीकोरीन स्थित 15 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वीली सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई का 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया।

रिपोर्ट में कहा गया है, अदाणी समूह के दो अरब डॉलर के रणनीतिक अधिग्रहण प्रमुख उद्योगों में आ रही मजबूती की ओर इशारा करते हैं। समें कहा गया है कि सीमेंट उद्योग में अदाणी समूह के अधिग्रहणों के नेतृत्व में विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन क्षमता और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए समेकन के बड़े प्रयास देखे गये। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा पिछले महीने चार आईपीओ के 2.8 अरब डॉलर जुटाने और 11 आईपीओ के 1.4 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त करने से पूंजी बाजार में जीवंतता रही।

टी20 वर्ल्ड कप : टीम इंडिया की जर्सी लॉन्च

अहमदाबाद। टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया ने अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और कप्तान रोहित शर्मा ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नई जर्सी का अनावरण किया।भारत के आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास ने पहले 1 जून से यूएसए और कैरेबियन में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम की जर्सी का खुलासा किया।इस कार्यक्रम का एक वीडियो बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है।

इस वीडियो को पोस्ट करते हुए बीसीसीआई ने लिखा, अब हमारी टीम का नए रंगों में स्वागत करने का समय आ गया है। रोहित शर्मा, जय शाह और आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास टीम इंडिया की टी20 जर्सी पेश करते हुए।

इस वीडियो में टीम इंडिया की प्रैक्टिस जर्सी भी नजर आ रही है, जो ब्लू कलर की है। इसके साथ ही इस विश्व कप के लिए टीम इंडिया की ट्रैवल किट भी सामने आई है, जो व्हाइट कलर की है, जिसमें रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। 30 अप्रैल को, बीसीसीआई ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान

भारतीय फैंस के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का खास प्लान

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की है कि बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए सभी पांच वेन्यू पर भारतीय प्रशंसकों के लिए समर्पित बैठने की जगह होगी, जिसमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) शामिल हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में बताया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की बहुसांस्कृतिक कार्य योजना के अनुरूप, प्रशंसक क्षेत्र भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक समावेशी माहौल को बढ़ावा देंगे और एक रोमांचक माहौल तैयार करेंगे। इसमें कहा गया है कि इंडिया फैन जोन के बारे में अधिक जानकारी जल्द साझा की जाएगी।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पुरुषों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी, जिसके बाद 6 दिसंबर को एडिलेड में एक रोमांचक डे-नाइट टेस्ट होगा। इसके बाद दोनों टीमें 14 दिसंबर को गाबा में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी, उसके बाद एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाएगा। फिर 3 जनवरी को एससीजी में पिंक टेस्ट के साथ समापन होगा।

मनिका बत्रा ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग

नई दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने नई आईटीटीएफ रैंकिंग में विश्व नंबर 24 की नई करियर उच्च रैंकिंग हासिल की।मनिका ने 15 पायदान की छलांग लगाई और 39वें से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने श्रीजा अकुला से अपना भारत का नंबर एक स्थान पुनः प्राप्त किया।इस प्रक्रिया में 25 वर्षीय पैडलर शीर्ष 25 एकल रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने 2019 में जी सत्यन (वर्तमान में विश्व नंबर 65) द्वारा हासिल की गई विश्व नंबर 24 रैंकिंग की भी बराबरी की, जो एकल में किसी भारतीय द्वारा प्राप्त सर्वोच्च रैंक है।

मनिका की रैंकिंग में उछाल पिछले हफ्ते सऊदी स्मैश इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद आया, जहां उन्होंने राउंड 32 में शीर्ष चीनी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वर्ल्ड नंबर 2, वांग मन्यु पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड नंबर 14 जर्मनी की नीना मित्तेलहम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां मनिका अंततः जापान की वर्ल्ड नंबर 5 हिना हयाता से हार गई।पुरुष एकल रैंकिंग में अनुभवी अचंत शरत कमल तीन स्थान गिरकर 40वें स्थान पर आ गए और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हुए हैं। मानव ठक्कर और हरमीत देसाई क्रमशः 62वें और 63वें स्थान पर हैं।महिला युगल में सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि पुरुष युगल चार्ट में ठक्कर और मानुष शाह तीन स्थान गिरकर 15वें स्थान पर आ गए। मिश्रित युगल में मनिका और सत्यन एक स्थान गिरकर 24वें स्थान पर हैं।

चाहेंगे तुम्हें इतना की स्वाति ने अपनी मां से मिली सीख को किया साझा

स्वाति ने कहा, काम के प्रति मेरा जुनून मेरी मां से आता है, जिन्होंने मुझे वह करना सिखाया जो मुझे सचमुच पसंद है। अपने जुनून के प्रति उनका समर्पण मुझे अपने काम के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है।एक्ट्रेस ने उदाहरण देते हुए याद किया कि एक बार उनकी मां ने दूसरों की आलोचना के बावजूद साड़ी के बजाय सलवार कमीज पहनने का फैसला किया था।जिस चीज में वह सहज महसूस करती थी उसे अपनाने की उनकी हिम्मत ने मुझे अपने प्रति सच्चा रहना और नकारात्मकता को नजरअंदाज करना सिखाया। चाहे कुछ भी हो, मैं हमेशा वही करती हूं जो मुझे लगता है कि मेरे लिए सही है, उनके मूल्यवान सीख के लिए धन्यवाद।स्वाति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि त्याग शब्द का इस्तेमाल मां के कामों को बताने के लिए करना ठीक होगा, क्योंकि मेरे पिता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया था कि उन्हें अपनी इच्छाओं को कभी नहीं छोड़ना पड़े। इसके बजाय, समर्पण बिल्कुल सटीक शब्द है, उन्होंने वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना वह परिवार को अपना सब कुछ देती है।एक मां का बलिदान, खास तौर से अपने बच्चों के लिए, उनकी जरूरतों को अपनी जरूरतों से ज्यादा प्राथमिकता देने की उसकी इच्छा में स्पष्ट होता है। यहां तक कि जब मैं काम के लिए दूर चली गयी, तब भी वह अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद मेरे लिए समय निकालती रही।चाहेंगे तुम्हें इतना शेमारू उमंग पर प्रसारित होता है।

बॉर्डर 2 बनेगी सबसे बड़ी वॉर ड्रामा फिल्म

जब से फिल्म बॉर्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 बनने का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। वे फिल्म के हर छोटे-बड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए हैं।खबरें थीं कि इस फिल्म के लिए सनी देओल और आयुष्मान खुराना साथ आ रहे हैं और नई जानकारी के मुताबिक, फिल्म में दोनों की एंट्री पक्की हो गई है। इसी के साथ रिलीज से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है।आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी बॉर्डर 2। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूषण कुमार और जेपी दत्ता ने बॉर्डर 2 को गणतंत्र दिवस, 2026 में रिलीज करने की योजना बनाई है। वे 23 जनवरी, 2026 को इसे दर्शकों के बीच लाने की तैयारी में हैं। 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस की छुट्टी होगी। लिहाजा फिल्म देखने ज्यादा से ज्यादा दर्शक पहुंचेंगे।निर्माताओं को लगता है कि भारतीय सैनिकों की बहादुरी का जश्न मनाने वाली इस फिल्म की रिलीज के लिए इससे बेहतर समय कोई नहीं हो सकता। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयुष्मान ने फिल्म साइन कर ली है। सनी जहां इसमें दोबारा मेजर कुलदीप सिंह चौधरी की दमदार भूमिका अदा करेंगे, वहीं आयुष्मान भी एक शानदार भूमिका के साथ दर्शकों के बीच दस्तक देने वाले हैं। उनकी भूमिका सनी से कमतर नहीं होगी।अनुराग सिंह इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं।निर्माता-निर्देशक बॉर्डर 2 के रूप में भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी वॉर ड्रामा फिल्म बनाने वाले हैं। बॉर्डर 1997 में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। खास बात यह है कि बॉर्डर को 2026 में 29 साल पूरे हो रहे हैं। यह फिल्म 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित थी।

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् का दसवीं और बारहवीं का परिणाम जारी

- संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव श्रीमती अलका दानी ने घोषित किए रिजल्ट
- कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) में 98.48 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण
- कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) 98.43 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव श्रीमती अलका दानी द्वारा आज छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर आयोजित वर्ष 2024 का मुख्य परीक्षा परिणाम विद्यामण्डलम् कार्यालय में घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम 96.35 प्रतिशत रहा, जिसमें कुल 3 हजार 504 परीक्षार्थी (कक्षा 9वीं से 12वीं तक) शामिल हैं, जिसमें बालक 2 हजार 90 एवं बालिकाएं 1 हजार 414 हैं। वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिसमें (9वीं से 12वीं) में 3 हजार 196 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें बालक 1 हजार 891 और बालिकाएं 1 हजार 305 उत्तीर्ण हुए।

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव श्रीमती अलका दानी ने कहा कि मण्डल की मुख्य परीक्षा 2024 की परीणाम घोषित करने में मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी अमूल्य सहयोग रहा है। इसके लिए मण्डल के सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र है। समस्त सफल परीक्षार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं देती हूं तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करती हूं। जो परीक्षार्थी असफल हो गए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान में रखते हुए पुनः कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सम्मिलित होने पर सफलता अवश्य मिलेगी।

इस अवसर पर श्री दूधाधारी वैष्णव संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव, आर्षज्योति गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश अहीर, रामबन्द्र संस्कृत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेश तिवारी के साथ अन्य विद्यालयों के प्राचार्यगण और छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

470 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान पर

कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (10वीं) में दर्ज संख्या 801 (बालक 503, बालिकाएं 298) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 777 (बालक 486, बालिकाएं 291) परीक्षा में उर्तीण रहे। 470 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 284 बालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 23 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 7 परीक्षार्थी पूरक आएं एवं 5 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे। प्रावीण्य सूची में गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जर्वे जांजगीर-चांपा की छात्रा चंद्रभागा कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (12वीं) में दर्ज संख्या 589 (बालक 333, बालिकाएं 256) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 565 (बालक 317, बालिकाएं 248) परीक्षा में उर्तीण रहे। 462 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 96 वालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 7 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 9 परीक्षार्थी पूरक आएं। प्रावीण्य सूची में श्री रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट जिला बलरामपुर की छात्रा यामिनी भगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

न्यूज गैलरी

सीजी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज शहर में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह कल दिनांक 16 मई को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे एक संक्षिप्त कार्यक्रम भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह कल सुबह 11 बजे अपने रायपुर स्थित मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे के जीई रोड स्थित स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष निवास पर आयेंगे तथा यहां से एक घंटे पश्चात् कंचनबाग में नवनिर्मित जलाराम मंदिर के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे, फिर वे दोपहर 1 बजे कंचन बाग से वापस जीई रोड स्थित अपने निवास स्थान पर आयेगें, फिर वे शाम 5 बजे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से जुड़े सभी थानों के सीसीटीव्ही कैमरे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला राजनांदगांव के सभी थानों में नाईटविजन रिकार्डिंग वीडियो, ऑडिया सीसीटीव्ही कैमरा लगा है, जो सीधे पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के चेंबर से जुड़े हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त जिला राजनांदगांव के 12 थानों में कुल 72 सीसीटीव्ही कैमरा लगे है। प्रत्येक थाना में 1 यूपीएस एवं 1 टीव्ही के साथ 6 नग नाईटविजन रिकार्डिंग वीडियो, ऑडिया सीसीटीव्ही कैमरा लगा हुआ है, जो सुचारू रूप से संचालित है, जिसका वीडियो-ऑडियो रिकार्डिंग लगभग डेढ़ साल तक संग्रहित करने की क्षमता है। थानों में जो भी गतिविधियां हो वह सुरक्षित रहेगी, जिसकी आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सकेगा और पारदर्शिता में भी वृद्धि होगी।

करंट लगने से युवक की मौत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज दोपहर 1 बजे करीबन जागेश्वर साहू पिता चिंताराम साहू, उम्र 36 वर्ष, पता वार्ड नंबर-6, चिखली प्रेस के पीछे जो सिंघानिया फार्म चिखली में कंसट्रक्शन साइट में काम करते हुए करंट के चपेट में आने से संजीवनी अस्पताल लाए, जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताया गया। मृतक को बचाते हुए महिला कौशल्या वर्मा पति दुर्गा वर्मा, पता शांति नगर, चिखली के बाए हाथ पर झटका लगने पर अस्पताल में भर्ती है। मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही जारी है।

राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को मिल रहा लाभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए। जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी दिक्कत नहीं आयें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थिता रहना सुनिश्चित करेंगें।

उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 30 राजस्व शिविरों में 887 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 580 आवेदन निराकृत किया गया है। राजस्व शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को लाभ मिल रहा है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 10, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 7, छुरिया तहसील अंतर्गत 4, कुमरदा तहसील अंतर्गत 9 राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविरों के माध्यम से अविवादित नामांतरण के 88, अविवादित बंटवारा के 2, सीमांकन के 1, आय प्रमाण पत्र के 254, निवास प्रमाण पत्र के 101, जाति प्रमाण पत्र के 63 एवं अन्य प्रकरणों के 71 आवेदनों का निराकरण किया गया।

प्रदेश में आज से तापमान में 2-4 डिग्री की बढ़ोतरी

बस्तर संभाग में दो दिन बारिश के आसार; 7 जिलों में पारा 40 के पार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आज से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के मुताबिक सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। बस्तर संभाग के जिलों में आज भी गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

आज प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान डोंगरगढ़ में 43.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सोनहत में रहा। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव समेत 7 जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार रहा । बाकी अन्य जिलों में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया।

मंगलवार को 7 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, बालोद, बिलासपुर, मुंगेली और राजनांदगांव में तापमान 40 डिग्री का दायरा पार कर गया।

मनेंद्रगढ़ में हुई बारिश

मंगलवार को मनेंद्रगढ़ में तेज बारिश हुई। जिसके कारण दिन का तापमान कम रहा। वहीं, कोरिया जिले के सोनहत में 30 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

रायपुर में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार

मौसम साफ होने के कारण रायपुर में गर्मी बढ़ने लगी है। मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं रात का पारा 26.6 डिग्री रहा। हालांकि दिन और रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया।रायपुर में आज मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

रविवि एक जून से लेगा प्रवेश परीक्षा

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं फार्म

रायपुर/नवप्रदेश। बारहवीं के परिणाम जारी होने के बाद महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों ने प्रवेश संबंधित तैयारियां तेज कर दी है। प्रतिवर्ष महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ होती है। मौजूदा सत्र में भी इस तिथि से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने का अनुमान है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसी माह शैक्षणिक कलैंडर जारी कर दिए जाएंगे। इसके बाद महाविद्यालयों द्वारा आधिकारिक सूचना जारी कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके पूर्व रविवि द्वारा अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

सीबीएस के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 मई निर्धारित की गई है, जबकि अन्य विषयों में आवेदन के लिए अंतिम तिथि की घोषणा अभी नहीं की गई है। विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, रविवि के मूल विज्ञान केंद्र (सीबीएस) में संचालित हो रहे पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम के सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा एक जून को आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा के फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर भरे जा सकते हैं। पाठ्यक्रम, प्रवेश-प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए छात्र सेंटर फार बेसिक साइंसेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

अन्य विषयों के लिए भी परीक्षाएं जून में

रविवि यूटीडी में संचालित सीबीएस के साथ ही अन्य विषयों के लिए भी आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। रविवि ने सभी विषयों के लिए पोर्टल खोल दिए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। केवल सीबीएस के लिए ही रविवि ने अंतिम तिथि निर्धारित की है। सूत्रों के अनुसार, अध्ययनशाला में संचालित अन्य पाठ्यक्रमों के लिए मई अंत तक आवेदन होंगे। अन्य विषयों के लिए भी प्रवेश परीक्षाएं जून में आयोजित की जाएंगी।

10वीं, 12वीं के मेधावी छात्रों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। सीबीएससी बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परिणाम सोमवार को घोषित हो गये हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा आज मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय के जिला में सीबीएसई कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम से लेकर पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर शुभकामनाएं ज्ञापित किया हैं। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उनके भविष्य की पढ़ाई के बारे में पूछा और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने को कहा, उन्होंने विद्यार्थियों को एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को कहा। बता दें की जवाहर नवोदय विद्यालय की 12 वीं कक्षा में विद्यालय में युगलकिशोर देवांगन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, योगेश कुमार सिन्हा 91 प्रतिशत द्वितीय, चेतन पटेल 89.80 प्रतिशत तृतीय, राजेश कुमार चेलक 88.60 प्रतिशत चतुर्थ एवं सूरज साहू 88 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया हैं। इसी क्रम में कक्षा 10 वीं में युवराज वर्मा द्वय ओम आयुष साहू ने 92.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खैरागढ़ में 3 जून तक बाधित होगी बिजली आपूर्ति

शहर मे 17 और 18 मई को मरम्मत के चलते 8 से 1 बजे तक बंद रहेगी

खैरागढ़/नवप्रदेश। मानसून पूर्व रखरखाव और विभिन्न मरम्मत कार्यो को लेकर बिजली विभाग के मेंटनेंस की कार्यवाही विभाग ने बुधवार से शुरू कर दी । खैरागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले उपकेन्द्र और फीडरों में से शहर के सिविललाइन, कुम्ही, विक्रमपूर, मुढ़ीपार, शहर फीडर, उपकेन्द्र खैरागढ़, अमलीपारा, ईटार, कोहकाबोड़, गर्रापार, कालेज फीडर, बैहाटोला, देवरी, पाटा, गातापार जंगल, बरबसपूर, सिवनी, पाडादाह फीडर मे 15 मई से 3 जून तक मेंटनेंस कार्य के चलते बिजली प्रदाय व्यवस्था सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी ।

कई लाइनों में होगी मरम्मत

बिजली पोल, ट्रांसफार्मरों, लाइन, तार सहित अन्य मरम्मत कार्यो, रखरखाव के लिए आज से शुरू होने वाले कार्यो के चलते आज अमलीडीह खुर्द एवं पाडादाह मार्ग मे विद्यूत प्रवाह बंद रहेगा । 16 मई को विक्रमपूर फीडर के तहत निकलने वाले सभी ग्रामों मे बिजली बंद रहेगी । 17 मई को खैरागढ़ शहर के टाउनफीडर मे होने वाली मरम्मत के चलते शहर के विद्यानगर, दाउचौरा, अस्पताल चौक, टिकरापारा , मुस्कामार्ग, ठाकुरपारा और राजफेमली वार्ड मे बिजली आपूर्ति ठप्प रहेगी । 18 मई को सिविललाइन फीडर से निकलने वाले सभी क्षेत्र तथा मुड़पार फीडर से होने वाली आपूर्ति क्षेत्र प्रभावित रहेगें । 20 मई को होने वाले मरम्मत कार्य में शहर के सोनेसरार वार्ड, माईलस्टोन स्कूल, अमलीपारा, धनेली वार्ड मे आपूर्ति प्रभावित होगी । कोहकाबोड़ फीडर से आपूर्ति वाले क्षेत्र भी प्रभावित रहेगें । 21 मई को होने वाले मरम्मत कार्य मे सोनेसरार बस्ती, किलापारा, ईतवारीबाजार इलाका, गर्रापार नए फीडर से बिजली पाने वाले गांव मे सुबह 8 बजे से बंद रहेगी । 22 मई को शहर के कालेज फीडर वाले क्षेत्र, बैहाटोला फीडर से बिजली पाने वाले क्षेत्र गर्रापार पूराने फीडर वाले क्षेत्र प्रभावित रहेगें । 23 मई को होने वाली मरम्मत कार्य में मुढ़ीपार फीडर से बिजली पाने वाले मुढ़ीपार बस्ती मे आपूर्ति बाधित होगी । 24 मई को देवरी फीडर, मुढ़ीपार नया फीडर, 25 मई को बैहाटोला फीडर, 27 मई को पाटा फीडर, गातापार जंगल फीडर,28 मई को ईटार फीडर, 29 मई को ब रबसपूर फीडर, 30 मई को सिवनी फीडर, 31 मई को मुढ़ीपार जंगल फीडर, और 3 जून को पाडादाह नया फीडर से विद्यूत प्राप्त करने वाले सभी गांवों मे 8 से 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी ।

पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. भाटापारा शहर में एक व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है. वहीं एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, भाटापारा शहर थाना क्षेत्र में बीती रात माता देवालय वार्ड के शांतिनगर में एक 50 वर्षीय व्यक्ति अखिलेश यादव की रक्त रंजित लाश मिली. सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि मृतक मिल में मजदूरी का काम करता था। मामले में थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने बताया कि घटना रात लगभग दो बजे के आसपास की है. पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अखिलेश यादव की लाश पड़ी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंच कर जांच में जुट गई।

टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में केआईआईटी डीयू चमका

भुवनेश्वर/नवप्रदेश। वार्षिक टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग की आज , दिनांकः 14 मई को घोषणा की गई । अपनी अकादमिक रैंकिंग में एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, कीट डीम्ड यूनिवर्सिटी 2024 के लिए टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत में 11वें स्थान पर पहुंच गई है। यह कदम केआईआईटी के निरंतर सुधार और उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता? है। गौरतलब है कि सिर्फ 26 साल पुराना यंग यूनिवर्सिटी केआईआईटी ने कई आईआईटी सहित कई पुराने संस्थानों को प्रकाशित रैंकिंग में पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि अन्य संस्थानों की तुलना में संस्थान के युवाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है जो लगभग आधी शताब्दी से शैक्षिक स्तंभ रहे हैं। पिछले साल की रैंकिंग में कीट को वैश्विक स्तर पर 151-200 रैंकिंग के समूह में रखा गया था। इस वर्ष की रैंकिंग में कीट की वैश्विक रैंक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और यह रैंकिंग 168 हो गई है। इस साल की रैंकिंग में दुनिया भर के 673 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया जिनमें से 55 भारत से थे, जिससे केआईआईटी को युवा विश्वविद्यालयों के शीर्ष पायदान पर आंका गया है। टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग विशेष रूप से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों को सूचीबद्ध करती है जो 50 वर्ष या उससे कम उम्र के हैं, उनका मूल्यांकन उनके मुख्य मिशनों में किया जाता हैः शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण।

रैंकिंग में कीट की वृद्धि इसके मजबूत शैक्षणिक ढांचे और नवीन शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय को शिक्षा के प्रति अपने गतिशील दृष्टिकोण के लिए लगातार पहचाना जाता है जो न केवल शैक्षणिक कठोरता बल्कि अपने छात्रों के समग्र विकास पर भी जोर देता है।

कीट और कीस के सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने संस्थापक प्रो. अच्युत सामंत के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पण कीट के तेजी से बढ़ने और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर पर्याप्त प्रभाव डालने में महत्त्वपूर्ण रहा है।

प्रो. सामंत ने कीट की असाधारण उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते कहा कि यह रैंकिंग अकादमिक उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज का प्रतिबिंब है। केआईआईटी में हम विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने और अपने छात्रों को वैश्विक नेता बनने के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्रों को बधाई भी दी।

रूद्र मनोरोग क्लिनिक
मनोचिकित्सक
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
उपलब्ध उपचार
- अवसाद एवं उन्माद
- घबराहट
- बेचैनी
- सरदर्द
- तनाव
- चिड़चिड़ाहट
- नींद न आना
- डर लगना
- बेवजह शक करना
- बार बार हाथ धोना
- या बात दोहराना
- झटके, चक्कर या बेहोशी आना
- यादास्त में कमजोरी आना
- रास्ते इत्यादि भूल जाना
- बहुत ज्यादा बोलना
- मारपीट करना
- बेवजह पैसे खर्चना या वस्तु का नुकसान करना,
- नशे की लत जैसे दारू गांजा, गुटका इत्यादि,
- सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग,
- बच्चों में अतिचंचलता, गुस्सा, स्वमग्नता, बोलने में देरी।

गंगा डायग्नोस्टिक के पास शांति रेसिडेंसी न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
7880289133, 7880287133